दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज

शिवपुरी ■ सोमवार 30 जून 2025 ■ वर्ष -26 ■ अंक-29 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04


**सुविचार**

मनुष्य का सच्चा जीवन साथी विद्या ही है, जिसके कारण वह विद्वान कहलाता है। -स्वामी दयानन्द

**मुख्यमंत्री ने सूरत में इन्टरैक्टिव सेशन को किया संबोधित...**

**अहमदाबाद में बनेगा मप्र औद्योगिक विकास निगम का ऑफिस**

# मध्यप्रदेश में निवेश करने की पहल सूरत में लाई रंग

**एमएसएमई और कुटीर उद्योगों में आगे बढ़ रहा है मप्र, सूरत इंटरेक्टिव सेशन में 15,710 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले**

### उद्योग-व्यापार संचालन का पालन करने राज्य सरकार प्रतिबद्ध

### 11 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने तथा प्रदेश में निवेश प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम का एक कार्यालय अहमदाबाद में शुरू किया जाएगा। मध्यप्रदेश में निवेश आकर्षित करने की पहल सूरत में रंग लाई जहां निवेशकों से 15,710 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए हैं। इन प्रस्तावों के फलीभूत होने पर 11,250 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। औद्योगिक तथा व्यापार गतिविधियों को विस्तार देने के लिए प्रक्रियाओं में सरलता, सुगमता, निष्पक्षता, पारदर्शिता और समय सीमा का पालन महत्वपूर्ण है।

राज्य सरकार इन सभी बिंदुओं के साथ प्रदेश में पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाते हुए प्रदेश भारी उद्योग, एमएसएमई सहित लघु और कुटीर उद्योगों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सूरत ऐतिहासिक रूप से देश-दुनिया में उद्योग और व्यापार का प्रमुख केंद्र रहा है। प्रदेश में निवेश और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से औद्योगिक समूहों से जुड़ाव बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा यह इन्टरैक्टिव सेशन आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर होटल मेरियट सूरत में आयोजित इन्टरैक्टिव सेशन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के भौगोलिक विस्तार, औद्योगिक क्षमताओं, अधोसंरचना और नीतिगत नवाचारों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की 39 प्रतिशत कृषि विकास दर, विभिन्न उद्योगों के लिए आवश्यक स्किलस से युक्त मानव संसाधन और पर्याप्त खनिज उपलब्धता राज्य को सभी सेक्टर्स के लिए उपयुक्त बनाते हैं। प्रदेश में वस्त्र उद्योग, फार्मास्युटिकल, स्वास्थ्य,पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों में विस्तार की पर्याप्त संभावना है।



### गुजरात भारत ही नहीं दुनिया में सिरमौर

उन्होंने कहा कि गुजरात भारत ही नहीं दुनिया में सिरमौर है। उन्होंने महात्मा गांधी और सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत कुछ ही वर्षों में विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में शामिल हुआ है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आज सुरक्षित और समृद्ध है। अयोध्या में बना भव्य श्रीराम मंदिर, महाकाल महालोक और वाराणसी का बदला स्वरूप प्रधानमंत्री की आभा का विस्तार कर रहा है। गुजरात ने ही देश को सरदार वल्लभ भाई पटेल और अमित शाह जैसे विलक्षण गृह मंत्री दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सूरत सहित गुजरात के उद्योग समूहों की गतिविधियों का विस्तार मध्यप्रदेश में भी हो इसी उद्देश्य से यह इन्टरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया है।

### लॉजिस्टिक्स पॉलिसी ने नई गति दी

राज्य की एमएसएमई नीति और लॉजिस्टिक्स पॉलिसी ने उद्यमिता को नई गति दी है। नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एक्सप्रेस-वे कनेक्टिविटी, 1000 मिलियन क्यूबिक मीटर जल आपूर्ति क्षमता, निर्बाध पॉवर की सप्लाई और 10 से 40 प्रतिशत तक की सब्सिडी राज्य को निवेशकों के लिए आकर्षक बनाती है। गुजरात के सूरत जैसे औद्योगिक शहरों के निवेशकों ने मध्यप्रदेश को अपनी दूसरी कर्मभूमि के रूप में अपनाया है।

### गुजरात के कई उद्योगपति मप्र को मानते हैं दूसरा घर

वेलस्पन वर्ल्ड के ग्रुप प्रेसिडेंट चिंतन ठाकर ने मध्यप्रदेश को उद्योग के लिए विश्वसनीय स्थान बताया और लॉजिस्टिक व एमएसएमई नीति की सराहना की। टोरेंट पावर के डायरेक्टर जिगेश भाई मेहता ने राज्य में उत्कृष्ट अधोसंरचना और प्रशासनिक सक्रियता की सराहना की। एसआरके ग्रुप के अध्यक्ष गोविन्दभाई धोलकिया ने कहा कि गुजरात के कई उद्योगपति मध्यप्रदेश को अपना दूसरा घर मानते हैं और यहां निवेश को लेकर उन्हें पूरी सहूलियत, पारदर्शिता और भरोसा मिलता है। सभी वक्ताओं ने मुख्यमंत्री और प्रशासन की सकारात्मक सोच को प्रदेश की औद्योगिक प्रगति का मूल आधार बताया।

### उद्योगपतियों ने वन-टू-वन की चर्चा

मुख्यमंत्री से विभिन्न उद्योग घरानों के उद्योगपतियों ने भी वन-टू-वन चर्चा कर मध्यप्रदेश के विभिन्न हिस्सों में निवेश करने और उद्योग स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने निवेशकों का मध्यप्रदेश में उद्योग लगाने के लिए स्वागत किया और कहा कि सरकार उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन्टरैक्टिव सेशन का दीप प्रज्जवलित कर उदघाटन किया।

# आपातकाल में संविधान की हत्या की गई : पीएम मोदी

### धार्मिक यात्राएं एक भारत, श्रेष्ठ भारत का प्रतिबिंब




एजेंसी ■ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 123वें एपिसोड में योग दिवस पर बात की और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता का जिक्र किया। इसके साथ ही उन्होंने आपातकाल के 50 वर्ष होने पर भी अपने विचार साझा किए।

पीएम मोदी ने कहा कि आपातकाल लगाने वालों ने ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था। इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। आखिरकार, जनता-जनार्दन की जीत हुई- आपातकाल हट लिया गया और आपातकाल थोपने वाले हार गए। बाबू जगजीवन राम जी ने इस बारे में बहुत ही सशक्त तरीक़े से अपनी बात रखी थी। जॉर्ज फर्नांडिस साहब को जंजीरों में बांधा गया। अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गई। मीसा के तहत किसी को भी गिरफ्तार कर लिया जाता था। छात्रों को भी परेशान किया गया। अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंटा गया।

पीएम मोदी ने कहा कि आप सब इस समय योग की ऊर्जा और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्मृतियों से भरे होंगे। इस बार भी 21 जून को देश-दुनिया के करोड़ों लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लिया। आपको याद है, 10 साल पहले इसकी शुरुआत हुई। अब 10 साल में ये सिलसिला हर साल पहले से भी ज्यादा भव्य बनता जा रहा है। ये इस बात का भी संकेत है कि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं। न्यूयॉर्क, लंदन, टोक्यो, पेरिस, दुनिया के हर बड़े शहर से योग की तस्वीरें आई और हर तस्वीर में एक बात खास रही। पीएम मोदी ने कहा जब कोई तीर्थयात्रा पर निकलता है, तो एक ही भाव सबसे पहले मन में आता है, चलो, बुलावा आया है। यही भाव हमारे धार्मिक यात्राओं की आत्मा है। अभी कुछ दिन पहले हमने भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा भी देखी है। ओडिशा हो, गुजरात हो, या देश का कोई और कोना, लाखों श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होते हैं। उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम, ये धार्मिक यात्राएं 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के भाव का प्रतिबिंब है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं और जो लोग इन यात्राओं में सेवाभाव से जुटे हैं, उन्हें भी साधुवाद देता हूं।

### एरी सिल्क की बताई खासियत

मेघालय का एरी सिल्क को कुछ दिन पहले ही जीआई टैग मिला है। एरी सिल्क मेघालय की एक धरोहर है। यहां की जनजातियां खासकर खासी समाज के लोगों ने पीढ़ियों से इसे सहेजा है और समृद्ध भी किया है। इस सिल्क को रेशम के कीड़े बनाते हैं और उसे हासिल करने के लिए कीड़ों को मारा नहीं जाता, इसलिए इसे अहिंसा सिल्क भी कहते हैं। मेघालय का एरी सिल्क वैश्विक बाजार के लिए शानदार उत्पाद है।

### 'सिंदूर वन' वीरों को समर्पित

पीएम मोदी ने कहा कि सिंदूर वन यह वन ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को समर्पित है। सिंदूर के पौधे उन बहादुरों की याद में लगाए जा रहे हैं, जिन्होंने देश के लिए सबकुछ समर्पित कर दिया।

### भारी बारिश से यमुनोत्री हाईवे बंद, श्रद्धालु फंसे

**बड़कोट।** भारी बारिश के चलते यमुनोत्री हाईवे समेत कई जगह रास्ते बंद हैं। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने बताया कि भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए चार धाम यात्रा को अगले 24 घंटों के लिए स्थगित कर दिया गया है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को हरिद्वार, ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग और विकासनगर में तीर्थयात्रियों को रोकने के निर्देश दिए गए हैं। दुबाटा बैंड पर तैनात एसआई ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से श्रद्धालुओं को क्षेत्र की स्थिति से अवगत करवाते हुए गंगोत्री की ओर भेजा जा रहा है। वहीं, यमुनोत्री धाम की ओर जानकीचट्टी, फूलचट्टी, खरसाली, राना चट्टी, स्याना चट्टी क्षेत्र में करीब एक हजार से अधिक श्रद्धालु फंसे हुए हैं।

### रिलायंस ग्रुप ने अनंत अंबानी को बनाया कार्यकारी निदेशक

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने चेयरमैन मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी को कंपनी का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। इस नई जिम्मेदारी के तहत अब उन्हें सालाना 10 से 20 करोड़ रुपये तक का वेतन, कई तरह के भत्ते और कंपनी के मुनाफे में से कमीशन भी मिलेगा। रिलायंस ने शेयरधारकों को भेजी गई एक नोटिस में बताया है कि अनंत को घर, यात्रा, चिकित्सा, सुरक्षा, और परिवार सहित खर्चों की भरपाई सहित कई सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा उन्हें बिजनेस ट्रिप के दौरान पत्नी व सहायकों के साथ यात्रा और रहने का खर्च भी कंपनी उठाएगी।

**पुरी भगदड़ मामले में ओडिशा सरकार ने लिया एक्शन**

## दो अधिकारी निलंबित, डीएम एसपी का किया ट्रांसफर



एजेंसी ■ भुवनेश्वर

पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान हुई भगदड़ की घटना के बाद ओडिशा सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस हादसे को लेकर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए पुरी के जिला कलेक्टर और एसपी को तत्काल प्रभाव से ट्रांसफर कर दिया है।

सीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि, पुरी के जिला कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर स्वैन और एसपी विनीत अग्रवाल का तबादला कर दिया गया है। वहीं डीसीपी विष्णु पति और कमांडेंट अजय पाधी को ड्यूटी में लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। चंचल राणा को पुरी का नया जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है, जबकि पिनाक मिश्रा ने नए एसपी का कार्यभार दिया गया है। सीएम माझी ने विकास आयुक्त की देखरेख में मामले की प्रशासनिक जांच के भी आदेश दिए। ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने प्रत्येक मृतक श्रद्धालु के परिजनों को 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। सीएम ने विकास आयुक्त की देखरेख में जांच के आदेश दिए हैं।

### सुबह 4 बजे हुआ हादसा


बता दें कि ओडिशा के पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के निकट रविवार को मची भगदड़ में कम से कम तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और करीब 50 अन्य घायल हो गए। यह घटना तड़के करीब चार बजे हुई, जब सैकड़ों श्रद्धालु रथयात्रा उत्सव देखने के लिए मंदिर के पास एकत्रित हुए थे।

**रूस का अब तक का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हमला**

### 477 सुसाइड ड्रोन और मिसाइलें दागीं, एफ-16 भी गिराया

**नई दिल्ली।** रूस ने शनिवार रात यूक्रेन पर तबाही बरसाई। एक ही रात में 477 आत्मघाती ड्रोन और 60 मिसाइलों से हमला किया गया। इस हमले में यूक्रे का तीसरा एफ-16 लड़ाकू विमान भी मार गिराया। पायलट की भी मौत हो गई है। यूक्रेनी सेना ने इस हमले को हाल के सप्ताहों का सबसे बड़ा और सबसे भयानक हवाई हमला करार दिया है। हमलों के बाद जेलेंस्की ने अमेरिका समेत दुनियाभर के देशों से भावुक अपील भी की है।

यूक्रेनी वायुसेना ने बताया कि पायलट ने आखिरी पल तक दुश्मन से लोहा लिया और विमान को आबादी वाले इलाके से दूर ले जाकर बड़ा नुकसान टालने की कोशिश की, लेकिन खुद को नहीं बचा सका। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने हमले के बाद एक्स पर कहा युद्ध अब खत्म होना चाहिए। इसके लिए आक्रामक पर दबाव हमारे लिए सुरक्षा-दोनों जरूरी हैं। उन्होंने अमेरिका और उसके सहयोगियों से तुरंत पेट्रोयट मिसाइल सिस्टम भेजने की अपील की।



**सियासत** | जंतर-मंतर पर आप का प्रदर्शन, बीजेपी पर बरसे केजरीवाल, कहा-

## 'जहां झुग्गी-वहां मकान' का मतलब था 'जहां झुग्गी-वहां मैदान'

एजेंसी ■ नई दिल्ली

दिल्ली में झुग्गियों के तोड़े जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी आज जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस आयोजन में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, सौरभ भारद्वाज, आतिशी समेत तमाम बड़े नेता शामिल हुए हैं। इस दौरान केजरीवाल भाजपा पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि मोदीजी ने लोगों को 'जहां झुग्गी-वहां मकान' की गारंटी दी थी लेकिन उनका मतलब 'जहां झुग्गी-वहां मैदान' था और अब इन्होंने झुग्गियां तोड़कर मैदान बना दिया है। मोदी जी की गारंटी झूठी है। अब आप लोग ध्यान रखना कि कभी भी मोदी जी की झूठी गारंटियों पर भरोसा नहीं करना है।



केजरीवाल ने कहा कि इसी जंतर मंतर से आम आदमी पार्टी ने अपना आंदोलन शुरू किया था। आज फिर से झुग्गियों को बचाने के लिए आम आदमी पार्टी ने अपना आंदोलन शुरू किया है। दिल्ली की झुग्गियों में 40 लाख लोग रहते हैं। यदि भाजपा ने दिल्ली की झुग्गियों को तोड़ना बंद नहीं किया तो रेखा सरकार पांच साल नहीं चल पाएगी। भाजपा की सरकार ने पांच महीने में दिल्ली की व्यवस्था को बेकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि फरवरी में जब आप सरकार गई थी। उस समय दिल्ली में 24 घंटे बिजली आया करती थी लेकिन अब लंबे-लंबे पावर कट लग रहे हैं। दिल्ली के निजी स्कूलों ने मनमाना फीस बढ़ाना शुरू कर दिया है।

### भाजपा-कांग्रेस अमीरों की पार्टी

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के पांच साल के बाद दिल्ली 50 साल पीछे चली जाएगी। दिल्ली में कांग्रेस और भाजपा की सरकार एक जैसा ही काम करती है। दोनों दिल्ली में मिलकर चुनाव लड़ते हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी तब भी काफी झुग्गियों को तोड़ा जाता था। भाजपा और कांग्रेस अमीरों की पार्टी है और वह केवल अमीरों के लिए ही काम करती है। जबकि आम आदमी पार्टी गरीबों की पार्टी है।

### जल संरक्षण का जन आंदोलन बना जल गंगा संवर्धन अभियान

# क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंचतत्व से बना शरीरा



डॉ. मोहन यादव

रामचरित मानस की इस चौपाई के पंचतत्वों में से एकजल, जीवन का आधार है। हमें जीवन के अस्तित्व के लियेजल को संरक्षित करना ही होगा। इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाना जरूरी है। ऋग्वेद की ऋचाओं में जल के महत्व, विशेषताओं और संरक्षण का संकेत है। रामायण और महाभारत में प्रकृति के संरक्षण का उल्लेख है। जल संरक्षण हमारी पुरातन संस्कृति है। यह अपनी परंपरा और संस्कारों की ऐतिहासिक विरासत है जिसे हमें अगली पीढ़ी तक पहुंचाना है।

पीएम नरेन्द्र मोदी की विरासत से विकास की दृष्टि समग्र कल्याण के लिए है जो प्रकृति संवर्धन से लेकर विकास के हर पक्ष में समाहित है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने लंबे समय तक जल संरक्षण का अभियान चलाया था उन्हीं से प्रेरणा लेकर मध्यप्रदेश में हमने जल गंगा संवर्धन अभियान की संकल्पना की। इस अभियान का शुभारंभ 30 मार्च गुड़ी पड़वा, नववर्ष विक्रम संवत अवसर पर महाकाल की नगरी उज्जयिनी के शिप्रा तट से किया गया। यह अभियान जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और जन-जागरुकता को समर्पित रहा है। जल संग्रह के कई कीर्तिमान रचने के साथ आज हम जल संरक्षण की समृद्धि का उत्सव मना रहे हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि इस 90 दिन तक चले अभियान में पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर जलसंरचनाओं पर काम हुआ है। इस अभियान में खंडवा जिले ने 1.29 लाख संरचनाओं का निर्माण किया है इस विशेष उपलब्धि के लिए खंडवा को भू-गर्भ जल भंडारण की दृष्टि से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री ने जल सुरक्षा और प्रभावी जल प्रबंधन के लिए कैच द रेन अभियान शुरूकिया। इसी से प्रेरणा से लेकर मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षा के एक-एक बूंद को सहेजने का प्रयास किया गया। प्रदेश में पहली बार वर्षा जल को सहेजने का बड़े स्तर पर अभियान चला इससे भविष्य में भू-जल की निर्भरता कम होगी और पानी की हर बूंद का उपयोग होगा।

हमने प्रधानमंत्री के मिशन लाइफ मंत्र को आत्मसात किया और अपनी जीवन शैली में बदलाव करके पर्यावरण रक्षा का सूत्र हाथ में लिया है। इससे जन-जन में पर्यावरण मित्र के रूप में जीवन जीने की परंपरा निर्मित हुई है। प्रदेशवासी मिशन लाइफ के अनुसार प्रकृति के साथ प्रगति पथ पर आगे बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में पहली बार रि-यूज वाटर पोर्टल निर्मित किया जा रहा है। यह पहल प्रदेश में जल संरक्षण और पुनः उपयोग की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस तरह प्रदेश जल प्रबंधन के लिए तीन सिद्धांत री-यूज, रीड्यूज और री-साइकल पर आधारित रणनीति बनाकर काम कर रहा है।

यह हमारा सौभाग्य है कि मध्यप्रदेश की धरती प्रकृति की विपुल सम्पदा से समृद्ध है। यह मां नर्मदा, शिप्रा मईया, ताप्ती और बेतवा सहित लगभग 267 नदियों का मायका है। प्रदेश में पहली बार नदियों को निर्मल और अविरल बनाने के लिए 145 से अधिक नदियों के उद्गम को चिन्हित किया गया और साफ-सफाई के साथ पौधरोपण की शुरुआत हुई है। नदियों के तट पर पौधरोपण की यह पहलनदियों को उनके मायके में हरि




चुनरी ओढ़ाने का प्रयास है। प्रदेश में पहली बार जल संरक्षण के साथजल समृद्धि की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण की पहल की गई। इसके तहत राजाभोज ने बसाये भोपाल की ऐतिहासिक धरोहर बड़े बाग की बावड़ी को सहेजने और पुनर्जीवित करने का कार्य किया गया। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि इस अभियान के अंतर्गत हमने 200 वर्ष पहले लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर द्वारा बनाई गई होलकर कालीन बावड़ी को जीर्णोद्धार उपरांत नया स्वरूप प्रदान किया है। इस बावड़ी का लोकर्पण करते हुएमुझे यह महसूस हुआ कि हम माता अहिल्या के लोक कल्याण के युग में पहुंच गये हैं। बावड़ियां हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर हैं, इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए प्रदेश भर में दो हजार से अधिक बावड़ियों को पुनर्जीवित करते हुए बावड़ी उत्सव मनाया गया। प्रधानमंत्री ने हमारी युवा शक्ति को जल सैनिक बनाने का आह्वान किया था। इस अभियान में, मध्यप्रदेश में पहली बार 2.30 लाख जल दूत बनाए गए। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पानी बचाने के लिए यह अमृत मित्र भविष्य में जल सुरक्षा के अग्रदूत बनेंगे। प्रदेश में पहली बार डेढ़ लाख से अधिक कृषकों ने सभी विकासखंडों में 812 पानी चौपाल का आयोजन किया। इसमें किसानों ने अपने गांव के खेतों, जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार पर विचार विमर्श किया। प्रदेश में पहली बारखेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में रोकने केलिए खेत तालाबों का चयन सिपरी सॉफ्टवेयर से किया गया। अभियान में 83 हजार से अधिक बनने वाले खेत-तालाबों से प्रदेश के अन्नदाता में नई उम्मीद जागी है। अब वे अपने खेत में एक नहीं कई फसलें ले सकते हैं। खेत तालाब के अलावा अमृत सरोवर और डगवेल रिचार्ज बनाने में भी सिपरी सॉफ्टवेयर, एआई और प्लानर सॉफ्टवेयर जैसी तकनीक का उपयोग किया गया है। इस तकनीक से निर्धारित लक्ष्य को समय रहते प्राप्त करने में आसानी हुई है और गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इसके लिए नियमित जानकारी प्राप्त करने के लिए डेशबोर्ड डाटा को एआई के माध्यम के उपयोग से अभियान की प्रगति में सुधार और गति दी गई। इस अभियान में प्रदेश के नगर-नगर और गांव-गांव में जल स्त्रोतों को शुद्ध और उपयोगी बनाने का कार्य चला, अनेक पोखर और बावड़ियों को पुनर्जीवनप्राप्त हुआ। यह सरकार और समाज का संयुक्त प्रयास है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पानी की बूंद-बूंद सहेजने का जो प्रयत्न किया गया है वह हमारे किसान भाईयों के लिए पारस पत्थर का काम करेगा। सूखे खेत हरे-भरे होंगे, सुनहरी फसलें लहलहायेंगी। हमारा किसान समृद्ध होगा और मध्यप्रदेश की धरती समृद्ध होगी। वर्षा के जल को संग्रहित करने और पुराने जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धारके लिए यह अभियान चलाया गया। इस अभियान की सफलता का सबसे बड़ा आधार है जनभागीदारी। सरकार,शासन-प्रशासन, समाजसेवी और प्रदेश के आमजन ने इस अभियान में सहभागिता निभाई है।जल गंगा संवर्धन अभियान के बाद अब पौधरोपण का व्यापक अभियान चलाया जायेगा।

मुझे खुशी है कि जल गंगा संवर्धन अभियान शासन के साथ जनता के लिए, जनता का अभियान बन गया है। इस अभियान ने जनआंदोलन का स्वरूप ले लिया है।प्रदेश ने यह प्रमाणित किया है कि यदि सरकार और जनता मिलकर कार्य करेंतो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।किसानों, महिलाओं, युवाओं और विद्यार्थियों ने जल संरक्षण को जीवन का मंत्र बना लिया है।इससे समाज में जल संरक्षण का भाव और भागीदारी का मानस विकसित हुआ है।इस अभियान ने हम सभी के मन को एक नये संकल्प और ऊर्जा से भर दिया है। यह अभियान केवल जल संरक्षण का कार्य नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और भविष्य की सुरक्षा का वह सूत्र है, जिससे प्रदेश की समृद्धि जुड़ी है।

अद्भिः सर्वाणि भूतानि जीवन्ति प्रभवन्ति च।

महाभारत के शांति पर्व का यह श्लोक जल के महत्व और जीवन में इसकी भूमिका को दर्शाता है।

मैं प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता से पानी की बूंद-बूंद बचाने और जल समृद्ध राज्य बनाने का आह्वान करता हूं।

आईए, हम सब मिलकर पानी की हर बूंद बचाने का संकल्प लें, जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य को आगे बढ़ायें। मुझे उम्मीद है कि जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश में जल की प्रचुर उपलब्धता और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होगी।

**(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)**

---

## ब्रीफ न्यूज

### अनाज वितरण में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

**भोपाल।** अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि जनजातीय अंचलों में पात्र परिवारों को निःशुल्क राशन वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कहीं भी अनियमितता या लापरवाही पाई जाती है तो जिम्मेदार कर्मचारियों और सेल्समेन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार ने गरीब और जनजातीय भाईयों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है। राशन कार्ड धारकों को तीन माह का अग्रिम निःशुल्क राशन जून महीने में ही वितरित करने की योजना बनाई गई है, ताकि वर्षा ऋतु में किसी भी तरह की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस योजना पर पूरी गंभीरता से अमल कर रही है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में खंडवा बना प्रदेश का टॉप जिला

**भोपाल।** पीएम नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान मध्यप्रदेश में जल संरक्षण के संकल्प के लिये जन-सहभागिता जुटाने में एक ऐतिहासिक पहल सिद्ध हुआ है। मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद द्वारा जारी नवीनतम राज्य स्तरीय प्रदर्शन डैशबोर्ड के आकलन के अनुसार खंडवा को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। इससे पहले भी केन्द्रीय एजेंसी ने जल संरक्षण कार्यों के लिए खंडवा को देश का शीर्ष जिला घोषित किया था। यह अभियान का समापन खण्डवा में 30 जून को होगा। राज्य सरकार ने पांच प्रमुख क्षेत्रों पुराने एनआरएम कार्य, खेत-तालाब, डगवेल, अमृत सरोवर और मायभारत पंजीयन पर आधारित 100 अंकों की रैंकिंग प्रणाली लागू की है। इस आधार पर खंडवा जिला 89.02 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा।

---

### आदिवासियों को लेकर डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय मंत्री शिवराज ने की मुलाकात

# सीएम ने लिया एक्शन, सीहोर डीएफओ को हटाया, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

सत्ता सुधार ■ भोपाल

देवास जिले के खातेगांव में एक घटना हुई। वन विभाग ने आदिवासियों के घरों को तोड़ दिया। इससे आदिवासी समाज में गुस्सा है। इस मामले में आदिवासी समाज के लोगों ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की थी। उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिया था। रविवार की सुबह आदिवासी परिवारों को लेकर शिवराज सिंह चौहान सीएम मोहन यादव के घर पहुंच गए। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सीहोर के डीएफओ मगन सिंह डाबर को हटा दिया। उनकी जगह अर्चना पटेल को नया डीएफओ बनाया गया है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार गरीबों के साथ है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खतेगांव विधानसभा क्षेत्र के खिवनी में आदिवासियों के घर



तोड़े जाने से मामला गरमा गया है। 23 जून को वन विभाग ने खिवनी में 50 से ज्यादा आदिवासियों के घरों पर बुलडोजर चला दिया था। इससे आदिवासी समाज बहुत नाराज है। इस घटना के बाद, सीहोर में पीड़ित आदिवासी परिवारों ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। रविवार को शिवराज सिंह चौहान, क्षेत्र के आदिवासियों को साथ लेकर मुख्यमंत्री हाउस पहुंचे। वहां उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। इस मुलाकात में खातेगांव और इछावर क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोग और बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव भी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सीहोर के डीएफओ मगन सिंह डाबर को हटा दिया। मगन सिंह डाबर को भोपाल भेज दिया गया है। अर्चना पटेल को सीहोर का नया डीएफओ बनाया गया है। यह खिवनी अभयारण्य सीहोर वन मंडल क्षेत्र में आता है। इसलिए सबसे पहले डीएफओ पर कार्रवाई की गई है। 23 जून को आदिवासियों के 50 से अधिक कच्चे मकानों को अतिक्रमण बताकर हटा दिया गया था।

## पीएम मोदी ने मन की बात में सूमा उइके की पहल को सराहा

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का माना आभार

`पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में बालाघाट जिले के कटंगी ब्लॉक की सूमा उइके का उल्लेख करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम मोदी का आभार माना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार, महिलाओं-युवाओं-गरीबों और किसानों के जीवन में बदलाव लाने और उन्हें आत्मनिर्भरता के मार्ग पर अग्रसर करने की दिशा में समर्पित भाव से प्रयासरत है। पीएम मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में राज्य के इन प्रयासों का उल्लेख करने से प्रदेशवासियों का उत्साह बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि



बालाघाट जिले के कटंगी विकासखंड के ग्राम भजियापार की सूमा उइके ने स्व सहायता समूह से जुड़कर मशरूम की खेती और पशुपालन की ट्रेनिंग ली और आय बढ़ने पर थर्मल थेरेपी और दीदी केंटीन से आय अर्जित कर रही हैं। पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजयनगर लालघाटी क्षेत्र में रमेश विजयवर्गीय के निवास पर श्रवण किया।

## बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला आज

### सुपोषित मध्यप्रदेश की आगामी कार्य योजना के बारे में होगी चर्चा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में सुपोषित मध्यप्रदेश की दिशा में बढ़ते कदम को मजबूत करने एवं प्रभावी हस्तक्षेपों की सुनियोजित कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से सोमवार को भोपाल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव, महिलाएवं बाल विकास रश्मि अरुण शमी तथाआयुक्त, महिला एवं बाल विकास सूफिया फारुकी वली द्वारा प्रतिभागियों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यशाला में प्रदेश के सभी संभागीय संयुक्त संचालकों, जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारियों के साथ विषय-विशेषज्ञों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-3 से सर्वे-5 के दौरान बच्चों के पोषण स्तर में व्यापक रूप से सुधार परिलक्षित हुआ है। इन आंकड़ों के अनुसार कम वजन में लगभग



45फीसदी, दुबलापन में 46फीसदी एवं ठिगनापन में 29फीसदी तक का सुधार प्रदर्शित हो रहा है। कार्यशाला में इन्ही आंकड़ों के विश्लेषण एवं सुपोषित मध्यप्रदेश की आगामी कार्य योजना के बारे में चर्चा की जाएगी। बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए जिलों द्वारा स्थानीय स्तर पर नवाचार किए जा रहे हैं। कार्यशाला के दौरान इन नवाचारों, विशेष प्रयासों का प्रस्तुतीकरण भी किया जाएगा। झाबुआ से कुपोषित बच्चों के पोषण प्रबंधन हेतु मोटीआई, देवास जिले के मिशन किलकारी अंतर्गत स्पेशल एनआरसी जैसे प्रयासों को प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यशाला में विभागीय अधिकारियों को भारत सरकार के पोषण ट्रैकर ऐप एवं राज्य स्तर से क्रियान्वित संपर्क ऐप के बारे में तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदाय किया जाएगा।

---

# प्रदेश को स्वस्थ, समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में हम अग्रसर : शुक्ल

### 8500 से ज्यादा पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश को स्वस्थ, समृद्ध और सक्षम राज्य बनाने की दिशा में हम निरंतर अग्रसर हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए संस्थागत संसाधनों के साथ-साथ मानवीय संसाधनों की उपयुक्त उपलब्धता भी अत्यंत जरूरी है। राज्य की प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में सुचारु सेवा का प्रदाय सुनिश्चित करने के



लिए आईपीएचएस मानक अनुसार चिकित्सकीय और सहायक चिकित्सकीय स्टाफ की भर्ती, इसी संकल्प का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शुक्ल ने समय-सीमा में पदपूर्ति की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश के समस्त जिला, सिविल, सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में 168 कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं 8493 मल्टी स्कील्ड ग्रुप डी आउटसोर्स वर्कर की भर्ती की जा रही है। यह नियुक्ति पंजीकृत आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से भंडार क्रय नियम एवं वित्तीय निर्देशों का पालन करते हुए की जाएगी। सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों व सिविल सर्जनों को समयसीमा में पदपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व में एडवांस बुकिंग शुरू

# 1 जुलाई से तीन माह तक बंद रहेगी जंगल सफारी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश के खुले जंगल में टाइगर और दूसरे वन्य जीवों के दीदार करने के शौकीन अब अगले 3 माह मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में जाकर वन्य प्राणियों को नहीं देख सकेंगे। 1 जुलाई से प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व को बंद कर दिया जाएगा।

30 सितंबर के बाद ही सभी टाइगर रिजर्व को खोला जाएगा.। हालांकि इस दौरान 3 माह तक पर्यटक बारिश के मौसम का बफर जोन में जाकर आनंद लेंगे। बफर जोन में पर्यटकों को वन्य जीवों का दीदार भी हो सकता है। बारिश के 3



माह के दौरान हर साल टाइगर रिजर्व को बंद कर दिया जाता है। इस साल 1 जुलाई से 3 माह के लिए टाइगर रिजर्व को बंद किया जा रहा है। अब 1 अक्टूबर के बाद ही पर्यटकों को टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में प्रवेश मिल सकेगा। हालांकि टाइगर रिजर्व में पर्यटन से जुड़े लोगों की रोजी-रोटी चल सके और पर्यटक बारिश के मौसम में जंगल में जाकर आनंद ले सकें, इसके लिए टाइगर रिजर्व के बफर जोन में पर्यटकों को एंट्री मिल सकेगी।

मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व के बफर जोन में पर्यटकों के लिए कैंपिंग साइट पर नाइट स्टे की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा जंगल में ट्रेकिंग रूट पर सफारी का आनंद ले सकेंगे।

---

**बयानबाजी** | वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वदेश शर्मा ने की जीतू पटवारी पर फर्जी एफआईआर की निंदा, कहा-

# बीजेपी का यह कृत्य लोकतंत्र पर काला धब्बा, जनता माफ नहीं करेगी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अशोकनगर में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ 26 जून को दर्ज फर्जी एफआईआर की कड़े शब्दों में निंदा करती है। यह एफआईआर न केवल बीजेपी की तानाशाही और विपक्ष को कुचलने की साजिश को उजागर करती है, बल्कि पीड़ितों की आवाज को दबाने और सच्चाई को झूठ के नीचे दफन करने की उनकी घिनौनी रणनीति का जीता-जागता सबूत है। बीजेपी और प्रदेश सरकार का यह कृत्य लोकतंत्र पर काला धब्बा है, जिसे मध्यप्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। पूरा मामला अशोकनगर जिले के मूड़रा बरवाह गांव का है, जहां 10 जून 2025 को गजराज लोधी और रघुराज लोधी ने आरोप लगाया कि स्थानीय सरपंच के पति और उनके साथियों ने उनकी बाइक छीनी, उनके साथ मारपीट की, और अमानवीय रूप से उन्हें मानव मल खाने के लिए मजबूर किया। इस जघन्य अपराध की शिकायत लेकर पीड़ितों ने उसी दिन जनसुनवाई कार्यक्रम में अशोकनगर कलेक्टर से मुलाकात की, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जनसुनवाई



में कलेक्टर से शिकायत और मीडिया में चर्चा के 10 दिन बाद 25 जून को पीड़ितों ने मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से ओरछा में मुलाकात की। यह स्पष्ट करता है कि पीड़ितों ने स्वतः अपनी शिकायत को पहले कलेक्टर और फिर मीडिया के सामने उठाया था। पटवारी ने पीड़ितों के बयान और कलेक्टर से बातचीत का वीडियो उसी दिन सोशल मीडिया पर साझा किया, जो वायरल हो गया। इस वीडियो ने एक बार फिर स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता और प्रशासन की विफलता को उजागर किया। कलेक्टर ने भी पटवारी से बातचीत में पीड़ितों के आरोपों की पुष्टि की थी। यह पहली बार नहीं है जब बीजेपी ने विपक्षी नेताओं को बदनाम करने और सच्चाई को दबाने के लिए इस तरह की साजिश रची हो। सरकार की यह करतूत उनकी हताशा और डर को दर्शाती है, क्योंकि पटवारी लगातार दलितों, किसानों और पीड़ितों की आवाज उठाकर सरकार की नाकामियों को बेनकाब कर रहे हैं। बीजेपी का यह कदम न केवल पटवारी के खिलाफ है, बल्कि हर उस आवाज के खिलाफ है जो अन्याय और अत्याचार के खिलाफ बोलती है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने केवल पीड़ितों की आवाज को बुलंद किया। यह लड़ाई केवल पटवारी की नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति की है जो अन्याय के खिलाफ आवाज उठाता है। बीजेपी की तानाशाही और दमनकारी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस और पटवारी मजबूती से डटकर मुकाबला करेंगे। हम सच्चाई को सामने लाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। स्वदेश शर्मा ने बीजेपी को चेतावनी देते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश की जनता सब देख रही है और समय आने पर इसका जवाब देगी। आपकी दबाव की राजनीति ज्यादा दिन नहीं चलेगी। सच्चाई की जीत होगी, और मध्यप्रदेश का लोकतंत्र इस साजिश को परास्त करेगा।

## शासकीय स्कूलों में निःशुल्क साइकिल वितरण के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग ने शासकीय स्कूलों में निःशुल्क साइकिल वितरण के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। दिशा-निर्देश में बताया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले विद्यार्थी, जो कि शासकीय विद्यालय में कक्षा 6वीं और 9वीं में अध्ययनरत हैं तथा वे जिस ग्राम के निवासी हैं उस ग्राम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय-हाई स्कूल संचालित नहीं हैं वे अध्ययन के लिये किसी अन्य ग्राम या शहर के शासकीय स्कूल में जाते हैं उन छात्रों को इस योजना का लाभ कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रथम प्रवेश पर एक ही बार मिलेगा। इन कक्षाओं में पुनः प्रवेश लेने पर साइकिल की पात्रता नहीं होगी।

ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे विद्यार्थी जो शासकीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में अध्ययनरत हैं उस गांव से उनके निवास की दूरी 2 किलोमीटर की दूरी से अधिक हो उन्हें ही साइकिल की पात्रता होगी।

ग्रामीण क्षेत्र में कन्या छात्रावास में अध्ययनरत छात्राएं जिनके शाला और हाई स्कूल छात्रावास से स्कूल की दूरी 2 किलोमीटर अधिक दूरी पर है यह साइकिलें छात्रावास को आवंटित की जायेंगी और छात्रावास में रहने वाली बालिकाएं इनका प्रयोग कर सकेंगी। छात्रावास छोड़ते समय साइकिलें छात्रावास में जमा कराना होंगी।

## ब्रीफ न्यूज

### इन क्षेत्रों में आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी।** आवश्यक रखरखाव होने के कारण 33 के.व्ही. डाक बंगला उपकेन्द्र तथा बालाजीधाम उपकेन्द्र अंतर्गत आने वाले 11 के.व्ही. न्यूब्लॉक फीडर तथा 11 के. व्ही.हाउसिंग बोर्ड फीडर से संबंधित क्षेत्रों में 29 जून को विद्युत प्रभाव बंद रहेगा। उक्त फीडरों के बंद रहने से प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक न्यूब्लॉक, सदर बाजार, टेकरी, वर्धमान शोरूम के आसपास जल मंदिर रोड इत्यादि आस पास का क्षेत्र तथा मेडिकल कॉलेज, तात्याटोपे नगर, ठकुरपुरा कत्थामिल के आसपास इत्यादि क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

### जिले में अभी तक 275.52 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले में 01 जून 2025 से अभी तक 275.52 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 101.22 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी। भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी.है। गत वर्ष जिले में कुल 1291.84 मि.मी.वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। उन्होंने बताया कि अभी तक शिवपुरी में 1180.80 मि.मी., बैराढ़ में 113 मि.मी., पोहरी में 299 मि.मी., नरवर में 423 मि.मी., करैरा में 323.90 मि.मी., पिछोर में 231 मि.मी., कोलारस में 306 मि.मी., बदरवास में 369 मि.मी. तथा खनियाधाना में 234 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

### सड़क दुर्घटना के एक प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

**शिवपुरी।** संयुक्त कलेक्टर जगदीश प्रसाद गुप्ता ने सड़क दुर्घटना के एक प्रकरण में मृतक के परिजन को 15 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। सड़क दुघर्टना के एक प्रकरण में शिवपुरी जिले के तहसील गढ़ीबरोद निवासी करनेल सिंह सिख पुत्र दलजीत सिंह सिख की मृत्यु हो गई। मृतक के वैध वारिस पत्नि सतनाम कौर को 15 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### अमोला पुलिस द्वारा 07 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में किया पेश

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के द्वारा समस्त थाना प्रभारियो को अपने थाने के ज्यादा से ज्यादा वारंटियो को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशो के पालन में अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा शिवकुमार मुकाती के मार्ग दर्शन में अमोला थाना प्रभारी अंशुल गुप्ता के द्वारा बीती रात्रि को कॉम्बिंग गश्त के दौरान स्थाई वारंटी गोपाल उर्फ पप्पू पुत्र पर्वत सिंह गुर्जर उम्र 55 साल निवासी अमोला क्रेशर छान रोड को अमोला क्रेशर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय करैरा पेश किया गया। इस कार्यवाही में उनि अंशुल गुप्ता,सउनि. हरदयाल जोशी, प्र.आर. भजनलाल, आर. रामलक्ष्मन मधुरिया, आर. हिम्मत सिंह, आर. बलवीर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### थाना कोतवाली पुलिस के द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपहृत नाबालिग बालक को किया बरामद

**शिवपुरी।** थाना कोतवाली पुलिस के द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक नाबालिग बालिका को बरामद करते हुए परिजनों के सुपुर्द कर अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन-मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली कृपाल सिंह राठौड़ के द्वारा अपने पुलिस बल के साथ ऑपरेशन मुस्कान के तहत गायब बालक को ढूंढकर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। कोतवाली में बीती रोज फरियादी उम्र 40 साल निवासी ग्राम कीरतपुर थाना सवलगढ जिला मुरैना हाल छोटा लुहारपुरा थाना देहात जिला शिवुपरी ने अपने लडके 15 साल के घर से बिना बताये चले जाने की रिपोर्ट थाने पर की थी उक्त प्रकरण में बालक के नाबालिग होने के कारण थाना कोतवाली पर अपराध कमांक 454/25 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीवद्ध किया गया।

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पर एफआईआर दर्ज करना भाजपा की घृणित मानसिकता : प्रिंयका शर्मा

## प्रदेश प्रवक्ता ने कहा भाजपा की तानाशाही और साजिश का पर्दाफाश, जीतू पटवारी पर फर्जी एफआई हो निरस्त

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ बीती 26 जून 2025 को दर्ज हुई फर्जी एफआईआर की हमें कड़े शब्दों में निंदा करते है और यह एफआईआर न केवल भाजपा सरकार की तानाशाही बल्कि विपक्ष को कुचलने की साजिश को उजागर करती है, कांग्रेस पार्टी के द्वारा पीड़ित की आवाज को दबाने और सच्चाई को झूठ के नीचे दफन करने की भाजपा सरकार की घिनौनी रणनीति का जीता-जागता सबूत है जिसके चलते यह भाजपा और मोहन यादव सरकार का यह कृत्य लोकतंत्र पर काला धब्बा है, जिसे मध्यप्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। यह बात कही मप्र कांग्रेस पार्टी की प्रवक्ता श्रीमती प्रियंका शर्मा ने जिन्होंने अपने प्रेस बयान में मप्र के अशोकनगर जिले में कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के विरूद्ध दर्ज हुई एफआईआर पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की



और इस पूरे मामले को भाजपा सरकार का रणनीतिक षडयंत्र करार दिया, साथ ही प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती प्रियंका शर्मा ने भाजपा सरकार को चेतावनी दी है कि वह अपनी साजिशों और तानाशाही से बाज आए, मध्यप्रदेश की जनता सब देख रही है और समय आने पर इसका जवाब देगी। आपकी सत्ता की हनक और दबाव की राजनीति ज्यादा दिन नहीं चलेगी। सच्चाई की जीत होगी, और मध्यप्रदेश का लोकतंत्र इस साजिश को परास्त करेगा। इसके साथ ही कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता ने कुछ बिन्दुओं को लेकर मामले में गहनता से जांच करते हए एफआईआर निरस्त की मांग की।

### यह है पूरा मामला

बताना होगा कि यह पूरा मामला अशोकनगर जिले के मूड़रा बरवाह गांव का है, जहाँ 10 जून 2025 को गजराज लोधी और रघुराज लोधी ने आरोप लगाया कि स्थानीय सरपंच के पति और उनके साथियों ने उनकी मोटरसाइकिल छीनी, उनके साथ मारपीट की, और अमानवीय रूप से उन्हें मानव मल खाने के लिए मजबूर किया। इस जघन्य अपराध की शिकायत लेकर पीड़ितों ने उसी दिन, 10 जून 2025 को जनसुनवाई कार्यक्रम में अशोकनगर कलेक्टर से मुलाकात की, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए, यह मामला 11 जून 2025 को समाचार पत्रों के माध्यम से प्रमुखता से प्रकाशित हुआ, जिसमें मल खिलाने और पीड़ितों में से एक के आत्मदाह की कोशिश की खबर ने पूरे प्रदेश में सनसनी फैला दी। यह खबर भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर करती थी।

### मध्यप्रदेश कांग्रेस ने रखी माँग, घटना की हो निष्पक्ष जांच

मप्र कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के विरूद्ध दर्ज एफआईआर मामले में मप्र कांग्रेस पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती प्रियंका शर्मा ने इस घटना की निंदा करते हुए मप्र सरकार से बिन्दुओं को आधार बनाकर निष्पक्ष जांच की मांग की, जिसके तहत निष्पक्ष जांच में रूप में इस मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच हो, जिसमें पीड़ितों के दोनों बयानों (10 जून 2025 की शिकायत और 26 जून 2025 के शपथ पत्र) की गहन जाँच की जाए। यह पता लगाया जाए कि पीड़ितों पर किस तरह का दबाव डाला गया। एफआईआर रद्द हो, जीतू पटवारी के खिलाफ 26 जून 2025 को दर्ज फर्जी एफआईआर को तत्काल रद्द किया जाए और इस साजिश के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो। पुलिस की जवाबदेही तय हो जिसमें मुंगावली पुलिस की संदिग्ध भूमिका की जाँच हो और सत्ताधारी दल के दबाव में काम करने वाले अधिकारियों को दंडित किया जाए, साथ ही पीड़ितों को सुरक्षा मुहैया कराई जावे और उन्हें कानूनी सहायता प्रदान की जाए ताकि वह बिना डर के सच्चाई बता सकें।

# जैन साध्वियों के आगमन के साथ ही पार्श्वनाथ मंदिर के भव्य ध्वजारोहण समारोह का हुआ शुभारंभ

## प्रथम दिन स्नात्र पूजा, श्रीसक्रस्तव अभिषेक, भक्तामर अनुष्ठान भक्तिभाव से हुआ रात्रि में होगी भजन संध्या

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

प्रतिवर्ष की भांति पार्श्वनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर के तीन दिवसीय ध्वजारोहण समारोह का आज प्रसिद्ध जैन साध्वियों के आगमन के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। ध्वजारोहण कार्यक्रम एवं चातुर्मास हेतु प्रसिद्ध जैन साध्वी श्री अमित गुणा जी महाराज की सुशिष्याऐं पूज्य अमीपूर्णाश्रीजी, पूज्य अमीदर्शा श्रीजी, पूज्य अमीवर्षा श्रीजी, पूज्य मृदुपूर्णा श्रीजी, पूज्य अर्पणाश्रीजी, पूज्य जैनमपूर्णा श्रीजी पदविहार करते हुए आज सुबह शिवपुरी पहुंची। नगर प्रवेशोत्सव के शुभ अवसर पर झांसी तिराहे पर गवली एवं कलशों के द्वारा उनकी अगवानी की गई। गुरूवर्या श्री गुरूद्वारा चौराहा, राजेश्वरी मार्ग होते हुए व्हीटीपी स्कूल स्थित समाधी



मंदिर श्री मुनिसुव्रत जिनालय पर पहुंची। जहां सकल जैन समाज ने उनका अभिनंदन किया और उनकी प्रेरणादायक उपस्थिति में ध्वजारोहण समारोह का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन स्नातक पूजा के पश्चात श्री शक्रस्तव अभिषेक मुनिसुव्रत जिनालय पर हुआ। इसके पश्चात भक्ताम्बर पाठ का अनुष्ठान किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में धर्मावलम्बियों ने भाग लिया। श्वेताम्बर जैन समाज के अध्यक्ष तेजमल सांखला द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 28 जून को शनिवार को रात्रि 8 बजे से कोर्ट रोड़ स्थित श्वेताम्बर जैन मंदिर पर बैतूल से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक धीरज बोथरा और विवेक बोथरा परमात्मा के चरणों में अपनी भक्ति प्रदर्रि्शत करेंगे और माहौल को आध्यात्मिक रंग से परिपूरित करेंगे। श्वेताम्बर मूर्ति पूजक जैन समाज प्रतिवर्ष पार्श्वनाथ जैन मंदिर पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित करता है। इस वर्ष यह 35 वां ध्वजारोहण समारोह हैं जिसके लाभार्थी परिवार इंदरमल, तेजमल, दीपक, अशोक, रीतेश सांखला परिवार है। जैन साध्वियों की प्रेरणादायक उपस्थिति से ध्वजारोहण समारोह की गरिमामय चार चांद लग गए हैं। ध्वजारोहण समारोह के दूसरे दिन 7ः15 बजे से 8ः15 बजे तक स्नात पूजा, प्रातः 9 बजे से 18 अभिषेक पूजन और तत्पश्चात सामूहिक वात्सल्स का आयोजन होगा। 29 जून को ही दोपहर 2ः15 बजे से परम गुरू भक्त इंदौर से पधारे श्री लवेश और हिमाशु बुरढ़ द्वारा दादा गुरूदेव का पूजन कराया जाएगा और पूजन पश्चात साधार्मिक वात्सल्य का आयोजन होगा। 29 जून को रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ़ से पधारे भावेश भाई अपनी संध्या भक्ति प्रस्तुत करेंगे।

# शिवपुरी के 15 साईकलिस्ट चंदेरी हैरीटेज एक्सपीडीसन में लेंगें भाग

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

जिला मुख्यालय के साईकलिस्टों के द्वारा साईकिलिंग को बढ़ावा देने के लिए 15 साईकलिस्ट चंदेरी हैरीटेज एक्सपीडीसन में भाग लेने के लिए 28 जून शनिवार को श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर से जिला अशोकनगर के ।लिए रवाना हुए। जिला खेल अधिकारी डॉ.के.के.खरे ने बताया कि स्वस्थ शरीर के लिए फिटनेस का ध्यान बहुत आवश्यक है और इसके लिए लोग अनेकों प्रकार से घूमना-फिरना ओर साईकिल चलाकर अपने आपको स्वस्थ रखने का कार्य करते है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से साईकिंलिंग को बढ़ावा देने के लिए पैडलर ग्रुप के माध्यम से प्रचार-प्रसार और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ऐसे ही साईकिल चलाने



वालों साईकलिस्टों को लेकर अशोकनगर जिला प्रशासन के द्वारा रविवार 29 जून को एक 60 किमी की साईक्लिंग का आयोजन जिला अशोकनगर के चंदेरी हैरीटेज के लिए किया जा रहा है जिसमें यह साईकिलिंग अशोकनगर से प्रारंभ होकर चंदेरी पर संपन्न होगी, जहां शिवपुरी के 15 साईकलिस्ट चंदेरी हैरीटेज एक्सपीडीसन में भाग लेंगें। इन सभी 15 साईकलिस्टों को इस चंदेरी हैरीटेज एक्सपीडीसन में भाग लेने को लेकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के द्वारा बधाईयां दी गई और भाग लेने वाले सभी साईकिलिस्टों के इस प्रयास को सराहा। जो 15 लोग इस चंदेरी हैरीटेज में शामिल होंगें उनमें खेल एवं युवा कल्याण विभाग से जिला खेल अधिकारी डॉ.के.के.खरे, साईकल पैडलर ग्रुप अध्यक्ष प्रवीण गोयल(पिंकू भैया),रामपाल मेहते, देवेन्द्र शर्मा, पुष्पाल सिंह राणा, राकेश सिंह धाकड़, जूडो कोच शिशुपाल सिंह रघुवंशी, पुष्पेन्द्र भार्गव एवं हिमांशु शामिल है।

# श्रीमद् भागवत सप्ताह महोत्सव 3 जुलाई से तुलसी आश्रम में प्रारंभ

**शिवपुरी।** श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगने को तैयार तुलसी आश्रम बड़े हनुमान मंदिर शिवपुरी, जहां आगामी 3 जुलाई से 10 जुलाई तक श्रीमद् भागवत सप्ताह एवं श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर श्री गुरु चरण पादुका पूजन का भव्य आयोजन किया जायेगा। यह धार्मिक आयोजन राष्ट्रीय संत श्री 1008श्री महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम दास महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। महोत्सव का शुभारंभ 3 जुलाई को नमः शिवाय मंदिर श्री कलश यात्रा के साथ होगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं मंगल गीतों के साथ भाग लेंगीं। यह कलश यात्रा तुलसी आश्रम बड़े हनुमान मंदिर के परशुराम सभागार में पहुंचकर समाप्त होगी, उसके उपरांत प्रतिदिन भजन, संकीर्तन और पंडित निलेश महाराज अछरोनी वाले के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा होगी। महाराज के कृपा पात्र शिष्य घनश्याम दास महाराज एवं श्री महावीर दास जी महाराज ने संयुक्त रूप से बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री मौनी जी महाराज की पावन स्मृति में एवं श्री गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संगीतमय में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन श्री मोनी जी महाराज के भावुक शिष्यों के सहयोग से होने जा रही है। पंडित निलेश महाराज अछरोनी वाले श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से धर्म, आस्था और मानवता का संदेश देंगे। 10 जुलाई को महोत्सव की पूर्णाहुति, गुरु पूर्णिमा उत्सव तथा विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन समिति के अनुसार इस धार्मिक अनुष्ठान में हजारों शिष्य एवं श्रद्धालु शामिल होंगे, और आध्यात्मिक लाभ उठाएंगे।

# सीईओ नरवरिया ने आवास पूर्ण न करने पर नौ सचिवों को दिए कारण बताओ नोटिस

**शिवपुरी/पिछोर।** गत दिवस जिला परियोजना अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पिछोर एन.एस. नरवरिया द्वारा जनपद कार्यालय में समीक्षा बैठक के दौरान आवास पूर्ण न करने पर नौ पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किए। जिसमें ग्राम पंचायत चंदावनी से खलक सिंह, देवगढ से महिपाल सिंह, देवरीखुर्द से मुलायम सिंह, कुम्हरौआ से राजेंद्र सिंह लोधी, माचरोंन से महेंद्र राजा नावली से रामदयाल परिहार, पडोरा से राजा भैया, पिपरो से कप्तान लोधी तथा वीरा पंचायत से कमल जाटव



को नोटिस जारी किए गये हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरवरिया द्वारा जानकारी देते बताया गया कि सचिवों द्वारा दो तथा तीन आवास पूर्ण करने के संबंध में पूर्व में आश्वासन दिया गया था कि हम सभी आवास का कार्य समय सीमा में पूर्ण करने को कहा था किन्तु बार-बार चेतावनी देने के बाद भी आवास कार्य पूर्ण न करने पर नौ पंचायत सचिवों को कारण बताओं नोटिस जारी किए हैं जिसमें जवाब प्रस्तुत नहीं करने एवं उत्तर संतोषजनक न होने की दशा में उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने को कहा।

दैनिक सत्ता सुधार
विज्ञापन, एजेंसी, समाचार के लिए संपर्क करें
दीपक अरोरा, ब्यूरोचीफ शिवपुरी
मो. 8959194646
कपिल उपाध्याय, जिला संवाददाता
मो. 9893099934

# पैथोलॉजी क्विज प्रतियोगिता में विवेक चौधरी और राहुल रघुवंशी ने पाया प्रथम स्थान



### मेडिकल कॉलेज में प्रथम स्थान आए एमबीबीएस छात्र संभाग स्तरीय प्रतियोगिता ग्वालियर में लेंगे भाग

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्याल एवं चिकित्सालय शिवपुरी में अधिष्ठाता डॉ. डी.परमहंस के मार्गदर्शन, विभागाध्यक्ष डॉक्टर अपराजिता तोमर के नेतृत्व में शुक्रवार को पैथोलॉजी विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉक्टर अपराजिता तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस बेच 2023-24 के छात्र विवेक चौधरी और राहुल रघुवंशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वहीं हर्षवर्धन और दानिश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान आए एमबीबीएस छात्र अब जुलाई में होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता ग्वालियर में भाग लेंगे। तत्पश्चात संभाग विजेता प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज के छात्र छात्राएं उपस्थित होंगे। मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. डी.परमहंस ने विजेता छात्रों के साथ ही पैथोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष समेत पूरी टीम को बधाई दी। इस दौरान डॉक्टर हेमलता बमोरिया, डॉक्टर पारुल नेमा, डॉक्टर जितेंद्र साहू , सहा. पीआरओ राहुल अष्ठाना, एमबीबीएस छात्र-छात्राएं सहित अन्य स्टाफ उपस्थित हुए।



# पति के जहर खाते ही वापस लौटी पड़ोसी के साथ भागी पत्नी



## युवक की हालत स्थिर, पुलिस ने दर्ज किए महिला के बयान

**ग्वालियर।** युवक ने पत्नी के पड़ोसी के साथ भाग जाने से आहत होकर बीती सुबह जहरीला पदार्थ निगल लिया था, जिसे हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था, जहां उसकी हालत स्थित बनी हुई है। उधर पति के जहर खा लेने का पता लगते ही पत्नी वापस लौट आई है, पुलिस ने उसके बयान दर्ज कर लिए हैं। यहां बता दें कि भितरवार के वार्ड क्रमांक- एक में रहने वाले मोनू नट पुत्र साहिब सिंह की पत्नी करीब 10 दिन पूर्व पड़ोस के एक युवक के साथ भाग गई। मोनू ने उसे काफी तलाशा, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं लगा। जिस पर उसने थाने पहुंचकर इसकी सूचना दी, जहां पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज कर ली गई थी। वहीं मोनू ने आरोप लगाया था, कि पत्नी को उसके ससुर ने 10 लाख रुपए में बेच दिया है, जो जाते वक्त घर से गहने भी ले गई है। पुलिस ने पड़ताल की, तो ज्ञात हुआ कि वह झाबुआ में अपनी बहन के घर पर रह रही है। पुलिस द्वारा झाबुआ की कोतवाली थाना पुलिस की मदद से महिला से फोन पर बात की, तो उसने पति के पास आने से इंकार कर दिया। जिससे मोनू काफी डिप्रेशन में आ गया था। जिसने शनिवार सुबह घर में ही जहरीला पदार्थ गटक लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों को इसका पता लगा, तो वह तुरंत उसे स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए ग्वालियर रैफर कर दिया। वहीं पति द्वारा जहर खा लेने का पता लगते ही पत्नी वापस लौट आई। जिससे फिलहाल पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

### इनका कहना है

पति के जहर खाने का पता लगने पर गुमशुदा महिला स्वयं वापस आ गई है, घटना के संबंध में उससे पूछताछ कर बयान दर्ज करवाए जा रहे हैं।

**जितेंद्र नगाइच**
**एसडीओपी, भितरवार**

## सुबह रवि हुए रौद्र तो शाम को इंद्रदेव हुए मेहरबान

# राहत भरी बारिश निगम की कमजोर तैयारियों के कारण बन रही है आफत

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

इस बार जल्दी आए मानसून ने लोगों को गर्मी से राहत दी , तो कुछ दिन रुकने के बाद रविवार को फिर झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। तेज बारिश के बाद जहां ग्वालियर में पहाड़ी झरने बहने लगे हैं और शहर के पिकनिक स्पॉट व झरनों के आसपास लोगों की चहल-पहल बढ़ने लगी है, वहीं शहर की सड़कों पर पानी भर गया है। इस दौरान शहर का बहुचर्चित चेतकपुरी मार्ग बारिश के कारण फिर सुरंगों तब्दील हो गया और उनमें फंसकर खराब हो गए। इसके अलावा शहर के नाका चन्द्रवदनी इलाके में घुटनों तक पानी भर गया। यहां हाईवे पर एक तरफ पाइप लाइन का काम चल रहा है, जबकि दूसरी तरफ बारिश के कारण जलभराव से लोग परेशान हुए हैं।



गौरतलब है कि शनिवार-रविवार रात हल्की रिमझिम से मौसम सुहाना हुआ तो उमस भरी चिपचिपी गर्मी से मामूली राहत मिली थी। वहीं रविवार सुबह से तेज धूप के कारण उमस बढ़ गई थी, लेकिन दोपहर में अचानक मौसम बदलने लगा और आसमान में बादल मंडराने लगे। इसी के साथ दोपहर बाद अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। रविवार शाम को हुई तेज बारिश के बाद नगर निगम द्वारा शहर में नालों की सफाई की पोल एक बार फिर से खुल गई है। तेज बारिश के बाद शहर की सड़कें जलमग्न हो गई, विशेषकर नाका चन्द्रवदनी, सचिन तेंदुलकर मार्ग, बाल भवन रोड, थाटीपुर मार्ग, सिंहपुर रोड, सिरोल रोड, हुरावली, आनंद नगर,विनय नगर में सड़कों और कालोनियों में पानी-पानी नजर आ रहा था। मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में इस समय मानसून सक्रिय है और सिस्टम के एक्टिव होने से ग्वालियर अंचल में तेज बारिश की संभावना अगले 48 घंटे भी बनी हुई है। बता दें कि मध्यप्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम बना हुआ है। रविवार को भोपाल, नर्मदापुरम, रतलाम, धार और रायसेन, विदिशा और खंडवा में में सुबह से रुक-रुककर तेज और रिमझिम बारिश जारी है। मौसम विभाग के अनुसार ग्वालियर, चंबल, रीवा और शहडोल संभाग के 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। यहां अगले 24 घंटे के दौरान साढ़े 4 इंच तक पानी गिर सकता है।

### कल से होगा सिस्टम स्ट्रॉन्ग

रविवार सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे के बीच 75 स्रूबारिश हो चुकी थी। इसमें से 50 एमएम बारिश तो सिर्फ शाम के दो घंटे में हुई है। बारिश के चलते ही रविवार को न्यूनतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस व दिन में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस रहा है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के आधे से ज्यादा जिलों में अति भारी या भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

### बारिश की तकनीकी परीक्षा में निगम फैल!

बारिश के बाद शहर में हर जगह पानी ही पानी नजर आ रहा था। इसमें शहर के वह इलाके जहां हाल ही में पाइप लाइन या सड़क का काम चल रहा है, उनकी हालात बहुत ही खराब हो गई। बरसात के शुरुआत से गुणवत्ता को लेकर नगर निगम की किरकिरी करा रहा चेतकपुरी के सामने वाला मार्ग इस बारिश में और भी बदहाल हो गया। मार्ग में जगह-जगह सुरंग नुमा गड्ढे हो गए। जिनको सड़क पर भरे पानी ने अपना निकासी मार्ग बना लिया। वहीं दूसरी तरफ की रोड भी पूरी तरह डेमेज हो गई जिसमें एक बस पूरी तरह फंस गई। इसी तरह बसंत बिहार,नाका चन्द्रवदनी इलाके से लेकर विक्की फैक्ट्री तक के इलाके की सड़कें जलमग्न नजर आई। इसके अलावा सचिन तेंदुलकर मार्ग, गोविंदपुरी, सिटी सेंटर, आनंद नगर, विनय नगर,सिंहपुर रोड, काशीपुरा रोड, सिरोल रोड, गोल पहाड़िया, जिंसी नाला रोड, बाल भवन रोड आदि पर पानी और पानी में फंसे वाहन ही नजर आ रहे थे।

# हैक्सागॉन 2025: एबीवी-आईआईआईटीएम ग्वालियर में हार्डवेयर नवाचारों की नई उड़ान

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर





देशभर के युवा नवाचारियों के लिए एक प्रेरणास्रोत बन चुका हैक्सागॉन 2025 अपने हार्डवेयर कैटेगरी के अद्भुत प्रदर्शन के साथ एबीवी-आईआईआईटीएम ग्वालियर में जोश और जज्बे के साथ जारी है। यह हैकथॉन केवल तकनीकी मुकाबला नहीं, बल्कि समस्याओं के व्यावहारिक समाधान और सामाजिक प्रभाव का आधुनिक मंच बनकर उभरा है। 36 घंटे के इस नॉन-स्टॉप हैकथॉन में प्रतिभागी टीमों ने अपने नवाचारों को न सिर्फ डिज़ाइन किया बल्कि प्रोटोटाइप बनाकर लाइव प्रदर्शन भी किया। यह केवल कोडिंग का नहीं, बल्कि सर्किट्स, सेंसर्स और सिस्टम डिजाइन का महाकुंभ रहा, जिसमें युवाओं ने धरातल पर उतरने वाले समाधानों को जन्म दिया। उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथि प्रो. जी.एस.तोमर चेयरमैन, आईट्रिपलई सेक्शन ने कहा कि, यह आयोजन युवाओं में रचनात्मकता, समस्या समाधान और टीम वर्क की भावना को प्रोत्साहित करता है। उनके साथ मंच पर डॉ. गौरव भारती सोशल मीडिया चेयरपर्सन आईट्रिपलई, डॉ. आशीष कुमार सिंघल एमडी आईट्रिपलई, प्रो. पंकज श्रीवास्तव डीन अकादमिक कार्य, डॉ. सोमेश कुमार हैक्सागॉन कोऑर्डिनेटर और चेयरपर्सन स्टूडेंट एक्टिविटी काउंसिल तथा डॉ. पिंकू रंजन हार्डवेयर कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता की कुल प्राइज पूल 2.5 लाख रखी गई है, जिससे देशभर से आए नवाचारियों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस वर्ष जनवरी से जून तक तीन चरणों में चला यह आयोजन अब अपने फाइनल राउंड में है। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था छात्र समन्वयकों आदित्य कुमार सिंह और इंद्रेश पटेल के नेतृत्व में कुशलता से की गई। इन दोनों ने यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रतिभागियों को सर्वत्तम सुविधाएं मिलें और वे बिना किसी बाधा के अपने विचारों को वास्तविक रूप दे सकें।

### पांच उच्च-प्रभावशाली ट्रैकों पर काम करने का अवसर दिया

- स्मार्ट सिटीज और एलओटी सॉल्यूशन्स
- एलओटी-आधारित हेल्थकेयर और असिस्टिव टेक्नोलॉजीज
- सुरक्षा के लिए स्मार्ट वियरेबल्स
- आपदा प्रबंधन और आपातकालीन उत्तरदायित्व
- एग्रीटेक और ग्रामीण नवाचार

## 17 वर्षीय किशोरी घर से संदिग्ध परिस्थिति में लापता

**ग्वालियर।** 17 वर्षीय किशोरी घर से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई। घटना बहोड़ापुर इलाके की है। जब परिजनों को काफी प्रयास करने के बाद भी बिटिया का कोई पता नहीं लगा, तो उन्होंने थाने पहुंचकर सूचना दी। जहां पुलिस द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर गायब हुई किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई है। घोसीपुरा स्थित मानस विहार कॉलोनी में रहने वाले रवि बाथम ने बीते रोज बहोड़ापुर थाने पहुंचकर सूचना दी, कि उसकी 17 वर्षीय बिटिया एकता बाथम शुक्रवार शाम सात बजे के लगभग अचानक घर से गायब हो गई। जब काफी देर तक वह नजर नहीं आई, तो आस- पड़ोस सहित सभी परिचितों व रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा। चूंकि मामला नाबालिग का है, जिससे पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# 14 वर्षीय किशोर असंतुलित होकर कुएं में गिरा, मौत

## बकरियां चराते में हुआ हादसा, जांच में जुटी पुलिस

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



14 वर्षीय किशोर बकरियां चराते वक्त असंतुलित होकर कुएं में जा गिरा, जिसकी पानी में डूब जाने से मौत हो गई। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र की है, जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए हॉस्पिटल पहुचाने के उपरांत मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है। महाराजपुरा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम डांग गुठीना निवासी 14 वर्षीय सलमान खां पुत्र चंदू खां बीते रोज अपने छोटे भाई कासिम खां (13) के साथ गांव में ही बकरियां चरा रहा था। इसी दौरान वो कुएं के पास पहुंच गया, जहां असंतलित होकर अचानक वह उसमें जा गिरा। बड़े भाई को कुएं में गिरता देख कासिम पहले तो वहीं खड़ा होकर सोचता रहा कि क्या किया जाए। जब उसे भाई को बचाने का कोई रास्ता नजर आया, तो वह भागता हुआ गांव पहुंचा और ग्रामीणों व परिजनों को घटना की जानकारी दी।

**ग्रामीणों ने मशक्कत कर बाहर निकाला शव:** कासिम से सलमान के कुएं में गिरने की जानकारी पाते ही परिजन व ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे, जिन्होंने मशक्कत कर जैसे- तैसे सलमान को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए पहुंचाया गया। पुलिस द्वारा फिलहाल मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया गया है।

### इनका कहना है

बकरियां चरा रहा किशोर अचानक कुएं में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। शव का पीएम करवाकर मर्ग कायम किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**धर्मेंद्र सिंह यादव**
**टीआई, महाराजपुरा**

# स्वामी विवेकानंद मंडल में मंत्री कुशवाह ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



स्वामी विवेकानंद मंडल भाजपा के वार्ड 53 में स्थित बूथ क्रमांक- 226 पर प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 123वां एपिसोड सुना गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री शामिल हुए। बूथ क्रमांक- 226 के अध्यक्ष सृष्टि शर्मा एवं दिलीप कुशवाह ने द्वारा मंत्री श्री कुशवाह का स्वागत किया। कार्यक्रम के बाद मंत्री श्री कुशवाह ने जनकपुरी सिंधी कॉलोनी में निवासरत बुजुर्गों का सम्मान कर उनके अनुभवों को साझा किया। इस अवसर मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के विचारों ने हमें राष्ट्रहित, जनकल्याण, सांस्कृतिक जागरण, नवाचार एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु नई ऊर्जा और प्रेरणा दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमर कुटे, पार्षद अनिल सांखला, दिनेश जैन, राजेंद्र दंडोतिया, सुरेश पहलवान, विकास गोस्वामी, नन्हे कुशवाह, जयसिंह सेंगर, सुनील भदौरिया, गौरव कुशवाह, दिव्यादित्य पवैया, करन राजपूत, लव राठौर, पंकज मिश्रा, गोपाल जाटव ,अमर गोस्वामी, गजेंद्र शर्मा, नरेश कुशवाह, नरेश जेठवानी, किक्की पंडित सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# वैश्य समाज समाजसेवा में भी सबसे आगे: अग्रवाल

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

अखिल भारतीय माहौर ग्वार्रे वैश्य महासभा (रजि.) एवं अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महा रक्तदान शिविर



में सहभागिता करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रक्तदान जैसे पुण्यकार्य में सर्व समाजजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि वैश्य समाज अपने संगठनात्मक सामर्थ्य के साथ समाजसेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह बात भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कही। इस अवसर पर सांसद भारत सिंह कुशवाह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कनवर मंगलानी, कार्यक्रम के संयोजक द्वय प्रकाश चंद मांडिल, मनीष गांगिल, क्षेत्रीय पार्षद अपर्णा पाटिल उपस्थित थीं।

# अभिसार प्री कैबिनेट मीटिंग संपन्न

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-1 द्वारा 2025-26 के प्रांतपाल लायन सुधीर वाजपेयी की अध्यक्षता में अभिसार प्री केबिनेट मीटिंग का आयोजन जयपुर होटल रॉयल ऑर्किड में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन डॉ. नवल मालू थे, जिन्होंने लायंस क्लब के सेवा कार्य को लक्ष्य केंद्रित रख सदन में अपने प्रबोधन से मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट ऐडमिनिस्ट्रेटर पूर्व प्रांतपाल सुमेर जैन, डिस्ट्रिक्ट मेंटॉर पूर्व प्रांतपाल लायन रोशन सेठी, डिस्ट्रिक्ट काउंसलर पूर्व प्रांतपाल लायन गोविंद शर्मा एवं उपस्थित पूर्व प्रांतपालों ने अपना मार्गदर्शन दिया। प्रांतीय सचिव लायन रमेश श्रीवास्तव ने अपनी रिपोर्ट पेश की। कोषाध्यक्ष लायन राम किशन सिंघल डिस्ट्रिक्ट पीआर ऑफिसर लायन जुबैर रहमान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी रीजन चेयरपर्सन एवं जोन चेयरपर्सन द्वारा वर्षभर किए जाने वाले सेवा कार्य, सदस्यता वृद्धि एवं एमजेएफ बनाने के बारे में अपने लक्ष्य निर्धारित किए। कार्यक्रम में अधिकांश क्लबों की उत्साह के साथ सक्रिय भागीदारी रही, जिसमें रिकॉर्ड 335 सदस्यों ने उपस्थिति दी। कार्यक्रम का शानदार स्थान शानदार भोजन व्यवस्था ने मीटिंग को यादगार बना दिया जिसमें सभी लायन गणमान्य जनों का साथ सहयोग प्राप्त हुआ।

# न्यू जेएएच के बाहर यातायात में बाधक बन रहे ठेले हटाए

## ट्रैफिक पुलिस व मदाखलत टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



न्यू जेएएच (हजार बिस्तर अस्पताल) के बाहर रोड पर बड़ी संख्या में हाथ ठेले व खोंमचे लगने से यातायात बाधित हो रहा था। इसकी शिकायत मिलने पर रविवार को ट्रैफिक पुलिस व नगर निगम की मदाखलत टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इन ठेलों को हटाया, साथ ही इन फुटपाथी कारोबारियों को हिदायत दी, कि वे आइंदा से यातायात में बाधक नहीं बनें।


एसएसपी धर्मवीर सिंह, एएसपी कृष्ण लालचंदानी व ट्रैफिक डीएसपी अजीत सिंह चौहान के निर्देशन में यातायात नियमों का उल्लंघन एवं ट्रैफिक व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध मदाखलत टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में न्यू जेएएच गेट के दोनों ओर रोड एवं फुटपाथ पर हाथ ठेले लगाकर व्यवसाय करने वालों के विरूद्ध यातायात पुलिस कंपू और मदाखलत टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। जिसमें यातायात को बाधित करने वाले हाथ ठेलों को जब्त कर यातायात थाना कंपू पहुंचाया गया। जिन्हें नगर निगम की वैधानिक जुर्माना जमा करने के बाद छोड़ा जाएगा। उक्त कार्रवाई के दौरान हाथ ठेला संचालकों को हिदायद दी गई कि वह रोड अथवा फुटपाथ पर ठेले ना लगाएं और यातायात को व्यवस्थित रूप से चलने दें। इसी क्रम में जेएएच के बाहर अवैध रूप से खड़ी होने वाले एम्बुलेंस वाहनों के विरूद्ध भी कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्त कर थाने लाया गया। जिन्हें मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर छोड़ा जाएगा। उक्त कार्रवाई के दौरान यातायात थाना कंपू धनंजय शर्मा, सूबेदार राधावल्लभ गुर्जर, नगर निगम के मदाखलत अधिकारी शैलेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य यातायात अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जेल में कैदी की हालत बिगड़ी, हॉस्पिटल में मौत

## लंबे समय से बीमारी से जूझ रहा था मृतक

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

**सेंट्रल जेल, ग्वालियर में बंद एक कैदी की बीती रात अचानक हालत बिगड़ गई, जिसे जेल प्रबंधन द्वारा हॉस्पिटल पहुंचाया गया था, जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। कैदी की मौत की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाने के उपरांत मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है।**



मूलतः उत्तरप्रदेश निवासी राजपुर उर्फ गुड्डू पुत्र राम मनोहर (41) पूर्व में फौज था, एवं रिटायर्ड होने के बाद विगत कुछ वर्षों से ग्वालियर आ गया था। जो वर्तमान में आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सेंट्रल जेल, ग्वालियर में बंद था। चूंकि वह शुगर का पेशेंट होने के साथ ही इंसुलिन पर निर्भर था, जिससे बार- बार उसकी तबियत बिगड़ जाती थी। चार दिन पूर्व ही वह अंतरिम जमानत से वापस जेल लौटकर आया था। बीती शाम भी हालत बिगड़ने पर जेल प्रबंधन द्वारा उसे जेएएच पहुंचाया गया था। जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो गई।

### बहन- बहनोई व भानजे ने किया था सुसाइड

यहां बता दें कि बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में ही रहने वाले मृतक के बहन- बहनोई व भानजे ने कुछ दिनों पूर्व आत्महत्या कर ली थी। जिनके द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में उन्होंने अपनी मौत के लिए राजीव को ही जिम्मेदार ठहराया था। जिस पर पुलिस द्वारा उसे आरोपी बनाते हुए उसे गिर तार कर जेल पहुंचा दिया गया था।

### इनका कहना था

आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में बंद कैदी की बीती शाम तबियत बिगड़ गई थी, जिसे हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

**विदित सरवईया**
**अधीक्षक, सेंटल जेल**
**ग्वालियर**



**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

## मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प
## अक्षय जल, सुरक्षित कल

# जल गंगा संवर्धन अभियान

## समापन समारोह
## एवं
## वॉटरशेड सम्मेलन

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

**30 जून, 2025 । दोपहर 12 बजे**
**मंडी प्रांगण, खण्डवा, मध्यप्रदेश**





'जल की हर बूंद में आने वाले कल का भविष्य छिपा है। इसलिए इस अमूल्य धरोहर की किसी भी मूल्य पर रक्षा करना हमारा दायित्व है।'

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## जल संरक्षण का 'जन संकल्प'

### जल संचय में वृद्धि
- ₹2048 करोड़ लागत के 83 हजार से अधिक खेत तालाबों का निर्माण पूर्ण, जिससे खेत का पानी खेत में सिंचित होगा
- ₹254 करोड़ लागत से 1 लाख से अधिक कूप रीचार्ज
- अमृत सरोवर 2.0 के तहत ₹ 354 करोड़ लागत से 1 हजार से अधिक नए अमृत सरोवरों का निर्माण
- शहरी क्षेत्रों में 3300 से अधिक जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, 2200 नालों की सफाई एवं 4000 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण पूर्ण

### जनभागीदारी
- 40 लाख लोगों की भागीदारी से 5 हजार से अधिक जल स्त्रोतों का हुआ जीर्णोद्धार
- My Bharat पोर्टल के माध्यम से 2.30 लाख से अधिक जलदूत बनाए गए
- ग्रामीण क्षेत्रों में पानी चौपाल का आयोजन

### तकनीकी नवाचार
- GIS आधारित SIPRI सॉफ्टवेयर के उपयोग से जल स्त्रोतों का चयन एवं AI आधारित मॉनिटरिंग की गई
- नर्मदा परिक्रमा पथ एवं अन्य तीर्थ मार्गों के डिजिटलीकरण के जरिए श्रद्धालुओं की सुविधाओं का रखा जा सकेगा ख्याल

### पर्यावरणीय एवं कृषि प्रभाव
- 57 प्रमुख नदियों में मिलने वाले 194 से अधिक नालों का चिह्नांकन एवं उनके शोधन के लिए योजना तैयार
- जैव विविधता संरक्षण हेतु घड़ियाल और कछुओं का किया गया जलावतरण
- 145 नदियों के उद्गम क्षेत्रों को चिन्हित कर हरित विकास हेतु योजना तैयार
- अविरल निर्मल नर्मदा योजना में 5600 हेक्टेयर में पौधरोपण प्रारंभ
- वन्य जीवों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु 2500 से अधिक तालाब, स्टॉप डैम का निर्माण
- पौधरोपण हेतु लगभग 6 करोड़ पौधों की नर्सरी विकसित

### वॉटरशेड हेतु कार्य
- ₹1200 करोड़ लागत की 91 वॉटरशेड परियोजनाएं स्वीकृत, 5.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को मिलेगी सिंचाई सुविधा
- 9000 से अधिक जल संरक्षण संरचनाओं के जरिए किसानों को 1 वर्ष में दो से तीन फसलों का मिल रहा लाभ

D-11056/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP jansamparkMP

#जल_गंगा_संवर्धन_अभियान_MP

# पेगासस का भूत अमेरिका में जिन्दा




पेगासस जासूसी कांड का भूत एक बार फिर वैश्विक मंच अमेरिका मैं जिंदा होकर सामने आया है। इस बार अमेरिका की अदालत में पेगासस ने जो जानकारी दी है, उसमें भारत में 100 लोगों की जासूसी की जानकारी भी सामने आई है। जिसके कारण भारत भी कटघरे में खड़ा हो गया है। अमेरिका की कैलिफोर्निया स्थित फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में चल रहे व्हाट्सएप बनाम एनएसओ केस में जो दस्तावेज दाखिल किये गये हैं, उन्होंने भारत सहित 51 देशों में 1223 लोगों की जासूसी किए जाने की पुष्टि की गई है। इस सूची में भारत 100 लोगों की जासूसी के साथ दूसरे स्थान पर है। यह भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय है। भारत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में यह कहकर जांच टलवा दी थी। यह 'राष्ट्रीय सुरक्षा' का मामला है। जबकि पेगासस बनाने वाली कंपनी एनएसओ स्पष्ट कर चुकी है, यह सॉफ्टवेयर केवल सरकारों को ही बेचा जाता है। जब सरकार खरीददार है, तो सरकार इसके लिए जिम्मेदार भी है। भारत की सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था, सरकार ने जांच में कोई सहयोग नहीं दिया। जिसके कारण कमेटी कुछ उल्लेखनीय जांच नहीं कर पाई। अब सवाल यह है, जब अमेरिका की अदालत में सबूतों के साथ जासूसी की पुष्टि हो गई है, उसके बाद भी भारत सरकार और सुप्रीम कोर्ट चुप क्यों है? भारत सरकार को क्या यह स्वीकार नहीं करना चाहिए कि सरकार ने इसका उपयोग राष्ट्रीय हित के लिए किया है। वह कौन से राष्ट्रीय हित थे, यह भी सरकार को सुप्रीम कोर्ट में बताना चाहिए। सरकार ने सत्ता पर पकड़ मजबूत करने के लिए अपनी मशीनरी का इस्तेमाल विरोधियों, पत्रकारों, जजों और मंत्रियों तक की निगरानी के लिए किया है। यह स्पष्ट होना जरूरी हो गया है। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला जैसे नेताओं ने आज सवाल पूछा है। यह सॉफ्टवेयर खरीदा किसने है? किस विभाग के बजट से खरीदा गया है? किस एजेंसी ने निगरानी के लिए इसका इस्तेमाल किया? क्या सरकार अब भी जानकारी देने से बचेगी? लोकतंत्र की पारदर्शिता इसी में है। जब सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों तक की निगरानी पेगासस सॉफ्टवेयर के माध्यम से किए जाने के आरोप लग रहे हों तो ऐसी स्थिति में सरकार और संबंधित विभाग की जवाबदेही तय होना ही चाहिये। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश जिसमें लिखित नियम और कानून का अस्तित्व है यदि उस देश में जवाबदेही तय ना हो, तो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की साख और अस्तित्व संकट में पड़ना तय है। भारत की संप्रभुता और नागरिकों के मौलिक और कानूनी अधिकारों को सत्ता में बैठे हुए लोगों की मनमानी और अपारदर्शी प्रक्रियाओं की भेंट चढ़ा दिया जाएगा। अमेरिका की कोर्ट में जब एनएसओ ने दस्तावेजों के साथ यह स्वीकार कर लिया है कि उसने 51 देशों में 1223 लोगों की जासूसी की है, जिसमें भारत भी शामिल है।

# गलत नीतियों का नतीजा है दुनिया भर में पसरा आतंकवाद



मनोज कुमार अग्रवाल

> आतंकवाद के खात्मा की बात सभी करते हैं लेकिन सब देशों का आतंकवाद पर नजरिया अपना अपना स्वार्थ के कारण अलग-अलग है यही वजह है कि आतंकवाद दुनिया भर में पसर रहा है। आतंकवाद से सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के अधिकतर देश प्रभावित है। यही कारण है कि सभी वैश्विक मंचों से आतंकवाद से निपटने को लेकर एकजुटता दिखायी जाती है और अधिकतर देश आतंकवाद को खत्म करने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराता है।

आतंकवाद को लेकर यह प्रतिवद्धता सिर्फ दिखावा से ज्यादा कुछ नहीं है, क्योंकि अधिकतर देश और एजेंसियां स्वार्थ से वशीभूत होकर आतंकवाद को लेकर दोहरी नीति अपनाते हैं। इसमें सिर्फ आतंकवाद को पोषित और बढ़ावा देने वाले देश ही शामिल नहीं है, बल्कि अमेरिका और बीन जैसे देश भी शामिल है। यही कारण है कि विकास और शांति के लिए आतंकवाद आज सबसे बड़े खतरे के रूप में सामने है। हालांकि इसके बावजूद वैश्विक मंचों से भारत हमेशा ही आतंववाद को लेकर अपनी बात रखता है और दुनिया को सतर्क करता है। एक बार फिर से कनाडा के कनानास्किस में आयोजित जी-7 आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नौति को दोहराया और इस वैश्विक खतरे के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई की मांग की। जी-7 के वैश्विक मंच से पीएम मोदी ने आतंकवाद पर कड़ा रुख दिखाते हुए पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भारत और मानवता पर हमला बताया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को इसकी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने दुनिया से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया और दोहरे मापदंडों से बचने की सलाह दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों का विरोध करता है। पीएम मोदी ने आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को चेतावनी दी और कहा कि वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी नीतियां स्पष्ट होनी चाहिए। अगर कोई भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को पुरस्कृत किया जा रहा है। दुनिया अपनी पसंद के अनुसार प्रतिबंध लगाने में जल्दी करती है। वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए दुनिया की सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए। सिर्फ इतना ही नहीं, भारतीय प्रधानमंत्री ने बिना नाम लिए आईएमएफ और एडीबी पर पाकिस्तान को कर्ज देने के लिए निशाना साधा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि एक तरफ आतंकवाद का विरोध और दूसरी तरफ आतंकवाद का समर्थन करने वालों को पुरस्कृत करने की यह दोहरी नीति ठीक नहीं है। इस दोतरफा नीति को रोकना होगा। दरअसल 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने पहलगाम में आतंकी हमला किया था। इसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर चलाया। पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। इस



बीच, भारत की आपत्तियों के बावजूद आतंकवाद को समर्थन देने वाले पाकिस्तान को कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों से मदद मिल रही है। दोनों देशों के बीच तनातनी के बीच अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ ने पाकिस्तान को 8500 करोड़ रुपये का कर्ज मंजूर किया था। इतना ही नहीं, एक और अंतरराष्ट्रीय संस्था एशियाई विकास बैंक भी पाकिस्तान की मदद के लिए आगे आई। आई। भार भारत की आपत्तियों को दरकिनार करते हुए पाकिस्तान के लिए 800 मिलियन डॉलर यानी 6,000 करोड़ रुपये का लोन मंजूर कर दिया गया। इस घटना से भारत काफी नाराज हुआ। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी 7 की बैठक में बिना नाम लिए उस मुद्दे पर हमला बोला। इतना ही नहीं, अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने %ग्लोबल साउथ% को लेकर चिंता जताई और विश्व नेताओं से इस क्षेत्र पर ध्यान देने की अपील की। अगर देखा जाए तो यह पहली बार नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद पर दोहरी नीति नहीं अपनाने और दुनिया के देशों को एकजुट होने की बात कहीं है। हमेशा से ही वैश्विक मंचों से आतंकवाद को दुनिया को सचेत करते आ रहे हैं। मगर दुःखद बात है कि दुनिया के कई देश आतंवाद को लेकर दोहरी नीति अपना रहे हैं, जिसमें चीन की नीति जगजाहिर है। वह हमेशा से से आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान का साथ देता आ रहा है। अगर बात अमेरिका की की जाए, तो वह भी हमेशा से ही इसी राह पर चलता है, लेकिन दिखावे के लिए आतंवाद पर कार्रवाई की बात जरूर करता है। 26/11 को घटना के बाद दुनिया में यह माहौल बना था कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका सबसे आगे रहेगा। लेकिन, पिछले कुछ समय में ऐसी कई चीजें देखने को मिली हैं, जिससे साफ हो चुका है कि दुनिया का सुपरपावर समझने वाला अमेरिका आतंकवाद के मामले में भी निहित स्वार्थ में डूबा हुआ है। उसे सिर्फ उन आतंकियों से दुश्मनी है, जिससे उसके अपने हित प्रभावित हो रहे हैं। बाकी आतंकवाद को राष्ट्रीय नीति के तौर पर चलाने वाला पाकिस्तान जैसा देश ही क्यों न हो, अमेरिका उनके साथ खड़ा रहेगा। आतंकवाद के मसले पर अमेरिका की दोहरी नीति की सबसे बड़ी पोल उसके सेंट्रल कमांड के चीफ जनरल माइकल कुरिला के एक बयान से खुली है। उन्होंने आतंकवाद से लड़ने में पाकिस्तान को एक %वैल्यूएबल पार्टनर% बताया है। यहां तक कि उन्होंने आतंकी संगठनों से निपटने के लिए पाकिस्तान के साथ सहयोग बढ़ाने की बात कही है। अमेरिकी सीनेट कमेटी के सामने जनरल कुरिला ने कहा कि आईएसआईएस पाकिस्तान अफगानिस्तान बॉर्डर के आदिवासी इलाकों में एक्टिव है। ऐसे में उसके लिए पाकिस्तान की भूमिका और भी अहम हो जाएगी। अमेरिका के एक बड़े अधिकारी ऐसे समय में पाकिस्तान के साथ आतंकवाद पर अपनी तालमेल का महिमामंडन कर रहे हैं, जब पहलगाम आतंकी हमले में जनरल असीम मुनीर की भूमिका का पर्दाफाश हो चुका है। पाकिस्तानी सेना के इसी चीफ के भड़काऊ बयान के हफ्ते भर बाद ही पहलगाम की बैसरन भाटी को पाकिस्तानी आतंकियों ने 26 भारतीय और एक विदेशी नागरिक का धर्म पूछकर उनके खून से लाल कर दिया। मतलब, माइकल कुरिला ने जो कुछ कहा है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो रवैया दिखाया है, उससे कम से कम आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका से कोई उम्मीद करना बेमानी है। आतंकवाद पर अमेरिका और दुनिया के कुछ और ताकतवर देशों का दोहरा चरित्र संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी उजागर हो चुका है।

# जगन्नाथ रथ यात्रा है भगवान को पाने का पर्व

हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है।देवताओं की मूर्तियों को तीन विशाल रथों में ले जाया जाता है जिन्हें उत्साहित भक्त खींचते हैं। यह उत्सव आषाढ़ (जून-जुलाई) महीने के पखवाड़े के दूसरे दिन शुरू होता है और नौ दिनों तक चलता है। इस यात्रा को रथ महोत्सव और गुंडिचा यात्रा के नाम से जाना जाता है। पंचांग के अनुसार, 2025 में तिथि 26 जून को दोपहर 1ः24 बजे से शुरू हुआ और पुरे देश मैं धूमधाम से मनाई जा रही है जो 5मई तक चलेगा । पूरी के जगन्नाथपूरी मैं कहा जाता की भगवान श्री कृष्ण का दिल है दरअसल जब महाभारत मैं गांधारी जो एक पतिव्रता स्त्री थी गांधारी ने महाभारत में कौरवों के नाश के बाद भगवान श्री कृष्ण को श्राप दिया था जिस तरह मेरे सारे पुत्रों कृष्ण के उकसाने पर मारे गए हैं तो तुम्हारे वंश का भी विनाश होगा भगवान कृष्ण चाहते तो इसे बचा सकते थे और कहा जाता है कि द्वारिका नगरी समुद्र मैं डूब गई और भगवान श्री कृष्ण किसी जंगल मैं सोये थे तो किसी जंगल मैं जानवर का एक शिकारी ने



हिरण के शिकार के भ्रम मैं भगवान श्री कृष्ण के पाँव मैं तीर लग गई और तब शिकारी ने कहा कि गलती से भगवान ये बाण लगा मुझे माफ करें तब उन्होंने बताया की यह होना तय था और पिछले जन्म मैं तुम बाली थे और मैं भगवान श्री राम और मैंने तुम्हे धोखे से मारा था उसके बाद भगवान कृष्ण ने प्राण त्याग दिए और पांडवों ने भगवान कृष्ण का अंतिम संस्कार किया था।जिसमें अस्थि के साथ उनका दिल भी था समुद्र मैं प्रवाहित कर दि एक पौराणिक कथा के अनुसार, राजा इंद्रद्युम्न को स्वप्न में भगवान कृष्ण ने दर्शन दिए और अपनी अस्थियों वाला एक संदूक जिसमें दिल भी था जो पुरी में समुद्र किनारे मिलने की बात बताई। भगवान ने राजा को उस संदूक को उसी स्थान पर रखकर उसके ऊपर एक मंदिर बनवाने का आदेश दिया, जिसका नाम जगन्नाथ होगा। भगवान ने यह भी कहा कि मंदिर में कोई मूर्ति नहीं होगी और एक विद्वान को रखा जाएगा जो पवित्र गीता के अनुसार ज्ञान का प्रचार करेगा। राजा ने भगवान से मंदिर के स्थान को दिखाने का अनुरोध किया, और भगवान ने उन्हें वह स्थान दिखायाइस मंदिर का सबसे पहला प्रमाण महाभारत के वनपर्व में मिलता है। कहा जाता है कि सबसे पहले सबर आदिवासी विश्वावसु ने नीलमाधव के रूप में इनकी पूजा की थी। आज भी पुरी के मंदिरों में कई सेवक हैं जिन्हें दैतापति के नाम से जाना जाता है।

संजय गोस्वामी

राजा इंद्रदयुम्न मालवा का राजा था जिनके पिता का नाम भारत और माता सुमति था। राजा इंद्रदयुम्न को सपने में हुए थे जगन्नाथ के दर्शन। कई ग्रंथों में राजा इंद्रदयुम्न और उनके यज्ञ के बारे में विस्तार से लिखा है। उन्होंने यहां कई विशाल यज्ञ किए और एक सरोवर बनवाया। एक रात भगवान विष्णु ने उनको सपने में दर्शन दिए और कहा नीलांचल पर्वत की एक गुफा में मेरी एक मूर्ति है उसे नीलमाधव कहते हैं। तुम एक मंदिर बनवाकर उसमें मेरी यह मूर्ति स्थापित कर दो। राजा ने अपने सेवकों को नीलांचल पर्वत की खोज में भेजा। उसमें से एक था ब्राह्मण विद्यापति। विद्यापति ने सुन रखा था कि सबर कबीले के लोग नीलमाधव की पूजा करते हैं और उन्होंने अपने देवता की इस मूर्ति को नीलांचल पर्वत की गुफा में छुपा रखा है। वह यह भी जानता था कि सबर कबीले का मुखिया विश्वेवसु नीलमाधव का उपासक है और उसी ने मूर्ति को गुफा में छुपा रखा है। चतुर विद्यापति ने मुखिया की बेटी से विवाह कर लिया। आखिर में वह अपनी पत्नी के जरिए नीलमाधव की गुफा तक पहुंचने में सफल हो गया। उसने मूर्ति चुरा ली और राजा को लाकर दे दी। विश्वचवसु अपने आराध्य देव की मूर्ति चोरी होने से बहुत दुखी हुआ। अपने भक्त के दुख से भगवान भी दुखी हो गए। भगवान गुफा में लौट गए, लेकिन साथ ही राज इंद्रदयुम्न से वादा किया कि वो एक दिन उनके पास जरूर लौटेंगे बशर्ते कि वो एक दिन उनके लिए विशाल मंदिर बनवा दे। राजा ने मंदिर बनवा दिया और भगवान विष्णु से मंदिर में विराजमान होने के लिए कहा। भगवान ने कहा कि तुम मेरी मूर्ति बनाने के लिए समुद्र में तैर रहा पेड़ का बड़ा टुकड़ा उठाकर लाओ, जो द्वारिका से समुद्र में तैरकर पुरी आ रहा है। राजा के सेवकों ने उस पेड़ के टुकड़े को तो ढूंढ लिया लेकिन सब लोग मिलकर भी उस पेड़ को नहीं उठा पाए। तब राजा को समझ आ गया कि नीलमाधव के अनन्य भक्त सबर कबीले के मुखिया विश्वूवसु की ही सहायता लेना पड़ेगी। सब उस वक्त हैरान रह गए, जब विश्ववसु भारी-भरकम लकड़ी को उठाकर मंदिर तक ले आए। अब बारी थी लकड़ी से भगवान की मूर्ति गढ़ने की। राजा के कारीगरों ने लाख कोशिश कर ली लेकिन कोई भी लकड़ी में एक छैनी तक भी नहीं लगा सका। तब तीनों लोक के कुशल कारीगर भगवान विश्वेकर्मा एक बूढ़े व्यक्ति का रूप धरकर आए। उन्होंने राजा को कहा कि वे नीलमाधव की मूर्ति बना सकते हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने अपनी शर्त भी रखी कि वे 21 दिन में मूर्ति बनाएंगे और अकेले में बनाएंगे। कोई उनको बनाते हुए नहीं देख सकता। उनकी शर्त मान ली गई। लोगों को आरी, छैनी, हथौड़ी की आवाजें आती रहीं। राजा इंद्रदयुम्न की रानी गुंडिचा अपने को रोक नहीं पाई। वह दरवाजे के पास गई तो उसे कोई आवाज सुनाई नहीं दी। वह घबरा गई। उसे लगा बूढ़ा कारीगर मर गया है। उसने राजा को इसकी सूचना दी। अंदर से कोई आवाज सुनाई नहीं दे रही थी तो राजा को भी ऐसा ही लगा। सभी शर्तों और चेतावनियों को दरकिनार करते हुए राजा ने कमरे का दरवाजा खोलने का आदेश दिया।जैसे ही कमरा खोला गया तो बूढ़ा व्यक्ति गायब था और उसमें 3 अधूरी मूर्तियां मिली पड़ी मिलीं। भगवान नीलमाधव और उनके भाई के छोटे-छोटे हाथ बने थे, लेकिन उनकी टांगें नहीं, जबकि सुभद्रा के हाथ-पांव बनाए ही नहीं गए थे।

# समाज की अंतरात्मा को झकझोरता मातृत्व पर लगा कलंक !

सोनम लववंशी

रिश्तों की कोमल भूमि पर भरोसे के बीज बोए जाते हैं। वहीं से अंकुरित होता है जीवन, वहीं से जन्म लेती है संवेदना। लेकिन अगर मां की कोख से जीवन नहीं, हिंसा जन्म लेने लगे, तो वह केवल एक अपराध नहीं, बल्कि सभ्यता के विनाश का संकेत है। देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार से आई हालिया घटना, जिसमें एक महिला नेत्री ने अपनी ही नाबालिग बेटी का बलात्कार करवाया, ये न केवल एक अमानवीय कृत्य है, बल्कि यह भारतीय समाज की मूल आत्मा पर किया गया क्रूरतापूर्ण आघात भी है। यह वो धरती है, जहां मां को देवी मानकर पूजा गया। जहां मातृभूमि की संकल्पना में राष्ट्र का रूप देखा गया। वही मां, जब शोषण की सूत्रधार बन जाए, सत्ता और वासना के कॉकटेल में नैतिकता की हत्या कर दे, तो इस त्रासदी को केवल अपराध नहीं कहा जा सकता। यह एक आत्महत्या है संवेदना की, परिवार की, और समाज की। यह घटना हमें मजबूर करती है कि हम सिर्फ पुलिस कार्रवाई या न्यायिक प्रक्रिया की प्रतीक्षा न करें, बल्कि आत्ममंथन करें। उस मासूम लड़की के कोमल मन पर क्या बीती होगी, जो दुनिया में सबसे सुरक्षित स्थान अपनी मां की गोद से ही अपमान, उत्पीड़न और दर्द पाती रही। जब बेटी अपनी आंखों में दहशत और सवाल लिए देखती है, और मां जवाब में ये सब करना ही पड़ेगा कहती है, तब ये न सिर्फ विश्वासघात होता है, बल्कि उस नन्हीं आत्मा के साथ एक गहन ऐतिहासिक अन्याय भी।

परिवार को भारतीय समाज में प्राथमिक इकाई कहा गया है ये वो ईकाई जो मनुष्य को मनुष्य बनाती है, जो आत्मा को साकार करती है, जो सभ्यता की नींव रखती है। लेकिन जब वही इकाई भीतर से सड़ जाए, तो कौन से मंदिर, कौन से विद्यालय, कौन सा कानून समाज को बचा पाएंगे? हम टेक्नोलॉजी में आगे बढ़े हैं, लेकिन मूल्य कहाँ पीछे छूट गए? हमारी आत्मा की आवाज़ क्यों मंद पड़ती जा रही है? यह सवाल केवल उस एक मां का नहीं है। यह सवाल हम सबका है क्या हमने परिवारों को एक आर्थिक, सामाजिक संस्था मान लिया है? क्या अब माता-पिता सिर्फ पद और प्रतिष्ठा के साधन बन गए हैं, जहां संवेदनाओं की जगह अब 'इमेज बिल्डिंग' का शोर है? बच्चे अब माता-पिता के 'इंस्ट्रूमेंट' बन रहे हैं कभी विज्ञापन में, कभी सोशल मीडिया पर, और अब, दुर्भाग्य से, अपराध के औजार में भी। हमारा समाज अक्सर बेटी के शोषण पर चुप रहता है क्योंकि अपराध घर के भीतर होता है, पर्दों के पीछे होता है, और 'इज्ज़त' की दीवार बहुत ऊंची होती है। लेकिन इस बार पर्दा खुद मां ने हटाया और अपराध को खुलेआम सहमति दी। यहां चुप रहना कायरता नहीं, सांस्कृतिक आत्मवध है। राजनीति की ज़मीन पहले से ही अपराधों से सनी हुई है, पर जब वह घर की चौखट लांघकर बेटी की अस्मिता तक पहुंच जाए, तो वह सिर्फ सत्ता का पतन नहीं, समाज की मृत्यु है। क्या हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि ऐसी महिला कैसे किसी पार्टी में पद पा गई? क्या हम केवल टिकट बांटते हैं, या चरित्र भी परखते हैं? राजनीति का अपराध से यह सांठगांठ, अब परिवारों के विनाश तक पहुंच चुका है।

भारत की पारिवारिक व्यवस्था हजारों वर्षों से हमारी संस्कृति, सभ्यता और धर्म की नींव रही है। 'परिवार' केवल खून के रिश्तों का नाम नहीं, वह एक नैतिक अनुबंध है जहां बच्चों को संरक्षण, मूल्य और प्रेम मिलता है।

फीचर



# बच्चों के टिफिन में न दे ये चीजें

> अगर आप भी अपने बच्चों को लंच में रोज आलू का पराठा या सैंडविच-पास्ता देकर उसके पोषण का ध्यान रख रही हैं तो आप गलत हैं। बच्चों के विकास के लिए स्कूल लंच में इन चीजों को न दें।

इससे बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ने लगता है।

**आलू पराठा:** सुबह नाश्ते में अधिकतर परिवारों में आलू का पराठा बनाकर खाया जाता है। आलू का पराठा पेट तो भर देता है लेकिन कार्बोहाइड्रेट और वसा से भरपूर होता है। जिससे बच्चों में फाइबर और प्रोटीन की कमी पैदा हो सकती है। इसके अलावा यह पचाने में भी भारी होता है, जिससे बच्चे सुस्ती महसूस कर सकते हैं।

**सैंडविच:** सैंडविच बनाने के लिए जरूरी चीजों में सफेद ब्रेड, मक्खन, आलू और चीज की जरूरत पड़ती है। जो पोषण की कमी पैदा कर सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि सफेद ब्रेड, जिसे मैदा से बनाया जाता है, में फाइबर की कमी होती है। जो बच्चों के बार-बार भूख लगने और मोटापे का कारण बन सकता है।

**मीठे स्नैक्स:** चॉकलेट, कैंडी, कुकीज, केक, मिठाइयां जैसी चीजें स्कूल लंच में पैक करके ना दें। इस तरह की चीजों में चीनी की मात्रा अधिक होने से दांतों की सड़न और एनर्जी लेवल लो हो सकता है। जिससे बच्चे को जल्दी थकान महसूस हो सकती है।

**मसालेदार खाना:** बच्चे के लंच में स्पाइसी फूड जैसे मसालेदार चटनी, तीखी सब्जियां, मिर्ची वाले स्नैक्स भी पैक ना करें। जरूरत से ज्यादा मसाले बच्चों के पेट को नुकसान पहुंचाकर उनके लिए स्कूल में असुविधा पैदा कर सकते हैं।

**मैगी:** मैगी या इंस्टेंट नूडल्स के लिए प्यार, बच्चों से लेकर बड़ों में भी देखा जा सकता है। लेकिन सुबह की पहली मील में मैगी का सेवन, सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें मौजूद प्रिजर्वेटिव, सोडियम और मैदा बच्चों के पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है।

## प्रेरणा


# शांति इंसान के अंदर है

पानी में मिला हुआ नमक दिखाई नहीं देता। इसका यह मतलब नहीं कि वह गायब हो गया। हालांकि आंख से नहीं देख सकते, पर जबान से उसे चख तो सकते हैं। मनुष्य के साथ ही कुछ ऐसा ही होता है। हम शांति को आंखों से नहीं देख सकते, परंतु हृदय से उसका अनुभव कर सकते हैं। वह शक्ति भी सब जगह है- थल में भी है, आकाश, वायु, जल और पेड़ों में भी है और उसी के होने की वजह से आप भी जीवित हैं। आप विश्वास करते हैं कि आपकी जन्मपुंडली में लिखा हुआ है, इसकी वजह से आप जीवित हैं, परंतु नहीं। कौन कब जाएगा, यह किसी को नहीं मालूम। कब क्या होगा, यह किसी को नहीं मालूम। पर लोग अपने जीवन के अंदर इसी चीज का विश्वास करके चलते हैं कि उनको मालूम है कि कल क्या होगा। आप जीते कहां हैं? आज में। कल तो आप जी नहीं सकते। अगर कल आएगा भी तो उसको आज का रूप लेना पड़ेगा। तो आप जीते कहां हैं? आज में। और



आपकी आशाएं कहां हैं? कल में। आप चिंता किसकी करते हैं? कल की। और कल कभी आएगा नहीं। सारी जिंदगी आज में आपको जीना है। संस्कार यह डालने चाहिए कि आपके अंदर शांति है, उसे खोजो, उसको महसूस करो। अगर शांति-शांति कहने से ही शांति हो जाती तो अब तक तो हो जानी चाहिए थी। अब तक नहीं हुई है, तो कम से कम कुछ तो बदलिए। क्या बदलिए? मुंह को बंद कीजिए और अंतर्मुख होकर हृदय को खोलिए। क्योंकि शांति को पैदा करने की जरूरत नहीं है। शांति तो स्वयं आपके अंदर है, जैसे वह नमक जो पानी में मिला हुआ है, वैसे ही शांति भी आपके अंदर है।

## अपनी बात



जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने राज्य को देश के प्रमुख गोल्फ स्थलों में से एक बनाने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी मौजूदगी उत्साहजनक है। उन्होंने गोल्फ टूर्नामेंट और कश्मीर में पर्यटन हितधारकों की बातचीत के आयोजन के लिए फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) का भी आभार व्यक्त किया।



तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री अन्बिल महेश पोयामोझी ने कहा है कि कर्नाटक में हिंदी भाषा थोपने के चलते 90 हजार छात्र बोर्ड एग्जाम में फेल हो गए। मंत्री पोयामोझी ने कहा कि तीसरी भाषा एक विकल्प होना चाहिए, न कि एक मजबूरी। साथ ही शिक्षा नीतियों में लचीलापन की जरूरत पर जोर दिया। केंद्र सरकार पर सीधा हमला करते हुए उन्होंने संघीय सरकार पर उच्च प्रदर्शन करने वाले राज्यों जैसे तमिलनाडु और केरल से महत्वपूर्ण शिक्षा फंड रोकने का आरोप लगाया।

## ब्रीफ न्यूज

### बूढ़े बालाजी के पास अज्ञात बाइक सवार ने मारी टक्कर, व्यक्ति घायल

**गुना।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़े बालाजी कलारी के पास रविवार रात एक अज्ञात बाइक सवार ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस हादसे में 49 वर्षीय राजेश कलावत पिता तोफान सिंह कलावत, निवासी बूढ़े बालाजी हरिपुर रोड घायल हो गए। राजेश कलावत रात करीब 10 बजे किसी काम से अपने घर से जयस्तंभ चौराहे की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे बूढ़े बालाजी कलारी के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में राजेश के हाथ, पैर और सिर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

### मृगवास पुलिस ने दो लाख की स्मैक के साथ तीन तस्कर दबोचे

**गुना।** जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मृगवास थाना पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। बीती शाम थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गोपाल चौबे के नेतृत्व में सानई क्षेत्र में की गई सघन वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से लगभग 20.44 ग्राम स्मैक और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। जब्त की गई स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपये आंकी गई है, जबकि बाइक की कीमत 1 लाख रुपये बताई गई है।

### तहसीलदार राघौगढ द्वारा आंतरिक परिवाद समिति का किया गठन

**गुना।** तहसीलदार राघौगढ अमित सोनी द्वारा महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिशेध, प्रतितोष) अधिनियम 2013 की धारा-4 के अनुसार तहसील राघौगढ अंतर्गत आंतरिक परिवाद समिति का गठन किये जाने के आदेश जारी किये गये हैं। जारी आदेशानुसार नायब तहसीलदार राघौगढ रेणु कांसलीवाल को अध्यक्ष, पटवारी तहसील राघौगढ मंजू गोतम, सहा0ग्रेड 0-3, तहसील राघौगढ़ देवयंती तोमर, मंगल सेवा समिति (एन.जी.ओ) से सरिता सैनी एवं सपना साहू को सदस्य नियुक्त किया गया हैं। उक्त अधिनियम के अंतर्गत कार्यालय में यदि कोई शिकायत प्राप्त होती हैं, तो आंतरिक परिवाद समिति प्राप्त शिकायतों का अधिनियम के तहत निराकरण की कायवाही करेगी।

विजयवर्गीय कॉम्प्लेक्स के व्यापारियों ने रखी दो मांगें, कहा...

# वैकल्पिक व्यवस्था मिले और दुकानें हमें ही मिलें

**पत्रकार वार्ता आयोजित, सिंधिया के आश्वासन से व्यापारी संतुष्ट**

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के विजयवर्गीय कॉम्प्लेक्स से जुड़े व्यापारियों ने रविवार को एक निजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के माध्यम से अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए मीडिया, प्रशासन और आमजन के बीच फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। इस अवसर पर विजयवर्गीय कॉम्प्लेक्स व्यापारी संघ की ओर से जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि वे किसी भी कीमत पर जान-माल की हानि नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हायर सेकंडरी स्कूल कॉम्प्लेक्स की छत का हिस्सा गिरने की घटना के बाद प्रशासन द्वारा कॉम्प्लेक्स को जर्जर घोषित किया गया और पुनर्निर्माण के निर्देश दिए गए, जिसे वे सहर्ष स्वीकार करते हैं। हालांकि मीडिया में यह प्रचारित किया गया कि व्यापारी जान जोखिम में डालकर दुकानें खाली नहीं कर रहे, यह निराधार है। इधर शहर के विजयवर्गीय कॉम्प्लेक्स को लेकर चल रहा विवाद अब दो स्पष्ट धाराओं में बंट गया है। एक ओर जहां व्यापारियों ने सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिले आश्वासन के बाद अपनी संतुष्टि जाहिर करते हुए कॉम्प्लेक्स खाली करने की सहमति जताई है, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने इस मुद्दे पर 18 जून को कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक से खुद को पूरी तरह अनभिज्ञ बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पालिका परिषद इस मुद्दे पर पूर्व में ही ठोस निर्णय ले चुकी है और अब बैठक की आवश्यकता नहीं थी।

इस मौके पर पत्रकारवार्ता में व्यापारियों ने दो प्रमुख मांगे रखी हैं। पहली कॉम्प्लेक्स के पुनर्निर्माण के बाद दुकानों का यथास्थान और यथासाइज आवंटन उन्हीं व्यापारियों को किया जाए जो वर्तमान में किराएदार हैं। दूसरी निर्माण कार्य के दौरान व्यापार प्रभावित न हो, इसके लिए बापू पार्क स्थित रिक्त स्थान पर अस्थायी रूप से दुकानें संचालित करने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। व्यापारी संघ ने बताया कि यह मुद्दा क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के संज्ञान में भी लाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार के माध्यम से यह बात दिशा समिति की बैठक में उठाई गई थी, जहां सिंधिया ने आश्वासन दिया कि न केवल कॉम्प्लेक्स का पुनर्निर्माण शीघ्र कराया जाएगा, बल्कि दुकानों का पुनः वितरण भी निष्पक्षता से किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि 52 दुकानों के पुनर्निर्माण में आने वाला खर्च वर्तमान किराएदारों से नियमानुसार वसूल किया जाए। व्यापारी संघ ने स्पष्ट किया कि यदि सिंधिया जैसे जनप्रतिनिधि का आश्वासन मिल गया है तो उन्हें किसी और से आश्वासन की आवश्यकता नहीं है। प्रेस वार्ता में यह भी बताया गया कि पूर्व में नगरपालिका द्वारा बिना सूचना के दुकानों की बिजली काट दी गई थी, जो बाद में व्यापारी आग्रह पर पुनः चालू की गई। व्यापारी प्रशासन विरोधी नहीं हैं, लेकिन उनकी भी समस्याएं प्रशासन समझे और समाधान करे। व्यापारियों ने बताया कि सोमवार 30 जून को वे जिलाधीश और नगरपालिका अधिकारियों से बैठक कर सांसद सिंधिया के निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही की रूपरेखा तय करेंगे। उन्होंने पुनः दोहराया कि वे सांसद के हर आदेश का अक्षरशः पालन करेंगे और प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।

### नपाध्यक्ष बोलीं, परिषद दो साल पहले ही कर चुकी है दुकानें खाली कराने का निर्णय

इधर नगर पालिका परिषद गुना की अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने विजयवर्गीय परिसर को लेकर उपखंड मजिस्ट्रेट को पत्र लिखकर स्थिति स्पष्ट की है। पत्र में उन्होंने बताया है कि विजयवर्गीय कॉम्प्लेक्स नगर पालिका की संपत्ति है और इसका रख-रखाव व निर्णय नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। परिसर की मौजूदा स्थिति गंभीर है, भवन जर्जर हो चुका है और किसी भी समय हादसे का कारण बन सकता है, इसीलिए नगर पालिका द्वारा पूर्व से ही इसे लेकर कदम उठाए जा चुके हैं। पत्र में नपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि 18 जून 25 को कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक की उन्हें न तो मौखिक और न ही लिखित जानकारी दी गई थी, जबकि यह नगर पालिका से संबंधित नीतिगत मामला था। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद ने इस मामले को पहले ही गंभीरता से लेते हुए 20 फरवरी 2023 को आयोजित साधारण सम्मेलन में प्रस्ताव क्रमांक 21 पारित किया था, जिसमें सर्वसम्मति से दुकानों को खाली कराने का निर्णय लिया गया था।

रविवार सुबह फिर किया चक्काजाम

# शिक्षक की हत्या के खिलाफ देर रात परिजनों ने स्टेट हाईवे पर किया चक्काजाम

### 19 पर हत्या व एससी-एसटी एक्ट में केस, 11 आरोपी गिरफ्तार



**परिजनों की मांग-पहले चले बुलडोजर, फिर होगा अंतिम संस्कार**

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के आरोन थाना क्षेत्र के गेहूंखेड़ा गांव में शनिवार शाम जमीन विवाद को लेकर हुई हिंसक वारदात के बाद देर रात हालात तनावपूर्ण हो गए। विवाद में घायल शिक्षक की मौत के बाद परिजनों और समाज के लोगों ने आरोन-सिरोंज स्टेट हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने साफ तौर पर प्रशासन के सामने मांग रखी कि जब तक हमलावरों के घरों पर बुलडोजर नहीं चलाया जाएगा, तब तक वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर किशोर कन्याल और पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी देर रात मौके पर पहुंचे। वहीं अब तक पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इधर रविवार 12 बजे के करीब फिर परिजनों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। जिसके बाद दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर मौके पर पुलिस और प्रशासन पहुंचा। उल्लेखनीय है कि हमले में घायल हुए शिक्षक ब्रह्मदास अहिरवार (50) को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया था, जहां से उन्हें ग्वालियर रैफर किया गया। परिजन जब तक उन्हें बाहर ले जाते, तब तक उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतक के बेटे और वेयरहाउस में कार्यरत एक कर्मचारी को भी गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक की हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है।

दरअसल आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम गेंहूखेड़ा में शनिवार को पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस घटना में एक पक्ष के ब्रह्मदास अहिरवार की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हत्या, हत्या के प्रयास, बलवा और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में 19 आरोपियों पर केस दर्ज किया है। घटना के संबंध में घायल सत्या उर्फ सत्यनारायण अहिरवार ने आरोन अस्पताल में पुलिस को दिए बयान में बताया कि 28 जून को दोपहर करीब 2:30 बजे वह, उनके पिता ब्रह्मदास, चाचा सुनील, सुरेश और मुनेश अहिरवार डेयरी प्लांट पर बैठे थे। तभी गांव के रघुवीर बुनकर सहित उसके परिजन और रिश्तेदारों ने हथियारों के साथ हमला कर दिया। सभी ने मिलकर लाठी, फर्सा और रॉड से एक राय होकर जानलेवा हमला किया, जिससे पांचों को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने सत्या की रिपोर्ट पर आरोपियों रघुवीर, लाखन, मुकेश, कमल सिंह, वीर सिंह, संतोष, अमर सिंह, भोला उर्फ किशन, शिवा, अभिषेक, शिवम, मंगल, रामस्वरूप, निखिल, रवि, नीतेश, विशाल, अजय व छोटू के खिलाफ धारा 109, 296, 115(2), 118(1), 191(2), 191(3), 190 बीएनएस व एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है। ब्रह्मदास की मौत के बाद मामले में हत्या की धारा 103(1) भी जोड़ी गई है। पुलिस ने रात में ही दबिशें देकर 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि शेष की तलाश जारी है।

एसपी अंकित सोनी ने पीड़ित परिवार से भेंट कर न्याय का भरोसा दिलाया और गंभीर रूप से घायल सुनील अहिरवार को बेहतर इलाज के लिए भोपाल हमीदिया अस्पताल रेफर कर समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं शनिवार देर शाम जब शिक्षक का शव गांव लाया गया, तो बड़ी संख्या में समाजजन एकत्र हो गए और उन्होंने स्टेट हाईवे को जाम कर दिया। लोगों की मांग है कि जिस तरह अन्य मामलों में बुलडोजर कार्रवाई की जाती है, उसी तरह आरोपियों के घरों पर भी प्रशासन तत्काल कार्रवाई करे।

## महिलाओं पर बढ़ते अपराध और नशे-अश्लीलता के खिलाफ एआईएमएसएस का जिला सम्मेलन आयोजित



सत्ता सुधार ■ गुना

ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन का छठवां जिला महिला सम्मेलन गुना में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिलेभर से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चियों पर बढ़ते अपराधों, नशा, अश्लीलता और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संगठित जनआंदोलन की आवश्यकता पर प्रकाश डालना रहा। सम्मेलन की मुख्य वक्ता एआईएमएसएस की राज्य अध्यक्ष जोली सरकार ने अपने संबोधन में कहा कि देश और प्रदेश में महिलाओं-बच्चियों पर जघन्य अपराधों की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। हाल ही में गुना जिले में घटित मामलों की उन्होंने विशेष रूप से चर्चा की–म्याना में 10 वर्षीय बच्ची से बलात्कार, चाचौड़ा में 8 वर्षीय बच्ची से पिता द्वारा दुष्कर्म और हत्या, बमोरी में 13 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या, बीनागंज में शादी से इनकार करने पर युवती की हत्या तथा ग्वालियर में 5 वर्षीय मासूम के साथ हैवानियत की घटनाएं समाज की भयावह स्थिति को दर्शाती हैं। राज्य सचिव रचना अग्रवाल ने कहा कि इन अपराधों के पीछे न केवल पुरुष प्रधान मानसिकता जिम्मेदार है, बल्कि सरकारों की शराब और अश्लीलता को बढ़ावा देने वाली नीतियां, और प्रशासन की उदासीनता भी इसके लिए उत्तरदायी है। उन्होंने कहा कि जब तक अपराधियों को कड़ी सजा नहीं दी जाती, तब तक बेटियों की सुरक्षा केवल एक सपना ही बनी रहेगी। सम्मेलन में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि छोटे बच्चों पर हो रहे अपराधों के खिलाफ जुझारू जनआंदोलन जरूरी है। उन्होंने शिवदास घोष के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि समाज की प्रगति में स्त्री और पुरुष दोनों की समान भूमिका होती है। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर विशेष प्रस्ताव और मुख्य सामाजिक प्रस्ताव पारित किए गए। सम्मेलन का संचालन निहारिका सिंह ने किया। अध्यक्षीय उद्बोधन जिला अध्यक्ष संगीता आर. बी. ने दिया और भोपाल नगर सचिव आरती शर्मा ने भी विचार रखे। प्रतिनिधि अधिवेशन में संगठन की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा हुई। संगीता आर. बी. को जिला अध्यक्ष और सीमा राय को जिला सचिव निर्वाचित किया गया। साथ ही 33 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी व 41 महिलाओं की जिला काउंसिल का गठन किया गया।

# जय जगन्नाथ के जयकारों से गुंजायमान हुआ गुना नगर, भव्य रथयात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

सत्ता सुधार ■ गुना



रविवार को गुना शहर धर्ममय वातावरण से सराबोर हो उठा जब अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के तत्वाधान में भगवान श्री जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा जी की भव्य रथयात्रा नगर में निकाली गई। रिमझिम बारिश की फुहारों के बीच भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। श्रद्धालु भजनों पर झूमते, नाचते, हरिनाम संकीर्तन करते हुए रथयात्रा में शामिल हुए और जय जगन्नाथ के जयकारों से पूरे नगर को गुंजायमान कर दिया। यह पावन यात्रा शहर के जज्जी बस स्टैंड के पास स्थित एक होटल से प्रारंभ हुई और नगर के प्रमुख मार्गों, बाजारों से होते हुए गायत्री मंदिर के पास स्थित गार्डन तक पहुंचकर संपन्न हुई। रथ उज्जैन से विशेष रूप से मंगवाया गया था, जिसमें भगवान श्री जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा जी की अलौकिक प्रतिमाएं पूरे वैदिक विधि-विधान से विराजित की गईं। रथयात्रा से पूर्व इन प्रतिमाओं का भव्य अभिषेक एवं पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं के बीच भगवान के रथ की रस्सी पकड़ने और उसे खींचने की होड़ मची रही। कई रसिकजन रथ के आगे झाड़ू लगाते हुए चलते नजर आए, जो इस परंपरा की विशेष भक्ति भावना को दर्शाता है। श्रद्धा और भक्ति की इस यात्रा में छोटे-बड़े, युवा-वृद्ध, महिलाएं और बच्चे भी उत्साह से शामिल हुए। भगवान के दिव्य शृंगार के दर्शन पाकर हर कोई भावविभोर हो उठा। रथयात्रा के मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया गया। नगर के प्रमुख समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों ने भी रथयात्रा में सहभागिता की।

# जमीनी विवाद में भाई ने भाई पर कुल्हाड़ी और डंडों से किया हमला, तीन घायल, केस दर्ज

सत्ता सुधार ■ गुना



जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में पारिवारिक जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब नवीन कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय खुशाल सिंह केवट पर उनके सगे भाई रामबाबू केवट और उसके परिजनों ने खेत में घुसकर कुल्हाड़ी, हसिया और डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में खुशाल सिंह, उनकी पत्नी श्यामबाई और बेटा विनोद गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। घायल खुशाल सिंह ने अस्पताल में बताया कि उन्हें उनके खेत पर काम कर रहे हरवाहे ने फोन कर सूचना दी कि रामबाबू अपने परिवार के साथ ट्रैक्टर लेकर खेत जोत रहा है। जब वे अपनी पत्नी के साथ खेत पहुंचे तो रामबाबू, उसकी पत्नी उषाबाई और बेटी पूजा वहां मौजूद थे। पूजा ट्रैक्टर चला रही थी। जब खुशाल सिंह ने रामबाबू से खेत जोतना रोकने को कहा तो उसने गालियां देना शुरू कर दिया और फिर हाथ में ली कुल्हाड़ी से उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे खून बहने लगा। इतने में जसमन, गुड़िया और मुकेश केवट भी वहां पहुंच गए और डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए खुशाल सिंह की पत्नी श्यामबाई पर उषाबाई ने हसिया से वार किया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। वहीं मुकेश ने श्यामबाई को डंडे से मारा। इसी दौरान गुड़िया ने विनोद पर डंडे से हमला किया। पूजा ने भी खुशाल को धक्का दे दिया, जिससे वह नीचे गिर पड़े और उन्हें शरीर के कई हिस्सों में चोट आई। घटना के दौरान खेत पर मौजूद शम्मा खान और तालिव पठान ने बीच-बचाव कर हमले को रोका।

‘प्रेम’ बना अपहरण का बहाना, रास्ते में मारपीट, थाने में दोनों पक्ष आमने-सामने

# सरकारी एंबुलेंस से युवक को उठाकर ले गए लड़की के परिजन

सत्ता सुधार ■ गुना



जिले के केंट थाना क्षेत्र में गत दिवस एक ऐसा मामला सामने आया जिसने पुलिस और प्रशासन दोनों को असहज कर दिया। आमतौर पर मरीजों की सेवा के लिए दौड़ने वाली सरकारी एंबुलेंस इस बार अपहरण और मारपीट का माध्यम बन गई। घटना विकास नगर स्थित एक कपड़ा शोरूम के पास की है, जहां से एक युवक का दिनदहाड़े अपहरण कर लिया गया और सरकारी एंबुलेंस क्रमांक सीजे 04 एनडब्ल्यू 8749 में बैठाकर झागर गांव की ओर ले जाया गया। रास्ते भर युवक के साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकियां दी गईं। इस सनसनीखेज घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित युवक के परिजन केंट थाने पहुंचे। उन्होंने न केवल मामले की शिकायत की बल्कि खुद ही आरोपियों को ढूंढ निकाला और एंबुलेंस समेत थाने ले आए। प्रारंभिक जांच के बाद इस पूरे मामले की जड़ प्रेम प्रसंग में निकली। पीड़ित युवक निक्की केवट ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मां को विकास नगर छोड़कर लौट रहा था, तभी कुछ लोग आए और उसे पकड़ लिया। उसने बताया, इन लोगों ने अपने परिचित एंबुलेंस वाले को बुलाया और उसमें जबरन ठूंसकर मुझे झागर ले गए। रास्ते भर मुझसे मारपीट की गई। बड़ी मुश्किल से पुलिस ने मुझे वहां से छुड़ाया। वहीं दूसरी ओर, लौटते वक्त सिंघाड़ी के पास युवक के परिजनों ने एंबुलेंस चालक नीरज के साथ भी मारपीट कर दी। एंबुलेंस चालक ने इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसका कहना है, लड़की के परिजन मेरे परिचित हैं। उन्होंने कहा कि झागर जाना है और चूंकि मुझे वहां से एक मरीज को रैफर लेकर आना था, तो उन्हें बैठा लिया। मुझे नहीं पता था कि यह मामला प्रेम प्रसंग और अपहरण से जुड़ा है। लेकिन रास्ते में लड़के वालों ने मेरे साथ भी मारपीट की। पुलिस जांच में पता चला है कि युवक की बातचीत एक युवती से काफी समय से चल रही थी। जब यह बात युवती के परिजनों को पता चली, तो उन्होंने गुस्से में आकर युवक का अपहरण कर लिया। मामले को लेकर अब दोनों पक्ष थाने में आमने-सामने हैं। थाने में परिजनों के बीच देर रात तक सुलह की कोशिशें भी चलती रहीं। बहरहाल यह मामला कई सवाल खड़े करता है। आखिर सरकारी एंबुलेंस जो समय पर मरीजों को नहीं मिलती, उसका उपयोग कैसे अपहरण के लिए किया गया? क्या एंबुलेंस की निगरानी व्यवस्था इतनी ढीली है कि उसका इस्तेमाल अपराध में होने लगे? यह घटना स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगाती है। इस पूरे घटनाक्रम पर एडिशनल एसपी मानसिंह ठाकुर ने बताया कि यह मामला प्रेम प्रसंग का है। युवती युवक के साथ रहना चाहती है लेकिन उसके परिजन इसके लिए राजी नहीं हैं। दोनों पक्षों के बीच सामाजिक स्तर पर बातचीत जारी है लेकिन फिलहाल किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं।

## एफडीडीआई गुना में डीजीआर अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण संपन्न

सत्ता सुधार ■ गुना

एफडीडीआई गुना परिसर में रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन नामांकित सैनिक अधिकारियों के तीन माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अभ्यर्थियों ने फुटवियर उद्योग के विविध पहलुओं का गहन अध्ययन किया, जिसमें संस्थागत वातावरण में मशीनों पर प्रायोगिक अभ्यास, कक्षा सत्रों में सैद्धांतिक प्रशिक्षण, तथा उद्योगों में ऑन-जॉब ट्रेनिंग शामिल रही। तीन माह की इस अवधि में अभ्यर्थियों ने तकनीकी कौशल, उत्पाद डिज़ाइन, उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण आदि क्षेत्रों में व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किया। समापन समारोह के अवसर पर अभ्यर्थियों द्वारा अपने कौशल का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने अपने द्वारा तैयार किए गए फुटवियर उत्पादों को प्रदर्शित कर न केवल अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया, बल्कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित तकनीकी दक्षता को भी प्रस्तुत किया। उत्पाद प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल एवं आमंत्रित अतिथियों ने उनके कार्यों की प्रशंसा की। पूर्व सैनिक राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और अनुशासन के साथ जब उन्हें उद्योग से जुड़ा तकनीकी प्रशिक्षण मिलता है।

# लीवर खराब करती हैं 7 गलतियां, समय रहते करें केयर

शरीर में लीवर एक महत्वपूर्ण अंग होता है। आप जो भी खाते, पीते हैं, सांस के माध्यम से ऑक्सीजन लेते हैं लीवर उन सभी को प्रोसेस करता है। इसके अलावा यह शरीर से टॉक्सिन्स को भी बाहर निकालता है। साथ ही हार्मोन्स को रेगुलेट करने में भी लीवर की अहम भूमिका होती है लेकिन आपके द्वारा अनजाने में की जाने वाली कुछ गलत आदतें लीवर को नुकसान पहुंचाती हैं, जिसके कारण लीवर खराब होने तक की नौबत आ जाती है। ऐसे में अगर आप भी लीवर को खराब होने से बचाना चाहते हैं तो आज ही इन आदतों को छोड़ दें।



## दवाइयों का ज्यादा सेवन

कई लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें छोटी-छोटी प्रॉबलम्स में भी पेन किलर खाने की आदत होती है। मगर आपको यह नहीं पता कि पेन किलर दर्द तो कम कर देता है लेकिन लीवर नुकसान पहुंचाता है।

## सॉफ्ट ड्रिंक्स

सॉफ्ट ड्रिंक्स में शुगर और प्रीजर्वेटिव्स अधिक मात्रा में होते हैं, जो ना सिर्फ वजन बढ़ाते हैं बल्कि लीवर को नुकसान पहुंचाते हैं। साथ ही सॉफ्ट ड्रिंक्स में पाए जाने वाले अन्य तत्व लीवर को डैमेज भी कर देता है।

## आयरन फूड्स का अधिक सेवन

अगर आप आयरन से भरपूर चीजों का अधिक सेवन करते हैं तो इससे लीवर खराब हो सकता है। जी हां, शरीर में अधिक आयरन हो जाने की वजह से लीवर डैमेज होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप आयरन फूड्स का सेवन लिमिट में करें।

## ब्रेकफास्ट ना करना

ऑफिस जल्दी जाने या वजन कम करने के चक्कर में कुछ लोग नाश्ता नहीं करते है लेकिन यह बहुत गलत आदत है। सुबह जब आप सो कर उठते हैं तो शरीर में ग्लूकोज का स्तर बहुत कम होता है। इससे लीवर के काम में गलत असर पड़ता है इसलिए सुबह का ब्रेकफास्ट सही ढंग से करें। यह न सिर्फ हमारे लीवर बल्कि हमारे स्वस्थ रहने के लिए भी जरूरी है।

## देर से सोना या जागना

आजकल के युवाओं में देर से सोने और उठने की आदत पाई जाती है लेकिन यह भी एक ऐसी गलत आदत है, जिसे छोड़ना बहुत जरूरी है। जल्दी सोने और जल्दी उठने से न सिर्फ आप स्वस्थ रहते हैं बल्कि इससे लीवर विषैले टॉक्सिंस को आसानी से डिटॉक्स भी कर पाता है।

## प्रोटीन की अधिकता वाला भोजन करें

जो लोग लीवर सिरोसिस की बीमारी से पीड़ित हैं, उन्हें अधिक प्रोटीन वाला भोजन करना चाहिए, ताकि लीवर खुद ही स्वयं की मरम्मत कर ले। ध्यान रखें कि लीवर तभी खराब होता है, जब हम ऐसा भोजन करते हैं, जिसमें पोषक तत्व कम होते हैं।

## शराब का अधिक सेवन

शराब, धूम्रपान का अधिक सेवन ना सिर्फ लीवर को खराब करता है बल्कि यह अन्य बीमारियों का घर भी है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप शराब से दूरी बनाकर रखें।

# शुगर लेवल बढ़ाती हैं ये सब्जियां डायबिटिक पेशेंट करें परहेज

डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है, जो कि साइलेंट किलर की तरह अटैक करती है। इस बीमारी में सबसे जरूरी है शुगर लेवल कंट्रोल करना, जिसके लिए खान-पान का खास ख्याल रखना पड़ता है। आज हम आपको ऐसी ही कुछ सब्जियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे डायबिटीक पेशेंट को परहेज करना चाहिए क्योंकि ये शुगर लेवल बढ़ाने का काम करती हैं। याद रखें डायबिटीज में डाइट को कंट्रोल कर के ही इसे सही किया जा सकता है क्योंकि डाइट से ही शुगर लेवल कम और बढ़ सकता है।




## क्या है टाइप 1-2 डायबिटीज

टाइप-1 डायबिटीज एक ऑटो इम्यून रोग है, जिसका संबंध वजन बढ़ने या कम होने से है। टाइप-2 डायबिटीज एक ऐसी स्थिति है, जिसमें रक्त में ग्लूकोज का स्तर बहुत ज्यादा बढ़ जाता है।

## ब्लड शुगर की सामान्य मात्रा

ब्लड शुगर का चेकअप हमेशा खाली पेट ही करवाना चाहिए। इसके लिए आपको 8 से 10 घंटे भूखे रहना चाहिए। वहीं खाली पेट ब्लड शुगर लेवल की सामान्य मात्रा 70 से 110 mg/dl होती है और खाना खाने के बाद शुगर की सामान्य मात्रा 140 से 160 mg/dl होनी चाहिए।

## डायबिटीज पेशेंट्स ना खाएं ये सब्जियां

### चुकंदर

भले ही चुकंदर सेहत के लिए फायदेमंद होता हो लेकिन डायबिटिक मरीजों को इसका सेवन नहीं करना चाहिए। इसमें मिठास ज्यादा होती है, जो शुगर लेवल बढ़ाने का काम करती है।

### बींस

यह भले ही हरी सब्जी हो लेकिन इसमें स्टार्च ज्यादा होने के कारण इसे खाने से बचना चाहिए। अगर आपको बीन्स खाना बहुत पसंद है तो इसे उबालकर खा लें लेकिन सीमित मात्रा में।

### स्वीट कॉर्न

इसमें मीठास के साथ-साथ स्टार्च भी भरपूर होता है। ऐसे में ये किसी भी रूप में ये सेहत के लिए सही नहीं होता, खासकर डायबिटीज रोगियों के लिए तो बिलकुल नहीं।

### टमाटर

टमाटर में सिट्रिक एसिड का मात्रा बहुत ज्यादा होता है। साथ ही इसमें कुछ मात्रा शुगर की भी होती है। ऐसे में इसका सेवन भी डायबिटीज मरीजों को नुकसान पहुंचा सकता है। बेहतर होगा कि आप इससे परहेज करें।

### सूरन और अरबी

अरबी और सूरन भी स्टार्च युक्त सब्जी होती है। साथ ही इसमें मीठा भी अधिक मात्रा में होता है, जिस वजह से डाबिटीज मरीजों को इसका सेवन नहीं करना चाहिए।

# जवानी में ही घुटनों के दर्द का कारण बनती हैं ये 8 गलत आदतें



लोग आजकल कम उम्र में ही कई बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, जिसमें से एक हैं घुटनों का दर्द। घुटने का अचानक से चटक जाना या उठते बैठते दर्द होना अब आम समस्या बनती जा रही है। कम उम्र में यह समस्या होने का सबसे मुख्य कारण गलत फुटवियर, खराब खान-पान और अधिक वेट हैं। वहीं इसके अलावा भी आपकी कई ऐसी गलत आदतें हैं, जो कम उम्र में ही घुटनों के दर्द का कारण बनती है। अगर आप भी इस समस्या का सामना कर रहे हैं तो दवाइयां खाने की बजाए अपनी आदतों में सुधार करें।

## महिलाओं के घुटनें जल्दी होते हैं खराब

शोध के अनुसार, पुरुषों की तुलना में महिलाओं के घुटने जल्दी खराब होते हैं। भारतीय महिलाओं में घुटने की समस्याओं की शुरूआत के लिए औसत उम्र 50 साल है, जबकि भारतीय पुरुषों में यह 60 साल है। महिलाओं में घुटने की समस्याओं के जल्द शुरू होने का कारण मोटापा, व्यायाम ना करना, धूप में कम रहना, हाई हील्स पहनना और खराब पोषण है।

## मोटापा है घुटनों के दर्द कारण

घुटने में दर्द की एक बड़ी वजह है मोटापा। दरअसल, शरीर का अधिक भार हमारे घुटनों को ही उठाना पड़ता है। ऐसे में अधिक वजन के कारण घुटनों पर ज्यादा भार पड़ता है, जिससे जोड़ों को नुकसान होता है। इसके अलावा मोटापे से ऑस्टियोपोरोसिस होने का खतरा भी बढ़ जाता है।



## जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज

फिट दिखने के लिए आजकल यंगस्टर्स ओवर एक्सरसाइज करते हैं लेकिन जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज घुटनों में दर्द के साथ-साथ अन्य प्रॉब्लम्स का कारण भी बनती है। अगर आप एक्सरसाइज करना ही चाहते हैं तो ट्रेनर से सलाह लेकर अपनी जरूरत अनुसार वर्कआउट करें।

## प्रोटीन सप्लीमेंट्स

लड़के बॉडी बनाने के लिए कई तरह के प्रोटीन सप्लीमेंट्स लेते हैं लेकिन कुछ प्रॉडक्ट्स में स्टेरॉयड नामक तत्व होता है। इससे नसें सिकुड़ जाती है, जिससे बोन टिशू डैमेज हो जाते है, जो बाद में जोड़ों के दर्द का कारण बनता है।

## ट्रेडमील पर ज्यादा दौड़ना

ट्रेडमील पर ज्यादा दौड़ना भी सही नहीं होता, क्योंकि जब आप मशीन पर दौड़ते है तो इससे घुटनों पर असर ज्यादा होता है। इससे घुटने की त्रिकोण वाली हड्डी पर दबाव पड़ता है। इतना ही नहीं, इससे घुटने के कार्टिलेज घिसने लगते हैं, जो बाद में दर्द का कारण बनते हैं।

## भरपूर नींद ना लेना

कुछ लोग काम या लेट नाइट पार्टी के चक्कर में देर से सोते हैं, जिसके कारण उनकी नींद पूरी नहीं हो पाती। मगर आपको बता दें कि आपकी यह गलत ना सिर्फ घुटनों बल्कि अन्य बीमारियों को भी न्यौता देती है। ऐसे में अपने मसल्स और जोड़ों को हेल्दी रखने के लिए 8 घंटे नींद जरूर लें।



## ज्यादा देर तक बैठे रहना

जब आप एक ही जगह पर ज्यादा देर तक बैठे रहते हैं तो शरीर में खून का संचार सही तरह से नहीं हो पाता, जिसकी वजह से जोड़ों में दर्द होने लगता है। ऐसे में काम करते वक्त बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक जरूर लें। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होगा और घुटनों के दर्द की परेशानी नहीं होगी।

## गलत खान-पान

घुटनों दर्द का मुख्य कारण जोड़ों में यूरिक एसिड का जमना है। आमतौर पर शराब का ज्यादा सेवन और लंबे समय तक भोजन न करने के कारण जोड़ों में यूरिक एसिड जमा हो जाता है। इसके अलावा ज्यादा फास्ट फूड, मीट, मसाले, चीनी, नमक और खट्टी चीजें खाने से भी घुटनों पर बुरा असर पड़ता है। डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी के कारण भी घुटनों में यूरिक एसिड जमा हो जाता है।



## हाई हील्स पहनाना

फैशन और खुद को स्टाइलिश बनाने के लिए अगर आप हील्स को प्रेफर करती हैं तो जान ले ये आपके घुटने के दर्द का कारण बन सकता है। हाई हील के कारण कमर पर चर्बी बढ़ती और इससे घुटनों पर अतिरिक्त भार पड़ता है। इतना ही नहीं, कई बार हील्स के कारण चाल भी खराब हो जाती है।

## गलत पॉश्चर

गलत तरीके से केवल चलना या गलत फुटवियर को पहनना ही घुटने को खराब करता बल्कि आपके गलत तरीके से खड़े रहा, उठना-बैठना भी इसके लिए जिम्मेदार है। पैर पर पैर चढ़ा कर बैठना इसका बड़ा कारण होता है। अगर आप भारी वेट उठाने के आदि है तो ये आदत बदल दें क्योंकि इससे भी घुटने तेजी से खराब हो सकते हैं।

# सेहत का सुरक्षा कवज है ये 3 ड्राई फ्रूट्स, बीमारियां रहेगी कोसों दूर

ड्राई फ्रूट्स सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। रोजाना एक मुट्ठी ड्राई फ्रूट्स का सेवन किया जाए तो खून साफ होता है और ये पचाने में भी आसान होते हैं। इनका सेवन करके आप लंबी और हेल्दी लाइफ जी सकते हैं। वैसे तो सारे ड्राई फ्रूट्स पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं लेकिन बादाम, अखरोट और खसखस, ये तीन ऐसे ड्राई फ्रूट हैं, जिनमें प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन ए, विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स के अलावा कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो हमारे शरीर को बीमारियों से बचाते हैं। चलिए आज हम आपको इन ड्राई फ्रूट्स के फायदो के बारे में बताते हैं।


## बादाम के फायदे

### हेल्दी हार्ट

बादाम में मोनोसेचुरेटेड फैटी एसिड्स होते हैं, ये बैड कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम कर हार्ट को हेल्दी रखता है।

### उम्र का असर

बादाम में एंटी ऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है। यह बढ़ती उम्र को कम करता है और स्किन को हेल्दी रखता है।



### आयरन की कमी

शरीर में आयरन की कमी हो तो बादाम खाएं। इसमें आयरन के अलावा कैल्शियम और मैग्नीशियम भी पाए जाते हैं जो शरीर को स्वस्थ रखने का काम करते हैं।

### ब्लड प्रेशर कंट्रोल

बादाम खाने से ब्लड में अल्फा टोकोफेरॉल की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे बीपी कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

## अखरोट के फायदे

### हेल्दी ब्रेन

अखरोट में भरपूर मात्रा में ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है, जो ब्रेन को हेल्दी रखने में मदद करता है।

### बाल और स्किन

अखरोट में विटामिन ई की भरपूर मात्रा होती है जो त्वचा और बालों को हेल्दी रखने में मदद करता है।

### पेट की बीमारियां होंगी दूर

फाइबर से भरपूर अखरोट का सेवन पाचन संबंधी समस्याओं में फायदेमंद है। यह कब्ज को ठीक कर पेट और आंतों की सफाई के लिए भी मददगार साबित होता है। किडनी स्टोन होने पर अखरोट का सेवन फायदेमंद है।



## खसखस के फायदे

### स्ट्रांग मसल्स

खसखस में प्रोटीन की पर्याप्त मात्रा होती है। यह नई मसल्स बनाने में और मसल्स को मजबूत बनाने में मददगार होती है।

### दर्द निवारक

खसखस को दर्द निवारक के रूप में प्रयोग किया जाता है। इसमें पाया जाने वाला 'ओपियम एल्कलॉइड्स' सभी प्रकार के दर्द को दूर करने में काम आता है। खास तौर से इसका प्रयोग मांसपेशियों के दर्द में किया जाता है।

### गुर्दे की पथरी

खसखस का सेवन गुर्दे की पथरी में इलाज के तौर पर भी किया जाता है। इसमें पाया जाने वाला ओक्सलेट्स, शरीर में मौजूद अतिरिक्त कैल्शियम का अवशोषण कर गुर्दे में पथरी बनने से रोकता है।

### नींद ना आना

अगर आप नींद न आने की समस्या से परेशान हैं, तो सोने से पहले खसखस का गर्म दूध पीना आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। यह अनिद्रा की समस्या को दूर करता है और आप अच्छी नींद ले सकते हैं।



ब्लड टेस्ट यानी खून की जांच से आप अपनी सेहत के बारे में आसानी से जान सकते हैं। शरीर के सारे फंक्शन को जांचने के लिए ब्लड और यूरिन का टेस्ट कराना सही होता है। इसका कारण यह है कि ब्लड यानी खून हमारे पूरे शरीर में प्रवाहित होता है और किसी भी अंग में गड़बड़ी होने पर खून में भी इसका असर पड़ता है। अगर आप अपनी अंदरूनी सेहत के बारे में जानना चाहते हैं, तो साल में कम से कम एक बार ये 5 ब्लड टेस्ट जरूर करवाएं। इन टेस्ट्स के द्वारा बीमारियों का सही समय पर पता लग जाने पर इलाज और रोकथाम बहुत आसान हो जाती है और आपको अपनी सेहत का भी अंदाजा हो जाता है।

# सेहत का हाल बताते हैं 5 ब्लड टेस्ट, साल में 1 बार जांच जरूरी

## थायरॉइड पैनल

थायरॉइड हमारे शरीर में महत्वपूर्ण हार्मोन्स के स्राव में मदद करता है। आपको हर साल थायरॉइड टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। अगर आपको थायरॉइड से जुड़ी बीमारी नहीं भी है, तो भी इस टेस्ट से आपको अपनी सेहत के बारे में जरूरी बातें पता लगेंगी।

## लिपिड प्रोफाइल

लिपिड प्रोफाइल के द्वारा आप अपने शरीर में कोलेस्ट्रॉल की जांच करवा सकते हैं। आमतौर पर लिपिड प्रोफाइल में 4 तरह के टेस्ट शामिल होते हैं- टोटल कोलेस्ट्रल (TC), हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन (HDL या गुड कोलेस्ट्रॉल), लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन (LDL या बैड कोलेस्ट्रॉल) और ट्राई ग्लिसराइड्स (TG)। इन सब जांचो के द्वारा आप जान पाएंगे कि आपका दिल कितना हेल्दी है।

## हीमोग्लोबिन A1C टेस्ट

A1C द्वारा आपके शरीर में ग्लूकोज के पिछले 3 महीने के स्तर का पता लगाया जा सकता है। अगर आप इस टेस्ट को हर साल करवाते हैं, तो आप डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारी से बच सकते हैं।

## किडनी फंक्शन टेस्ट

किडनी फंक्शन टेस्ट इसलिए किया जाता है, ताकि ये पता लगाया सके कि आपकी किडनी सही काम कर रही हैं या नहीं। किडनी फंक्शन टेस्ट में 2 प्रकार के टेस्ट किए जाते हैं, जिन्हें ACR (एल्बुमिन टू क्रिएटिनिन रेशियो) और GFR (ग्लोमेरुलर फिल्ट्रेशन रेट) कहते हैं। ACR टेस्ट में आपके यूरिन की जांच की जाती है जबकि GFR टेस्ट में आपके खून में क्रिएटिनिन नाम के तत्व की जांच की जाती है।

## सीबीसी टेस्ट (कंप्लीट ब्लड काउंट)

कंप्लीट ब्लड काउंट आपके कई अंगों के स्वास्थ्य के बारे में बताता है इसलिए ये एक जरूरी जांच है। कंप्लीट ब्लड काउंट टेस्ट द्वारा आपको लिवर, हार्ट और किडनी के बारे में पता चलता है। इस जांच में व्यक्ति के खून में मौजूद सेल्स की जांच की जाती है। अगर किसी व्यक्ति के खून में रक्त कण कम या ज्यादा हैं तो उसे स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या हो सकती है।

# सुबह गर्म पानी में हल्दी मिलाकर पिएं, मिलेंगे चौंकाने वाले फायदे


ज्यादातर लोग हेल्दी और फिट रहने के लिए सुबह उठते ही गर्म पानी में नींबू और शहद मिलाकर पीते हैं। इसे पीने से शरीर को बहुत से फायदे होते हैं लेकिन अगर आप इसी मिश्रण में थोड़ी सी हल्दी भी मिला दें तो इसके गुण और भी कई गुणा बढ़ जाते हैं। हल्दी में पाए जाने वाले प्रमुख तत्व एंटी-इंफ्लेमेट्री और एंटीऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर होते हैं। हल्दी से लीवर साफ रहता है और दिमाग के सेल्स बेहतर तरीके से काम करते हैं। आइए जानते हैं सुबह पानी में हल्दी मिलाकर पीने के फायदों के बारे में-

## बनाने का तरीका

सामग्री, नींबू - 1/2, हल्दी- 1/4 टी स्पून, गर्म पानी- 1 गिलास, थोड़ी सी शहद

## बनाने की विधि

- एक गिलास में आधा नींबू निचोड़ कर उसमें हल्दी और गर्म पानी मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें।
- फिर उसमें 1/4 टी स्पून शहद मिलाएं।
- हल्दी कुछ समय बाद नीचे बैठ जाती है इसलिए पीने से पहले इसे अच्छे से हिलाकर पीयें।



## हल्दी वाला पानी पीने के फायदे

### हेल्दी हार्ट

हल्दी वाला दूध दिल की सेहत के लिए भी बहुत अच्छा होता है। इसे पीने से खून जमता नहीं है और साथ ही यह खून साफ करने में भी मददगार होता है। इसके अलावा इससे खून की धमनियों में जमाव भी हट जाता है। हल्दी वाला पानी भी दिल को दुरूस्त रखने के लिए ऐसे ही काम करता है।

### तेज दिमाग

हल्दी दिमाग के लिए बहुत अच्छी होती है। अगर आप सुबह के समय गर्म पानी में हल्दी मिलाकर पीते है यह आपके दिमाग के लिए बहुत अच्छा रहता है। भूलने की बीमारी जैसे डिमेंशिया और अल्जाइमर को भी इसके नियमित सेवन से कम किया जा सकता है।

### लीवर डिटॉक्स

हल्दी का पानी टॉक्सिक चीजों से आपके लीवर की रक्षा करता है और खराब लीवर सेल्स को दोबारा ठीक करने में मदद करता है। इसके अलावा यह पित्ताशय के काम को ठीक करने में मदद करता है जिससे आपके लीवर की रक्षा होती है।

### दुरुस्त पाचन क्रिया

नियमित रूप से हल्दी का सेवन करने से पित्त ज्यादा बनता है जिससे खाना आसानी से हजम हो जाता है और पेट संबंधी बीमारियां कम होती हैं इसलिए अगर आप अपने पाचन को दुरुस्त रखना चाहते हैं तो अपनी रोजाना जिंदगी में हल्दी वाले पानी को शामिल करें।

### एंटी-कैंसर गुणों से भरपूर

हल्दी में करक्यूमिन नामक केमिकल की मौजूदगी इसे एक ताकतवर एंटीऑक्सीडेंट बनाता है। जो कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाओं से लड़ती है।

### शरीर की सूजन कम करें

हल्दी में करक्यूमिन नामक केमिकल शरीर की सूजन कम करने में मददगार होता है। शरीर में चाहे कितनी भी सूजन क्यों न हो, हल्दी वाला पानी पीने से कम हो जाती है। इसके अलावा करक्यूमिन के कारण यह जोड़ों के दर्द और सूजन को दूर करने में दवाइयों से भी ज्यादा अच्छी तरह से काम करता है।

### ग्लोइंग स्किन के लिए मददगार

हल्दी त्वचा के लिए एक वरदान की तरह काम करता है। अगर आप इसका सेवन करते हैं तो यह आपकी त्वचा की रंगत को निखारता है। हल्दी में प्राकृतिक रूप से खून को साफ करने के गुण होते हैं। यह स्किन से टॉक्सिन्स को निकालते हैं और त्वचा को साफ, स्वस्थ और निखरी बनाता है।





# काजोल ने रामोजी फिल्म सिटी को कहा था हांटेड, विवाद बढ़ने पर दी सफाई

**एक्ट्रेस काजोल को हैदराबाद की रामोजी फिल्म सिटी को हांटेड कहने पर आलोचना का सामना करना पड़ा। जिसके बाद उन्होंने बयान को लेकर सफाई दी है। सोमवार को काजोल ने अपने आधिकारिक अकाउंट पर लिखा, मैं अपनी फिल्म मां के प्रमोशन के दौरान दिए गए उस बयान को स्पष्ट करना चाहती हूं, जिसमें मैंने रामोजी फिल्म सिटी का जिक्र किया था।**

काजोल ने कहा, मैंने कई प्रोजेक्ट्स की शूटिंग रामोजी फिल्म सिटी में की है और वहां कई बार रुकी भी हूं। यह हमेशा एक बहुत प्रोफेशनल जगह रही है। मैंने वहां कई टूरिस्ट को एंजॉय करते हुए देखा है। यह एक शानदार डेस्टिनेशन है और बच्चों व परिवारों के लिए पूरी तरह सुरक्षित है।

## काजोल ने क्या कहा था?

बता दें कि गैलाट्टा इंडिया को दिए इंटरव्यू में जब काजोल से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी नेगेटिव एनर्जी महसूस की है, तो उन्होंने कहा था, इसे आप नेगेटिव एनर्जी कहें या वाइब्स, लेकिन कभी-कभी जब आप किसी जगह पर जाते हैं, तो महसूस होता है कि कुछ ठीक नहीं है। मैंने ऐसी जगहों पर शूट किया है जहां मुझे पूरी रात नींद नहीं आई और लगा कि बस यहां से निकल जाऊं। ऐसी बहुत सी जगहें हैं। बातचीत में काजोल ने ये भी कहा था, एक प्रमुख उदाहरण है रामोजी राव स्टूडियो, जो दुनिया की सबसे हांटेड जगहों में गिना जाता है। हालांकि, मैं लकी रही हूं कि मुझे वहां कुछ भी ऐसा अनुभव नहीं हुआ। काजोल के इस बयान पर सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई थी। बता दें कि फिल्म मां 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को विशाल फुरिया ने डायरेक्ट और अजय देवगन, ज्योति देशपांडे और कुमार मंगत पाठक ने प्रोड्यूस किया है।



# करियर को लेकर कन्फ्यूज थीं सान्विका जॉब नहीं करना चाहती थीं

फैंस का इंतजार खत्म हो चुका है और उनका पसंदीदा शो पंचायत का चौथा सीजन रिलीज हो चुका है। सीरीज में इस बार फुलेरा गांव में चुनाव का माहौल है। शो में एक बार फिर पुरानी कास्ट ही नजर आई है। इस बार कहानी में सचिव और रिंकी की लव स्टोरी आगे बढ़ती नजर आई है। शो के रिलीज होते ही एक बार फिर पंचायत की रिंकी यानी सान्विका चर्चाओं में आ गई हैं।

## असली नाम नहीं था सान्विका

मध्यप्रदेश के जबलपुर में जन्मीं सान्विका को लोग उनके असली नाम से कम और पंचायत की रिंकी के नाम से ज्यादा जानते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि सान्विका का नाम पहले सान्विका नहीं था। ये नाम उनके माता-पिता ने नहीं बल्कि खुद उन्होंने रखा है। दरअसल, सान्विका का असली नाम पूजा सिंह था। लेकिन बाद में उन्होंने अपना नाम बदलकर पूजा सिंह से सान्विका रख लिया। पंचायत के सीजन वन तक उन्होंने अपना ओरिजनल नाम पूजा सिंह ही रखा था।

## इसलिए पूजा से बनीं सान्विका

एक इंटरव्यू में सान्विका ने खुद बताया कि आखिर क्यों उन्होंने अपना नाम बदला। इसके पीछे उनका कहना है कि नाम को लेक काफी कन्फ्यूजन हो रही थी, इसलिए ऐसा करना पड़ा। दरअसल, पंचायत के पहले सीजन में रिंकी की सिर्फ एक झलक दिखी थी। लेकिन इसके बाद ही लोग उनके बारे में जानने के लिए काफी उत्सुक थे। लेकिन पूजा सिंह के नाम से सर्च करने पर किसी और अभिनेत्री की प्रोफाइल आती थी। यहां तक कि पंचायत के पहले सीजन की विकिपीडिया में भी किसी और अभिनेत्री की ही प्रोफाइल आती है। इसलिए इस कन्फ्यूजन को दूर करने के लिए उन्होंने अपना नाम पूजा से बदलकर सान्विका कर लिया। पंचायत से लोगों के बीच में मशहूर हुई सान्विका एक्टिंग की दुनिया में अपने माता-पिता से झूठ बोलकर आई हैं। उनके माता-पिता चाहते थे कि वो नौकरी करें, लेकिन सान्विका 9-5 की प्रॉपर जॉब नहीं करना चाहती थी। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि वो अपने पैरेंट्स से झूठ बोलकर घर से निकली थीं। सान्विका का कहना है कि वो अपने करियर को लेकर कन्फ्यूज थीं, बस वो जॉब नहीं करना चाहती थीं। फिर मुंबई में रह रही उनकी एक दोस्त ने उन्हें मुंबई आने को कहा। लेकिन ये इतना आसान नहीं था। माता-पिता से झूठ बोलकर पहुंची मुंबई सान्विका अपने पैरेंट्स से झूठ बोलकर मुंबई पहुंची थीं।

## कुछ और प्रोजेक्ट्स में भी आई नजर, पंचायत से मिली पहचान

करियर की बात करें तो सान्विका 'हजामत', 'कैदी बंद' और 'प्लान ए प्लान बी' जैसे कुछ एक प्रोजेक्ट्स में भी नजर आई हैं। हालांकि, उन्हें पहचान पंचायत से ही मिली है। पहले सीजन में वो सिर्फ एक सीन को नजर आई थीं, लास्ट में जहां वो टंकी पर बैठकर सचिव जी के साथ चाय पीती हैं। इसके बाद दूसरे और तीसरे सीजन में रिंकी के किरदार को एक्सपोजर मिला और अब चौथे सीजन में रिंकी और सचिव जी की लव स्टोरी पूरी तरह से आगे बढ़ी है।

## सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव नहीं हैं रिंकी

पंचायत में काफी सिंपल नजर आई रिंकी असल जिंदगी में उतनी सिंपल नहीं है। हालांकि, सान्विका सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव नहीं रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 48 हजार से ज्यादा फॉलोअर हैं। हालांकि, सान्विका के इंस्टाग्राम पर सिर्फ 9 पोस्ट ही हैं। जिनमें कुछ पंचायत के प्रमोशन से जुड़े हुए हैं, जबकि कुछ उनकी अलग-अलग फोटोज हैं। सान्विका की कुछ एक बोल्ड फोटोज भी सोशल मीडिया पर मौजूद हैं।



# इटैलियन ग्लोबल सीरीज फेस्टिवल में अवॉर्ड मिलना सम्मान की बात है

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को सिनेमा की दुनिया में उनके योगदान के लिए इटैलियन ग्लोबल सीरीज फेस्टिवल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसकी झलक जैकलीन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। वैश्विक मंच पर टेलीविजन और फिल्म में उत्कृष्टता का जश्न मनाने वाले इस कार्यक्रम में जैकलीन को पुरस्कार विजेताओं के एक प्रतिष्ठित समूह में शामिल किया गया। अपना आभार व्यक्त करते हुए, जैकलीन ने साझा किया कि उनके लिए सिनेमा, कहानी कहने से कहीं बढ़कर है। उन्होंने इसे एक शक्तिशाली माध्यम बताया जो समय, भाषा और महाद्वीपों के पार लोगों को जोड़ता है।

## जैकलीन के लिए क्या है सिनेमा

जैकलीन ने आगे लिखा, मेरे लिए सिनेमा एक कला के रूप में सिर्फ कहानी सुनाना नहीं है, बल्कि समय, भाषा और महाद्वीपों के पार लोगों को जोड़ने का एक तरीका है। दुनिया के साथ इसे साझा करने में मदद करने के लिए स्वीकार किया जाना शब्दों से ज्यादा मायने रखता है! जैकलीन ने आगे लिखा, आगे जैकलीन ने लिखा, रिमिनी में आपके प्रतिष्ठित कार्यक्रम में सभी असाधारण पुरस्कार विजेताओं की उपस्थिति में सम्मानित होना सम्मान की बात थी। दुनिया भर में सिनेमा का जश्न मनाने के लिए हमारे पास और भी कई पल हैं।

## जैकलीन का करियर

जैकलीन फर्नांडीज को हाल ही में कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5 में देखा गया था, जिसमें जैकलीन के अलावा अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, नाना पाटेकर, चित्रांगदा सिंह, फरदीन खान, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपदे, डिनो मोरिया, रंजीत, सौंदर्या शर्मा, निकितिन धीर और आकाशदीप साबिर भी थे। तरुण मनसुखानी द्वारा निर्देशित और साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म 6 जून 2025 को रिलीज हुई थी।

# जन नायकन से फिल्मों को अलविदा कहेंगे विजय



साउथ एक्टर थलापति विजय की आखिरी फिल्म जन नायकन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक विजय ने जन नायकन के लिए 275 करोड़ रुपए की फीस ली है। हालांकि, उन्हें फिल्म के प्रॉफिट में कोई हिस्सा नहीं मिलेगा। जन नायकन को एच विनोद ने डायरेक्ट और केवीएन प्रॉडक्शंस प्रोड्यूस किया है। विजय के साथ फिल्म में पूजा हेगड़े और बॉबी देओल मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि ममिथा बैजू, गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज, नारायण और प्रियमणि सपोर्टिंग रोल्स में नजर आएंगे। फिल्म को पहली बार सितंबर 2024 में थलापति 69 के टाइटल के साथ अनाउंस किया गया था, क्योंकि यह विजय की 69वीं फिल्म है। आधिकारिक टाइटल जनवरी 2025 में सामने आया। इसकी शूटिंग फरवरी 2025 से चेन्नई और पयनूर में शुरू हुई। म्यूजिक अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है। जन नायकन 9 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# जुग जुग जियो के 3 साल पूरे होने पर कियारा आडवाणी ने जताई खुशी

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी की फिल्म जुग जुग जियो को रिलीज हुए तीन साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर एक्ट्रेस ने खुशी जताई और इसे खास अंदाज से सेलिब्रेट किया। कियारा ने फिल्म को अपनी जिंदगी का एक खुशियों भरा और यादगार अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म से उन्हें मुस्कुराहट, सीखने का मौका और कई अच्छे पल मिले। मंगलवार को, कियारा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म से जुड़े डूडल फोटो को शेयर किया, जिसमें फिल्म के चारों मुख्य कलाकार वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर को कार्टून अवतार में दिखाया गया। एक्ट्रेस ने लिखा, 3 साल इस खूबसूरत फिल्म के, सबसे अच्छी टीम... सबसे मजेदार समय... जुग जुग जियो! उन्होंने इस पोस्ट में फिल्म के अपने सभी को-स्टार्स को भी टैग किया। जुग जुग जियो 24 जून 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। जुग जुग जियो एक फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है, जिसे राज मेहता ने डायरेक्ट किया था।





# फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार को लेने पर मीका सिंह ने की दिलजीत की आलोचना

अभिनेता और सिंगर दिलजीत दोसांझ फिल्म सरदार जी 3 को लेकर सुर्खियों में हैं। इस महीने रिलीज के लिए प्रस्तावित इस फिल्म का ट्रेलर जब से आया है, तब से दिलजीत की जमकर आलोचना हो रही है। दरअसल, इस फिल्म में पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर भी हैं, जिनकी झलक ट्रेलर में भी नजर आई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में खटास आ चुकी है। ऐसे वक्त में पाकिस्तानी अभिनेत्री को अपनी फिल्म में जगह देने पर दिलजीत की आलोचना हो रही है। इस पर अब सिंगर मीका सिंह ने भी रिएक्शन दिया है। मीका सिंह ने मंगलवार को अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने लिखा, देश पहले। दोस्तों, जैसा कि हम सभी जानते हैं, भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते इस समय ठीक नहीं चल रहे हैं। फिर भी कुछ लोग गैर-जिम्मेदाराना हरकतें कर रहे हैं। सीमा पार के कलाकारों से जुड़ा कोई भी कंटेंट जारी करने से पहले उन्हें दो बार सोचना चाहिए, खासकर जब हमारे देश की गरिमा की बात हो। आगे लिखा है, फवाद खान और वाणी कपूर की एक फिल्म थी जिसका हममें से कई लोगों ने विरोध किया था, लेकिन फिर भी कुछ लोगों को संदेश समझ में नहीं आ रहा है। इससे भी ज्यादा हैरानी की बात यह है कि एक नकली गायक, भारत में 10 शो करने के बाद, जिसमें हजारों प्रशंसकों ने टिकट खरीदे थे, अब गायब हो गया है, जिससे प्रशंसक धोखा खा गए और असहाय हो गए हैं। मीका सिंह ने कहीं भी दिलजीत दोसांझ का नाम नहीं लिया है। मगर, उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर जो पोस्ट शेयर किया है, उसमें दिलजीत की तस्वीर है। इससे साफ है कि मीका का इशारा दिलजीत की तरफ है। बताते चलें कि रविवार को सरदार जी 3 का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसमें पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर नजर आई। यह देखकर सोशल मीडिया पर बवाल खड़ा हो गया। दरअसल, हानिया आमिर ने ऑपरेशन सिंदूर के वक्त भारत के बारे में भला-बुरा कहा था। इसी बात पर लोगों ने दिलजीत की फिल्म के बायकॉट की मांग शुरू कर दी। विवाद बढ़ा तो यह तय किया गया कि अब 'सरदार जी 3' भारत में रिलीज नहीं होगी। इसको सेंसर का सर्टिफिकेट नहीं मिला। दिलजीत की पंजाबी फिल्म ओवरसीज ही रिलीज हो रही है।

# हार्दिक पांड्या के साथ डेटिंग की खबरों पर ईशा गुप्ता ने तोड़ी चुप्पी

बी-टाउन में अक्सर सेलेब्स के अफेयर और डेटिंग की खबरें फैलती रहती हैं। एक समय ईशा गुप्ता और हार्दिक पांड्या के बीच अफेयर की खबरें भी काफी सुर्खियों में रही थीं। अब इन खबरों पर ईशा ने सच्चाई बताई है। बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा गुप्ता अपने बोल्ड लुक्स को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहती हैं। अब ईशा गुप्ता ने उन दिनों को याद किया जब उनके और भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या की डेटिंग की खबरें बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनी थीं। एक वक्त इन दोनों के अफेयर की काफी चर्चाएं थीं। हालांकि, दोनों सेलेब्स में से किसी ने भी कभी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। अब कई वर्षों बाद अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने इस पर बात की और डेटिंग की खबरों की सच्चाई बताई है।



# क्लब की सदस्यता का नियमित रूप से आकलन करें : नियोज्य विजग्रेड



## इनर चांसलर क्लब के नवनियुक्त चांसलर ने शपथ ग्रहण कर सेवा कार्य का संकल्प लिया

सत्ता सुधार ■ सीहोर

क्लब की सदस्यता का नियमित रूप से आकलन करें। आगामी कार्यक्रम में सुधार के लिए सदस्यों से प्रतिक्रिया प्राप्त करें। क्लब के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक ध्यान रखें। उक्त बात इनर अचेयर क्लब की नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीमती नियोजी विजयवर्गीय की। इस मशीन पर मॉक क्लब के सचिव सीमा व्यास, संस्थापक नवनीतासाविर, एसएससी विजयवर्गीय और साकीओ साकेर्स कौर वाधवा आदि शामिल थे। इस संस्था में इनर अचेचर क्लब के नवीन बैंड ने शपथ ग्रहण और आगामी दिनों में सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। इस सहयोगी पर श्रीमती विजयवर्गीय ने कहा कि हमारे क्लब की ओर से कई सेवा कार्य किए जा रहे हैं। क्लब के सदस्यों द्वारा सामाजिक संरचना की जानकारी दी गई, सचिव ने बताया कि कोविड महामारी की दूसरी लहर के दौरान क्लब ने दांतों को ऑक्सीजन दवा, राशन सामग्री उपलब्ध कराई। इसके अलावा क्लब के द्वारा आने वाले दिनों में मोती मोती, मोती के दिनों में पटाखों का वितरण, शिक्षा दान, संगीत आदि का चिप्स जारी रहेंगे। वहीं क्लब की सदस्यता का नियमित क्रम बढ़ता जाएगा। इनर व्हीलर्स में कांता गट्टानी, मालती ठकराल, नीति ठकराल, कविता मठा, मीरा कौशल, सुमराम सरेआम, प्रमिला सोशिआ, रेनू शास्त्री, लिबरेशन लिबरेशन, ज्योसना शर्मा, अंजुल शर्मा, अंजू पालीवाल, संतोष अग्रवाल, बीना कुरियन, आरती ठकराल, कुहेमा अग्रवाल, तारा अग्रवाल, हेमलता टेलर, मावी विजयवर्गीय और श्वेता विजय वर्गी आदि बड़ी संख्या में शामिल थीं।

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य ने किया केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत



सत्ता सुधार ■ सीहोर

शहर के बस स्टैंड पर जिला कलेक्ट्रेट में प्रशासन की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे पूर्व सीएम और भारत सरकार में केन्दीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य ने स्वागत किया। इस मौके पर श्री राठौर ने बताया कि क्षेत्र के विकास में श्री चौहान पूरा सहयोग दे रहे है। जिससे यह शहर महानगर की तर्ज पर विकसित हो रहा है। गत दिनों भी प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और पूर्व शिवराज सिंह चौहान ने विकास की सौगात दी थी।

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने आवास के हितग्राहियों को नवनिर्मित मकान की चाबी दी

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क का भी किया निरीक्षण





सत्ता सुधार ■ सीहोर

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान राजस्व एवं मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने इछावर के ग्राम कंकर में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मकान की चाबी देकर उनके ग्रह प्रवेश द्वार की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार में हर गरीब के पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने आवास योजना की सूची में नाम शामिल करते हुए श्रीमती पार्वती देवी सहित अन्य हितग्राहियों को बधाई पत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़क का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री नरेश मेवा, विधायक श्री सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस रैस्टोरेंट, श्री रवि रेड्डी, श्री विष्णु वर्मा, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नेहा जैन सहित अन्य संगठन एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### जिला स्तरीय सुब्रोतो फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**हरदा।** स्थानीय नेहरू स्टेडियम में जिला स्तरीय सुब्रोतो फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, संस्कार विद्यापीठ हरदा, होलीफेथ स्कूल हरदा एवं बालाजी पब्लिक स्कूल हरदा की फुटबॉल टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता के संयोजक राजेश बिलिया ने बताया कि 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक वर्ग में संस्कार विद्यापीठ की टीम विजेता रही और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित की गई । इसमें प्रथम मैच संस्कार विद्यापीठ, होली फेथ स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें 1-0 से संस्कार विद्यापीठ विजेता रही। द्वितीय मैच संस्कार विद्यापीठ एवं बालाजी पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, दोनों टीमों का स्कोर बराबर रहा। अंत में पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से संस्कार विद्यापीठ की टीम विजेता रही । बालक और बालिका में 17 वर्ष आयु वर्ग के केवल उत्कृष्ट विद्यालय की टीम की उपस्थिति रही। अत: उनका संभाग स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया । इस अवसर पर रामनिवास जाट, मनोज खोरे, अजय पुरबिया, इमरान खान, देवेंद्र रघुवंशी, प्रिंस चौबे आदि उपस्थित थे।

### सीएम यादव के दौरे से पहले हुई सभी पेट्रोल पंपों की जांच

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के काफिले की गाड़ियों में पानी मिला पेट्रोल डाले जाने का मामला देशभर में सुर्खियों में रहा। जिसके बाद प्रदेश के नागरिक आपूर्ति मंत्री ने प्रदेश भर के पेट्रोल पंपों की जांच के आदेश जारी किए थे। इसी बीच सोमवार को सीएम यादव का खंडवा जिले के दौरे पर आने वाले हैं। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की मदद से शहर के करीब 17 पेट्रोल पंपों की जांच करवाई है। खाद्य निरीक्षकों ने पेट्रोल और डीजल के सैंपल लिए साथ ही इस दौरान पंप संचालकों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। दरअसल, बीते दिनों रतलाम दौरे पर आए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के काफिले में शामिल कई वाहन अचानक बंद हो गए थे। जांच में सामने आया था कि इन वाहनों में पानी मिला डीजल डाला गया था। इसके बाद उक्त पेट्रोल पंप को सीज कर दिया गया था। ऐसी घटना फिर न हो इसे लेकर खंडवा प्रशासन ने सीएम यादव के दौरे से पहले सतर्कता बरती है।

# रेवा शक्ति अभियान के अंतर्गत अशोकनगर से चंदेरी तक साईकिल रैली आयोजित

## कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर साईकिल रैली को किया रवाना





सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

रेवा शक्ति अभियान अंतर्गत चंदेरी पैडल फेस्ट साईकिल रैली का आयोजन अशोकनगर से चंदेरी तक किया गया। इस साईकिल रैली को कलेक्टर आदित्य सिंह ने कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बेटी बचाओं बेटी पढाओं अभियान को मूर्त रूप देकर निरंतर आगे बढाते हुए जिला प्रशासन द्वारा जिले में रेवा शक्ति अभियान संचालित किया जा रहा है। रेवा शक्ति अभियान के अंतर्गत चंदेरी पैडल फेस्ट के 100 सदस्यीय साइक्लिंग दल रविवार को साईकिल रैली में भाग लेकर चंदेरी पहुंचे। चंदेरी पहुंचकर रेवा शक्ति अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया तथा नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। चंदेरी भ्रमण के दौरान सदस्यों ने पर्यटन स्थल चंदेरी कौशिक महल,पुरातत्व संग्रहालय चंदेरी म्यूजियम,कटी घाटी किला कोठी,बैजू बाबरा की समाधि तथा हैण्डलूम क्राफ्ट विलेज प्राणपुर का भ्रमण किया। साथ ही पुरासम्पदा का देखा। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान को सामाजिक परिवर्तन के माध्यम से लिंगानुपात में सुधार लाने के उद्देश्य को लेकर जिले में %रेवा शक्ति' अभियान के तहत चंदेरी पैडल फेस्ट का आयोजन किया गया। चंदेरी पैडल फेस्ट में शामिल ग्रीन प्लैनेट बाइसिकल राइडर्स एसोसिएशन भोपाल के साइकिलिस्ट भोपाल से अशोकनगर तक 180 किमी, अशोकनगर से चंदेरी के लिए लगभग 65 किलोमीटर की साहसिक साइक्लिंग यात्रा की गई। साईकिल यात्रा में भाग लेने वाले डायरेक्टर ऑफ जनरल पोस्टल मध्यप्रदेश सर्किल श्री पवन डालमिया द्वारा कलेक्टर को स्टॉम्प भेंट कर समानित किया। उल्लेखनीय है कि अशोकनगर जिले में घटते हुये लिंगानुपात को बढाने हेतु कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा नवाचार कर जन सहयोग के माध्यम रेवा शक्ति अभियान का संचालन किया जा रहा है।अभियान के अंतर्गत जिले के ऐसे पालक जिनकी संतान सिर्फ एक या दो बेटिया हैं को चिन्हित कर डॉटर्स क्लब बनाया जायेगा।घटते हुये लिंगानुपात को बढाने और बेटों की संख्या के बराबर बेटियों की संख्या किये जाने के उद्देश्य से बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के तहत अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। अभियान के तहत पालको को कीर्ति कार्ड जारी किये जायेगे। जिसमें कार्ड धारकों को निजी प्रतिष्ठान जैसे अस्पताल, स्कूल, कोचिंग, बस सेवा,स्टेशनरी,पैथॉलोजी लेब, किराना दुकान आदि में प्रशासन के सहयोग से विशेष छूट प्रदान की जायेगी। सभी शासकीय कार्यालयो में कीर्ति कॉर्नर की स्थापना कर पालको के आवेदन, शिकायतों का त्वरित निराकरण कर डोर स्टेप डिलेवरी की जायेगी। कीर्ति कार्ड धारक परिवार की बालिका को खेलकूद की सुविधा, निःशुल्क लाईब्रेरी, निःशुल्क कोचिंग क्लास व आत्म रक्षा प्रशिक्षण की भी सुविधायें प्रदान की जायेगी। कीर्ति कार्ड के आधार पर विभिन्न संस्थानों व दुकानों पर पर्याप्त डिस्काउन्ट के साथ सेवा प्रदाय किया जायेगा। रेवा शक्ति ऐप पर पर्याप्त प्रचार-प्रसार के साथ पालकगण अपना ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करेगें। कीर्ति कार्ड धारकों को निजी अस्पतालो में इलाज के दौरान डिस्काउंट, बस में सफर करने पर किराये में डिस्काउंट,होटल, रेस्तरां में खाने में डिस्काउंट,निजी स्कूलों में बेटियो के एडमिशन पर फीस में डिस्काउंट,बेटियो की पढाई में लगने वाली किताब, कॉपियों पर डिस्काउंट,किराना दुकानों पर डिस्काउंट,बालिकाओं को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन, जिले के पर्यटन स्थलो पर भ्रमण की सुविधाएं मिलेगी। जिन संस्थाओं, प्रतिष्ठान,अस्पतालों द्वारा रेवा शक्ति अभियान में सहभागिता दी जायेगी उनके यहॉ रेवा शक्ति कीर्ति कार्नर का बोर्ड डिस्पले किया जायेगा। जिसमे डाटर्स क्लब के सदस्यो को दी जाने वाली सुविधाओ का उल्लेख होगा। गैर सरकारी संस्थाओं के अतिरिक्त प्रत्येक शासकीय कार्यालय में भी कीर्ति कॉर्नर बनाये जायेगे जहॉ कीर्ति कार्ड धारको को प्राथमिकता से सेवा दी जायेगी। इस अवसर पर चंदेरी एसडीएम श्रीमती शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार दिलीप दरोगा,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती चन्द्रसेना भिडे,जिला खेल अधिकारी अरूण रघुवंशी सहित संबंधित उपस्थित थे।

# शिक्षक संघ की जिला बैठक संपन्न



## संघ का सदस्यता अभियान 1 से 7 जुलाई तक

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की जिला बैठक रविवार को स्थानीय पी एम श्री विद्यालय क्रमांक 04, अशोकनगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने की। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना से बैठक प्रारंभ की गई। बैठक में जिला सचिव महेश भार्गव ने वर्ष 2025 की अधिकतम सदस्यता करने,संघ की इकाइयों को संकुल स्तर तक करने पर अपनी बात कही। जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा सिसोदिया ने प्रभावी प्रवास विषय पर कहा कि हमें संगठन के विस्तार के लिए अन्य ब्लॉक, तहसील स्तर पर प्रवास करना पड़ेगा। प्रवास से कार्यकर्ताओं में प्रेम बढ़ता है, संघ कार्य बढ़ता है। जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा चलाए जा रहे पंच परिवर्तन पर अपनी बात कही।श्री शर्मा ने कहा कि वर्तमान दौर में समाज में जातिवाद चरम पर है। हमे सभी जातियों का सम्मान करना चाहिए, सभी के बीच समरसता स्थापित करनी होगी। बारिश के दिनों में अधिकतम वृक्षारोपण करके पर्यावरण को बचाने में अपना सहयोग देना है।शिक्षक के रूप में हमें नागरिकों के अंदर कर्तव्य बोध और शिष्टाचार की भावना जाग्रत करना है। स्वदेशी को अपनाना है, अपने राष्ट्र और संस्कृति पर गौरवान्वित होना है। वर्तमान में सभी समस्याओं का कारण एकल परिवार है। अत: हमें संयुक्त परिवार की ओर लौटना होगा। शिक्षक संघ द्वारा वर्तमान में शिक्षक हित में अनेक कार्य किए गए है, जिससे अनेक शिक्षकों को लाभ मिला है। अत: संघ के कार्य विस्तार को सभी को नीचे तक ले जाना है। इस अवसर पर महेश प्रसाद भार्गव ,शांतिलाल परिहार, अन्नपूर्णा सिसोदिया,आशा रघुवंशी, अभिषेक चौधरी,संजय अग्रवाल, कमल कुशवाह, धर्मेंद्र अरोरा, सुनील शर्मा,उदयपाल साहू,आर के जैन,देवेंद्र शर्मा,कमरलाल अहिरवार,कमलेश श्रीवास्तव सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# दलित विधवा भगवती बाई की स्वामित्व वाली भूमि का जिला प्रशासन द्वारा सीमेन्टेशन किया गया

- ■ कब्जे वाली जमीन पर पुलिस सुरक्षा में रखा गया, सीमेंट के पोलों को प्रधानमौसी भाषा के लोगों द्वारा उखार फेक द्वारा
- ■ नरेंद्र खंगाराले ने की ग्राम डोबरा के नामांकित व्यक्तियों पर पुलिस कप्तान से अजा की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करने की मांग



सत्ता सुधार ■ सीहोर

सेवादल कांग्रेस के मठाधीश खंगाराले जाटव दलित चिंतक जिले के पुलिस अधीक्षक और अजाक्स कल्याण थाना सीहोर से ग्राम डोबरा में क्रीथ जाति की विधवा भगवती बाई की अजाक्स कृषि भूमि जिसका माचिस पर राजस्व ऑब्जर्वर आरती भिलाला और पटवारी दुर्गेश शुक्ला ग्राम स्कोकिदार और पुलिस बल के अनुयायी अनावेदकगणों द्वारा सूचना के माध्यम से बताया गया कि महिला भगवती बाई को सेटेलाइट मशीन से सीमारात कर दिया गया है। रकबा 2 हेक्टेयर पर दिनांक 24 जून 2025 को कब्जा कर लिया गया। आवेदिका द्वारा दूसरे दिन दिनांक 25 जून 2025 को संगीत पर आधारित सभी पोल तोड़ कर गिरा दिये गये, जिससे आवेदिका को भारी क्षति हुई। आवेदिका द्वारा अनावेदकगण मनोज आत्मज जगन्नाथ, रमाशंकर आ.दुर्गाप्रसाद, सुरेश आ.विश्राम सिंह दांगी, क्रांतिकारी ग्राम डोबरा एवं आजादलाल आ.हीरालाल निवासी ग्राम हसनपुर दिपड़ा, क्रांतिकारी ग्राम डोबरा एवं आजाद गिर आ. मदन गिर, मुकेश गोस्वामी नीकी जस्सू आ.जगन्नाथ से मस्जिद पर पोल तो सदस्यों की बात की तो अनावेदकगणों द्वारा विधवा महिला एवं उसके बेटे से गिल ग्लोच कर जान से मारने की धमकी दी और हथियार लेकर विवाद पर विवाद हो गया एवं जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। विधवा महिला जिले के पुलिस अधीक्षकों द्वारा तृप्ति ग्राम डोबरा के संवादों पर खारिज जाति के अत्याचार अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण पंजीबृद्ध कर जनमल की रक्षा एवं भारी क्षति की बहाली की मांग की गई है। श्री खंगाराले ने बताया कि जल्द ही दलित महिला को न्याय नहीं मिला तो दीपिका कार्यालय के समसामयिक भूख हड़ताल की शुरुआत की गई, जिसमें सारी जावाबदारी जिला प्रशासन की होगी। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से सीताराम भारती, श्रीमती आरती नरेंद्र खंगाराले, अस्वीकृतलाल टिमराई, भंवरलाल पेठारी, कमलसिंह अहिरवार, रामभजन अहिरवार, दीपक सोनकर आदि शामिल हैं।

# शासकीय और निजी जर्जर भवनों को चिह्नित किया







सत्ता सुधार ■ हरदा

जिला मुख्यालय में इन दिनों बारिश के मौसम से पहले नगर पालिका ने शासकीय और निजी जर्जर भवनों को चिह्नित किया है। मालिकों और संबंधित विभागों को सूचना देने के बावजूद एक भी भवन का डिस्मेंटल नहीं हो सका है।

### 45 मकान वर्षों से जर्जर

तहसीलदार राजेंद्र पवार और मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार ने शनिवार को शहर के 45 जर्जर मकानों का निरीक्षण किया। शहर के विभिन्न वार्डों में वर्षों से जर्जर स्थिति में हैं। घंटाघर, मानपुरा, जत्रा पड़ाव, गढ़ीपुरा, खेड़ीपुरा, नया बस स्टैंड तथा फाइल वार्ड क्षेत्रों में ये जर्जर मकान स्थित हैं।

### मामला कोर्ट में विचाराधीन

सीएमओ पाटीदार के अनुसार, मकान मालिकों को मकान गिराने के लिए समझाया जा रहा है। कई मकान मालिकों ने बताया कि उनका मामला कोर्ट में विचाराधीन है और उन्हें स्टे मिला हुआ है। मकान मालिक और किरायेदारों के बीच चल रहे विवाद के कारण इन मकानों को तोड़ा नहीं जा सका है।

### जर्जर मकानों को गिराना पडेगा

नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि इन मकानों में रहना सुरक्षित नहीं है। कोर्ट से अनुमति मिलते ही सभी जर्जर मकानों को प्राथमिकता के साथ गिराया जाएगा। बारिश के मौसम में इन जर्जर मकानों से हादसे का खतरा और भी बढ़ जाता है।



## शिखा दुबे अध्यक्ष, सचिव आभा तिवारी कान्य कुब्ज ब्राह्मण समाज महिला मंडल में मनोनीत

**हरदा।** कान्यकुब्ज धर्मशाला में ब्राह्मण समाज की एक बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष का चुनाव किया गया जिसमें समाज की शिखा दुबे, सचिव आभा तिवारी मनोनीत की गई, साथ ही ज्योति दीपक तिवारी उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष ज्योति प्रदीप तिवारी, सह सचिव मधु मिश्रा, सांस्कृतिक सचिव पूजा अवस्थी मनोनीत की गई है, समाज की धर्मशाला में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से समाज की महिलाओं ने आपसी सहमति से सभी को मनोनित किया, शिखा दुबे, सचिव आभा तिवारी, मनोनीत होने पर निर्मला दुबे, ज्योति दुबे,माला तिवारी, केतकी चौबे, लता मिश्रा, रोशनी तिवारी, नेहा अवस्थी, सुषमा शुक्ला, कामनी वाचपेयी,सहित समाज के अनेक लोगों ने बधाई दी है।

# पर्यावरणीय स्वच्छता के लिए नीम आर्मी करेगी पौधारोपण



सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

ईसागढ जिला कलेक्टर आदित्य सिंह के साईकिल से स्वच्छता एवं पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने के संदेश ने आमजन में स्वास्थ्य, हरियाली सहित समय पर दायित्व निर्वहन हेतु जागरूकता पैदा की है,यही कारण है कि अब आमजन भी मुखर होकर अपनी समस्याओं को लेकर जाते हैं और समाधान लेकर आते हैं,यही कारण है कि विभिन्न समाजसेवी संगठन, युवा, बुजुर्ग, छात्र और महिलाओ में भी हरियाली हेतु वृक्षारोपण के प्रति रूचि बढी है,ऐसा ही एक प्रयास कलेक्टर आदित्य सिंह की कार्यशैली से प्रेरित होकर सतपाल सिंह जाट के मार्गदर्शन बालटोली नैथाई आधा वैद्य कहलाने वाले औषधीय गुणों से भरपूर ÷नीम÷ की प्रकृति में संख्या बढ़ाने हेतु वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया,बालटोली के अध्यक्ष कार्तिक ओझा एवं बालिका टोली की सदस्य पूजा ने बताया कि हम आमजन को नीम के महत्व से परिचित कराकर इसके संरक्षण हेतु नुक्कड नाटक,सोशल साइट्स और दीवार लेखन के साथ चौपाल पर चर्चा कर वातावरण तैयार करेंगे,इस हेतु बलवीर सिंह यादव के ओढिया फार्म हाउस पर जन अभियान परिषद के सहयोग से तैयार नर्सरी पर 51 नीम के पौधे तैयार करने हेतु प्रारंभिक बुकिंग नीम आर्मी के मार्गदर्शक सतपाल सिंह जाट ने रविवार को ढाकोनी से अभियान का साईकिल राईडिंग दल से ग्रामीणों के साथ संवाद कर शुभारंभ किया, नीम के महत्व को ध्यान में रखकर समुदाय को जागरूक करने हेतु संपूर्ण मॉनसून सीजन में पौधारोपण किया जाएगा,इस अवसर पर स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ के द्वारा सभी से स्वच्छता हेतु फीडबैक देकर जनपद को जिले में सम्मानजनक स्थान दिलाने हेतु अभियान के दौरान स्वच्छता गतिविधियों में भाग लेकर अभियान को सफल बनाने के लिए आव्हान किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता विपिन रघुवंशी,उप सरपंच अशोक शर्मा, सचिव नेपाल सिंह यादव, सहायक सचिव हरपाल सिंह नरवरिया, शिवराम सिंह दोहरे पीसीओ, देवेंद्र सिंह भदौरिया चंदन सिंह जाटव, जीआरएस कुलवार, प्रकाश शर्मा सचिव ग्राम पंचायत शकरपुर, रामकुमार यादव जीआरएस शंकरपुर, सरपंच प्रतिनिधि नरसूखेडी जितेन्द्र पचोरी, सचिव सुरेंद्र कुमार शर्मा , हरजीत सिंह रंधावा, विपिन शर्मा सहित स्वच्छाग्राही उपस्थित रहे।

# जिले के साढ़े पांच सौ बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात कार्यक्रम



सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण रविवार को किया गया। यह कार्यक्रम जिले भर के 778 बूथों में से करीब साढ़े पांच सौ बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि जिले के चंदेरी मंडल स्थित बूथ क्रमांक 179 पर भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्मृतियों के बारे में चर्चा की और बताया कि देश भर में उत्साह पूर्वक लोगों ने योग किया। उन्होंने वर्षो बाद कैलाश मानसरोवर की यात्रा पुन: शुरू होने पर देशवासियों को बधाई दी, उन्होंने भारत को बैक्टीरिया से फैलने वाली आंखों से संबंधित ट्रेकोमा बीमारी से मुक्त होने के बारे में जानकारी दी, उन्होंने स्वच्छता की चर्चा की। उन्होंने कांग्रेस शासन काल में इमरजेंसी के काले अध्याय को याद करते हुए किस तरह देश में लोकतंत्र की हत्या की गई इस पर भी चर्चा की। इसके अलावा जल जीवन मिशन और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण की बात कही, उन्होंने मेघालय के जनजाति समुदाय द्वारा बनाए जाने वाले एरो सिल्क जो कीड़ों को मारे बगैर बनाई जाती है, जिसे अहिंसा सिल्क भी कहते हैं, के निर्माण पर भी चर्चा की और बताया कि इसे अंतरराष्ट्रीय एरो टैग मिला है। उन्होंने अन्य समसामयिक विषयों तीज त्योहार पर भी चर्चा की। इस तरह प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से मन की बात के माध्यम से विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा की। जिला मुख्यालय पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सहित अन्य जिला पदाधिकारीयों एवं जिले भर के मंडलों में कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना।

## ब्रीफ न्यूज

### आयुष्मान योजना से जुड़े अस्पतालों पर की कार्रवाई

**इंदौर।** इन्दौर में आयुष्मान योजना से जुड़े कई बड़े अस्पतालों पर छापामार कार्रवाई की गई। भोपाल से आई टीम ने सुबह 9 से रात 8 बजे तक छापामार कार्रवाई की। यह छापामार कार्रवाई आयुष्मान कार्डधारी मरीजों के इलाज का निजी अस्पतालों द्वारा इलाज के दौरान मरीज पर खर्च की राशि का ऑनलाइन क्लेम के रिकार्ड के अलावा योजना सम्बन्धित अनुबंध शर्तों के सत्यापन करने के लिए की गई।

आयुष्मान सम्बन्धित ऑनलाइन रिकार्ड का अचानक सत्यापन करने के लिए भोपाल की टीम के कुछ अधिकारी एक कल अलसुबह ही इंदौर पहुंच गए थे। भोपाल से आई टीम में लगभग 12 अधिकारी शामिल थे। इसके अलावा लगभग 14 अधिकारी इंदौर के स्थानीय आयुष्मान योजना नोडल कार्यालय से लेकर सत्यापन कार्रवाई के लिए 13 टीम बनाई गई। भारत आयुष्मान योजना से जुड़े इंदौर के निजी अस्पतालों ने योजना सम्बन्धित शर्तों का पालन किया या नहीं, इन अस्पतालों ने इलाज के लिए जो बिल क्लेम के लिए सरकार अथवा शासन को दिए, उसमें कोई अनियमितता, गड़बड़ी या धांधली तो नहीं की। यही सब जांचने के लिए सत्यापन किया।

### पत्नी से विवाद के बाद चौथी मंजिल से कूदा, मौत

**इंदौर।** अहीर खेड़ी में रहने वाले मजदूर जितेन्द्र मेघवाल ने शनिवार रात बिल्डिंग की चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी। बताया जाता है कि रात में वह नशे में अपने घर आया। इस दौरान पत्नी से विवाद हुआ और उसने बिल्डिंग से छलांग लगा दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में ले लिया है। द्वारकापुरी पुलिस ने बताया कि जितेन्द्र पुत्र बद्रीलाल मेघवाल ने अपने फ्लैट के चौथी मंजिल की बालकनी से छलांग लगा दी। परिवार के लोगों ने बताया कि जितेन्द्र मजदूरी करता था। वह रात में घर के नीचे आया और रिश्तेदार को कहा कि वह टिफिन की थैली ऊपर लेकर चले। इसके बाद वह अपने फ्लैट में पहुंचा और पत्नी से विवाद करने लगा। कुछ देर बाद जितेन्द्र कमरे में बैठ गया। इसके बाद बालकनी की तरफ गया और ऊपर से छलांग लगा दी।

### छत्तीसगढ़ के लोक स्वास्थ्य मंत्री पहुंचे उज्जैन, महाकाल बाबा की पूजा-अर्चना की

**उज्जैन।** वैसे तो मैं पहले भी बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने उज्जैन आ चुका हूं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो महाकाल कॉरिडोर का निर्माण करवाया है वह अद्भुत और अद्वितीय है। आज अचानक बाबा महाकाल के दरबार में दर्शन करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ। यहां आकर मुझे लगा कि जैसे बाबा महाकाल ने ही मुझे दर्शन देने के लिए बुलाया था। चिकित्सा शिक्षा, 20 सूत्रीय कार्यक्रम मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद मीडिया से कही। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के लोकस्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, 20 सूत्रीय कार्यक्रम मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज परिवार सहित बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे थे।

---

रविवार सुबह से तेज हवाओं का दौर है, सुबह पश्चिम क्षेत्र में कुछेक मिनट रुक-रुककर हुई हल्की बारिश

# इंदौर में 2 दिन तेज बारिश के आसार, सुबह से तेज हवाओं का दौर

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर में दो दिनों से तेज बारिश का सिलसिला फिलहाल थमता नजर आ रहा है। दो दिनों में सिर्फ 7 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। हालांकि जून माह की बारिश को लेकर अब चिंता की बात नहीं है, क्योंकि कोटे की 5 इंच बारिश पूरी हो चुकी है। इससे पहले मई में प्री-मानसून के दौरान 8 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी थी। इस तरह कुल मिलाकर 13 इंच बारिश हो चुकी है, जिससे फिलहाल राहत है। रविवार सुबह से आसमान में घने बादलों और तेज हवाओं का दौर है। सुबह पश्चिम क्षेत्र में कुछेक मिनट रुक-रुककर हल्की बारिश हुई। इसके बाद अभी भी घने बादल छाए हैं। दोपहर 3.30 बजे तक मौसम ऐसा ही बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले दो दिनों तक बारिश की संभावना जताई है।



**तापमान में गिरावट, उमस से राहत–** पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 5 डिग्री कम था। दिनभर धूप रही और कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी या रिमझिम बारिश भी हुई। तीन दिनों से न्यूनतम तापमान लगभग 22 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है, जो सामान्य से 1 डिग्री कम है। इससे उमस में राहत मिली है।

#### पश्चिमी हिस्से में सक्रिय हुआ लो प्रेशर एरिया

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के मुताबिक, गुजरात के सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में एक लो प्रेशर एरिया सक्रिय हो गया है। इसका असर अगले 1-2 दिनों में मध्यप्रदेश में भी नजर आ सकता है। साथ ही प्रदेश में टर्फ की एक्टिविटी भी बनी हुई है। जहां-जहां से यह टर्फ गुजर रही है, वहां भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम भी सक्रिय है। इन सभी कारणों से प्रदेश में अच्छी बारिश हो रही है। इंदौर में इस बार एक दिन में ढाई इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है।

---

# 42 साल बाद आचार्यश्री मृदुरत्नसागर सूरीश्वर का हुआ मंगल प्रवेश

## कंचनबाग में चार माह बहेगी धर्म की गंगा, बड़ी संख्या में पहुंचे समाजजन

सत्ता सुधार ■ इंदौर

वागड़ विभूषण आचार्यश्री मृदुरत्नसागर सूरीश्वर मसा ससंघ इंदौर के लिए पधारे हैं। 42 साल बाद आचार्यश्री के चातुर्मास का सौभाग्य श्री नीलवर्णा पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक ट्रस्ट को मिला है। आज सुबह उनका भव्य मंगल प्रवेश हुआ। सैकड़ों समाजजनों ने आचार्यश्री की मंगल अगवानी की।

आचार्यश्री 4 माह तक कंचनबाग के जिनालय और उपाश्रय में हर दिन प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे। श्री नीलवर्णा पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक ट्रस्ट और चातुर्मास समिति अध्यक्ष अशोक बाफना, विजय मेहता ने बताया कि मालव भूषण आचार्यश्री नवरत्नसागर सूरीश्वर मसा के शिष्य आचार्यश्री ने ससंघ सुबह कंचनबाग जिनालय में प्रवेश किया। मंगल प्रवेश जुलूस में आचार्यश्री के साथ ही मुनिराज मोक्षरत्नसागर और मुनिराज पवित्ररत्नसागर सूरीश्वर का



सान्निध्य भी श्रावक-श्राविकाओं को मिला। सूर्यकांतश्रीजी मसा की शिष्या साध्वीश्री सुधाशनाश्रीजी और साध्वी मुदिताश्रीजी मसा आदिठाणा भी इस जुलूस में शामिल हुईं। सुबह नवकारसी के बाद आचार्यश्री का मंगल प्रवेश जुलूस साउथ तुकोगंज से निकला, जिसमें संजय जैन मोगरा, कल्पक गांधी, रूपेश शाह, मनोज जैन, प्रदीप मण्डोवरा, संजय लुनिया, दिलीप जैन, राजेंद्र लुनिया, प्रकाश व्होरा, मनोज भाचावत, दिनेश जैन, दीपक कोठारी, नवीन चौरडिया, विमल नाहर, महेश गोलेचा सहित श्वेताम्बर जैन समाज सहित सभी श्रीसंघों के पदाधिकारी, महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। मंगल प्रवेश जुलूस के बाद आचार्यश्री ने कंचनबाग में प्रवचन भी दिए। दोपहर 12 बजे स्वामी वात्सल्य का आयोजन भी हुआ।

#### ये रहे लाभार्थी

मंगल प्रवेश जुलूस के मुख्य लाभार्थी कैलाशचंद-राजवन्ता, संदीप-समता, रूपेश-प्रीति, अविश-रिशीता, डॉ. आयुष, आदिश, रित, अविर जैन व व्होरा परिवार (राजगढ़वाला) है। इस दौरान सैकड़ों समाजजन भी मौजूद रहे। चातुर्मास के लिए आकर्षक पंडाल तैयार किया गया है, वहीं बारिश के मद्देनजर भी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आचार्यश्री के मंगल प्रवचनों का लाभ लेने देशभर से उनके भक्तगण इंदौर आएंगे। आचार्यश्री की निश्रा में बच्चों के लिए संस्कारों की पाठशाला और युवाओं के लिए भी विशेष शिविर आयोजित होंगे। चातुर्मास समिति आयोजकों ने बताया कि इंदौर की धरा पर आचार्यश्री का चातुर्मास 42 साल बाद पहली बार आयोजित हो रहा है, जिससे समग्र श्वेताम्बर जैन समाज में हर्ष की लहर है। आचार्यश्री 15 साल बाद इंदौर में चातुर्मास निमित्त पधारे हैं। आचार्यश्री ने पूरा जीवन तप, त्याग, व संयम को समर्पित कर रखा है। आचार्यश्री के निर्देशन में कई जिनालयों व उपाश्रय का निर्माण भी हुआ है।

---

## रणजीत हनुमान मंदिर की सफाई में जुटे 200 से ज्यादा भक्त



सत्ता सुधार ■ इंदौर

रणजीत हनुमान मंदिर में रविवार को मासिक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्त मंडल के सदस्य शामिल हुए। जिन्होंने मंदिर की सफाई व्यवस्था संभाली। हाथों में झाड़ू, कपड़ा आदि लेकर भक्तों ने पूरे मंदिर की सफाई की। महिला भक्तों ने भी सफाई में हाथ बंटाया। मंदिर के मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि रविवार को मासिक स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह परंपरा काफी पुरानी है। इसमें हर महीने मंदिर की सफाई की जाती है। रणजीत हनुमान मंदिर भक्त मंडल के सदस्य इसमें सहयोग करते हैं। रविवार को भी 200 से ज्यादा भक्त मंडल के सदस्य सफाई व्यवस्था में लगे।

**120 महिलाओं ने की सफाई–** मंदिर की सफाई व्यवस्था में महिला भक्त मंडल के सदस्य भी शामिल हुए। 120 से ज्यादा महिलाओं ने मंदिर में सफाई की। मंदिर परिसर में बने सभी मंदिरों की साफ-सफाई की गई। उन्होंने भगवान के बर्तन, प्रतिमाओं के आसपास एवं परिसर की सफाई की।

#### महिलाओं ने किए भजन

पं. दीपेश व्यास ने बताया कि भक्तों ने मंदिर परिसर की सभी दीवारों की सफाई के साथ ही गर्भगृह की सफाई, छतों, लाइट, पंखों की सफाई भी की। सफाई अभियान के बाद महिलाओं ने भजन किए। बाबा रणजीत को भोग अर्पित किया। भक्त मंडल के सदस्यों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई।

---

# प्रधानमंत्री के मन की बात के कार्यक्रम को जिले भर के बूथों पर देखा व सुना

## जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ अमलीया फलियां में पौधारोपण किया

सत्ता सुधार ■ बड़वानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के कार्यक्रम का 123 वे एपीसोड को जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगभग सभी बूथों पर देखा व सुना तथा अनेक जगह पौधा रोपण भी किया गया। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला अध्यक्ष अजय यादव ने जुलवानिया मण्डल के अमलीया फलियां स्थित बूथ क्रमांक 245 पर अनेक कार्यकर्ताओ के साथ देखा व सुना। इसके पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के चलते पौधारोपण भी किया। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 123 वे एपिसोड में योग दिवस पर चर्चा की। इसके बाद आपातकाल के समय को याद कर इसकी आलोचना की ओर कहा कि इमरजेंसी के समय लड़ने वाले



लोगो को याद रखा जाना चाहिए। इस बीच सेहत, पर्यावरण, कैलाश मानसरोवर यात्रा को दोबारा शुरू किए जाने आदि विषयो पर चर्चा की। इस अवसर अजय यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पीएम मोदी शक्तिशाली, मजबूत व विकसित राष्ट्र बनाने के लिए तो संकल्पित है ही साथ पर्यावण, स्वच्छता व स्वस्थ जैसी बातों पर भी ध्यान देकर देशवासियों को लाभ पहुंचाने का काम कर करे है। पीएम मोदी की मन की बात का कार्यक्रम जिले की चारों विधानसभा के सभी बूथों पर देखा व सुना गया। कार्यक्रम के बाद जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ अमलीया फलियां में छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया व एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधा रोपण करने का आव्हान किया। इस अवसर पर जुलवानिया मण्डल अध्यक्ष गोलू यादव, पानवा सरपंच गुलालिया भाबर सहित बूथ के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

### लंबी दूरी की ट्रेनों में मोबाइल चोरी करने वाले बदमाश गिरफ्तार

**उज्जैन।** उज्जैन रेलवे स्टेशन पर जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) और आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़े मोबाइल चोर गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने देवास, विदिशा और महाराष्ट्र के रहने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 1.43 लाख रुपये कीमत के कुल 13 चोरी के मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। तीनों आरोपी लंबी दूरी की ट्रेनों में वारदात को अंजाम दे रहे थे। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक से तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने ट्रेनों से मोबाइल चोरी करने की बात कबूल कर ली। पकड़े गए आरोपियों की पहचान देवास निवासी अजय उर्फ बारिक (35), विदिशा निवासी अनिल यादव (19) और महाराष्ट्र के पचोरा निवासी सुनील हाटगले (25) के रूप में हुई है।

---

# पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे डीजीपी, अपराध और ट्रैफिक व्यवस्था पर करेंगे चर्चा

सत्ता सुधार ■ इंदौर

मध्यप्रदेश पुलिस के मुखिया कैलाश मकवाना रविवार को इंदौर पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे। वे यहां अपराध और शहर की ट्रेफिक व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों पर जिले के पुलिस अफसरों से बात करेंगे। वहीं आमजन से पुलिस को लेकर सीधे फीडबैक के लिए क्यूआर कोड का अनावरण भी करेंगे। इसके साथ राजेंद्र नगर थाने को आईएसओ सर्टिफिकेट को लेकर जानकारी देंगे और मीडिया से चर्चा करेंगे। डीजीपी के कंट्रोल रूम पहुंचने पर सीपी संतोष सिंह ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर अन्य पुलिस अफसर भी मौजूद थे। डीजीपी के आने के पहले राजेंद्र नगर, तेजाजी थाना परिसर की सफाई और रंगरोगन भी किया गया है।



**थानों में लगाए जाएंगे क्यूआर कोड–** पुलिस की कार्यप्रणाली का पता लगाने के लिए थानों में क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं। डीजीपी इसका भी अनावरण करेंगे। क्यूआर कोड के माध्यम से आम जनता पुलिस को लेकर फीडबैक दे पाएगी। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार की संभावना बनेगी।

---

**पहल** इंदौर ने एक और अनूठी पहल करते हुए डिजिटल युग की ओर बढ़ाया कदम

# डिजिटल पते का पायलट प्रोजेक्ट शुरू, एक स्कैन से मिलेंगी कई जानकारियां

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर ने एक और अनूठी पहल करते हुए डिजिटल युग की ओर कदम बढ़ाया है। महापौर पुष्य मित्र भार्गव के नेतृत्व में इंदौर नगर निगम 29 जून से वार्ड 82 (जोन-14) में डिजिटल पता प्रणाली का पायलेट प्रोजेक्ट शुरू किया है। यह व्यवस्था भारत सरकार के डीआईजीपीन प्लेटफॉर्म से जुड़ी है और इंदौर इसे अपनाने वाला देश का पहला शहर बनने जा रहा है। रविवार को इसका शुभारंभ सुदामा नगर 60 फीट रोड डी सेक्टर त्रिवेणी कॉर्नर पर किया गया।

सुदामा नगर से डिजिटल प्लेट प्रोजेक्ट की शुरुआत महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने की। इस मौके पर जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा



'बबलू', गरीबी उपशमन प्रभारी मनीष शर्मा, स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल, पार्षद दल के सचेतक कमल वाघेला, स्थानीय पार्षद शानू शर्मा, अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, नगर निगम अधिकारीगण एवं रहवासी उपस्थित रहे। इस प्रोजेक्ट के तहत हर घर के बाहर एक डिजिटल प्लेट लगाई जाएगी, जिसमें जीपीएस आधारित यूनिक डिजिटल पता, स्वच्छता रेटिंग, नागरिक सेवाओं से संबंधित जानकारी एवं क्यूआर कोड शामिल होगा। इस कोड को स्कैन कर संपत्ति से जुड़ी सभी जानकारियां मोबाइल पर प्राप्त की जा सकेंगी। नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया यह एक ऐतिहासिक पहल है जो नगर सेवाओं को पारदर्शी, सुलभ और तकनीक-सक्षम बनाएगी।

लोगों की सहभागिता इस योजना की सफलता की कुंजी है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा, सुदामा नगर डिजिटल इंदौर का पहला मॉडल बन रहा है। यहां भी डिजिटल प्लेट, सड़कें और अब ड्रेनेज कार्यों की सौगात दी जा रही है। मेरे लिए यह क्षेत्र काशी के समान पवित्र है। आने वाले समय में नर्मदा माता, स्वामी विवेकानंद और अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाओं की स्थापना का संकल्प भी वर्ष के अंत तक पूरा किया जाएगा।

#### पूरे शहर में किया जाएगा लागू

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि क्लीन सिटी अब डिजिटल सिटी होगी। इंदौर के हर घर की अपनी एक डीपी होगी, जैसे हम सोशल मीडिया पर डीपी लगाते है वैसे ही ये डिजिटल प्रोफाइलिंग का काम हर घर को एक यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर देने का काम और उस डिजिटल पते के क्यूआर कोड स्कैनर से नगर निगम की सारी सुविधाएं, अधिकारियों के नाम-नंबर, टैक्स की जानकारी, टैक्स भरने की सुविधा ये सब स्क्रीन और क्यूआर कोड स्कैनर पर उपलब्ध रहेगी। रहवासियों को कही जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ये पायलेट प्रोजेक्ट वार्ड 82 में कर रहे है ये पूरा होगा इसके बाद पूरे शहर में लागू करेंगे।

---

## इंदौर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रीजनल पार्क से निकली साइक्लोथोन

**इंदौर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सेव वाटर साइक्लोथॉन का आयोजन रविवार को किया गया। रीजनल पार्क से बड़ी संख्या में लोग साइकिल पर निकले। विधायक ने हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन की शुरुआत की। इससे पहले भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कई आयोजन किए जा चुके हैं। रीजनल पार्क से शुरू हुई साइक्लोथॉन अलग-अलग मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान लोगों ने जल बचाने की शपथ भी ली। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आयोजन में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू सहित कई लोग शामिल हुए। यहां विधायक मधु वर्मा ने उपस्थित सभी लोगों को जल बचाने और जल संरक्षण की शपथ दिलाई। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा, एक काम ऐसा था जिसमें हम पीछे थे, लेकिन इंदौरी कभी पीछे नहीं रहता। पानी बचाने और उसके सदुपयोग में इंदौर ने फिर इतिहास रच दिया है। शहर में 500 से ज्यादा कुएं, 100 से ज्यादा बावड़ियां और 27 से अधिक तालाबों को संरक्षित और पुनर्जीवित किया गया है। कुछ बावड़ियां तो ऐसी थीं, जो 50 साल से साफ नहीं हुई थीं, उन्हें भी साफ किया गया है। अब देशभर से लोग इन्हें देखने आ रहे हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### टीएल बैठक 30 जून को

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में टीएल बैठक 30 जून को प्रातरू 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित होगी। बैठक में समस्त अधिकारी उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### आईटीआई जरेरुआ में रोजगार मेला आज

**मुरैना।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य एक ही स्थान पर एक दिवसीय रोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन 30 जून को शासकीय आईटीआई जडेरुआ में किया जा रहा है। यह रोजगार मेला प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रतिष्ठान, कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती कर युवाओं का चयन करेंगे तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मुरैना द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु विभिन्न प्रकरण तैयार किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि एलजी इलेक्ट्रॉनिक प्राइवेट लिमिटेड नोएडा, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर, न्यू हॉलैंड ग्रेटर नोएडा, पद्मिनी बीएनए मैकेट्रेनिक गुरुग्राम हरियाणा, यजाकी इंडिया लिमिटेड अहमदाबाद गुजरात और एमआरएफ टायर प्राइवेट लिमिटेड भरुचि गुजरात के द्वारा युवाओं की भर्ती की जाएगी, जिसमें शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र बायोडाटा साथ लेकर उपस्थित रहे। मेले में उपस्थित होने पर युवाओं को कार्यालय द्वारा कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### धनेला गांव में खास भाइयों के बीच में चली गोलियां दो घायल

**मुरैना।** नूराबाद थाना क्षेत्र के धनेला गांव में रविवार की शाम गोद ली गई बच्ची के नाम जमीन किए जाने के चलते खास भाइयों के बीच जमकर लाठियां चली और गोली चली, जिसमें दो लोग घायल बताए गए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है, लेकिन देर शाम तक कोई भी पक्ष थाने नहीं पहुंचा। थाना प्रभारी ओपी रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि धनेला गांव निवासी अशोक गुर्जर, जबर सिंह गुर्जर सहित पांच भाई हैं। राजेंद्र गुर्जर को कोई बाल बच्चा नहीं था, तो उसने साले की लड़की को गोद ले लिया और उसके द्वारा अपने हिस्से की जमीन जायदाद उस बच्ची के नाम कर दी। साथ परिवार के कुछ अन्य लोगों ने भी उस बच्ची के नाम जमीन जायदाद कर दिया था, जिससे अशोक गुर्जर 30 वर्ष एवं जवर सिंह गुर्जर के बीच विवाद चल रहा था। रविवार की शाम दोनों के बीच फिर से विवाद हुआ और जमकर लाठियां चली। इस दौरान अशोक गुर्जर एवं जबर सिंह के पैर एवं...में गोली लगने से दोनों लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद कोई भी पक्ष पुलिस थाने नहीं पहुंचा है। पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों ने एक दूसरे पर मामला दर्ज कराने के लिए जानबूझकर अपने आप को घायल किया है।

रुपए न देने पर कर रही मारपीट...

# आरपीएफ थाने की पुलिस ऑटो चालकों से कर रही अवैध वसूली

**सत्ता सुधार ■ मुरैना**

रेलवे स्टेशन पर संचालित आरपीएफथाना की पुलिस के कुछ कर्मचारियों द्वारा प्लेटफार्म नंबर एक के पीछे खड़े होने वाले ऑटो चालकों से डरा धमका कर मारपीट कर अवैध वसूली की जा रही है। इसके चलते ऑटो चालकों ने प्रदर्शन किया और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए।

ऑटो चालक अमित माहौर निवासी बड़ी लालौर ने प्रदर्शन के दौरान मीडिया को बताया कि आरपीएफथाने में पदस्थ पुलिसकर्मी सोनू शर्मा, अमित कुमार, कपिल कुमार द्वारा 5 दिन पहले उसका मोबाइल जमा कर लिया और कहा कि हर महीने रुपए दो। जब युवक ने कहा कि वह अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है तो उसे धमकी दी। इसी प्रकार एक दिव्यांग



अशोक शर्मा निवासी पोरसा ने बताया कि वह मुरैना में ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है, लेकिन उक्त पुलिस कर्मचारी आए दिन धमकी देते हैं और कहा जाता है कि तुम्हें किसी भी मामले में झांसी जेल पहुंचा देंगे तथा प्रति महीना 500 रूपए मांगते हैं। ऑटो चालक रघुराज सिंह ने बताया कि वह कल शाम को खाना खा रहा था, तभी पुलिसकर्मी सोनू और अन्य लोग आए तथा गाड़ी में डालकर ले गए। जबरन अवैध वसूली मांगी तथा 200 रूपए फोन पे करवा लिया गया। एक अन्य ऑटो चालक ने बताया कि उसको ऑटो में सोते समय उक्त पुलिस कर्मचारी बाल पकड़ कर थाने ले गए और 500 रूपए ले लिए। अधिकांश ऑटो चालकों ने बताया कि यह पुलिस कर्मचारी प्रतिदिन सुबह-शाम ऑटो चालकों को अवैध वसूली के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं तथा विरोध करने पर पकड़कर ले जाते हैं और धमकियां देते हैं। इसी के चलते परेशान ऑटो चालकों ने रविवार को स्टेशन के पीछे प्रदर्शन किया और पुलिस के खिलाफजमकर नारेबाजी की।

आरपीएफथाना पुलिस के कर्मचारियों द्वारा अवैध वसूली की शिकायत मीडिया कर्मियों को पहले भी मिलती रही हैं, लेकिन अब ऑटो चालकों ने उनके विरुद्ध मोर्चा खोलकर देशभक्ति जन सेवा का नारा देने वाली पुलिस की पोल खोल कर रख दी है। ऑटो चालकों के प्रदर्शन के बाद पुलिस अधिकारी, पुलिस कर्मचारियों के बचाव में आ गए हैं और उनके आरोपों को निराधार बता रहे हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी पर एफआईआर को लेकर कांग्रेस ने कहा

# भाजपा षडयंत्र पूर्वक कर रही बदनाम

**सत्ता सुधार ■ मुरैना**

मध्य प्रदेश की मुंगावली थाना पुलिस द्वारा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध दर्ज की गई झूठी एफआईआर को लेकर जिला कांग्रेस ने कहा कि यह भाजपा की तानाशाही और राजनीतिक प्रतिशोध की भावना को दर्शाती है। श्री पटवारी ने जो भी आरोप लगाए थे, वह पीड़ित परिवार के बयानों के आधार पर लगाए थे लेकिन सत्ता में बैठी भाजपा के लोगों ने सत्ता का दुरुपयोग कर जनता की आवाज उठाने वाले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के विरुद्ध मामला दर्ज करवा दिया।

जिला कांग्रेस कमेटी ने बताया कि यह मामला अशोकनगर जिले के मूड़रा बरवाह गांव का है, जहाँ 10 जून 2025 को गजराज लोधी और रघुराज लोधी ने आरोप लगाया कि स्थानीय सरपंच के पति और उनके साथियों ने उनकी मोटरसाइकिल छीनी, उनके साथ मारपीट की और अमानवीय रूप से उन्हें मानव मल खाने के लिए मजबूर किया। इस जघन्य अपराध की शिकायत लेकर पीड़ितों ने उसी दिन 10 जून 2025 को जनसुनवाई कार्यक्रम में अशोकनगर कलेक्टर से मुलाकात की, लेकिन उनकी शिकायत पर



कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए यह मामला 11 जून 2025 को एक दैनिक समाचार पत्र के पहले पन्ने पर प्रमुखता से छपा, जिसमें मल खिलाने और पीड़ितों में से एक के आत्मदाह की कोशिश की खबर ने पूरे प्रदेश में सनसनी फैला दी। यह खबर बीजेपी सरकार और स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर करती थी। जनसुनवाई में कलेक्टर से शिकायत और मीडिया में चर्चा के 10 दिन बाद यानी 25 जून 2025 को, पीड़ितों ने मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ओरछा में मुलाकात की। यह स्पष्ट करता है कि पीड़ितों ने स्वतः अपनी शिकायत को पहले कलेक्टर और फिर मीडिया के सामने उठाया था और श्री पटवारी के कहने पर उन्होंने कोई आरोप नहीं लगाए। एक जिम्मेदार नेता के रूप में श्री पटवारी ने तुरंत अशोकनगर कलेक्टर से फोन पर बात की और इस मामले में 8 दिनों के भीतर कार्रवाई की मांग की। इस बातचीत के दौरान कलेक्टर ने भी पुष्टि की कि पीड़ितों के आरोप उन्हें 10 जून 2025 को जनसुनवाई में प्राप्त हुए थे। श्री पटवारी ने पीड़ितों के बयान और कलेक्टर से बातचीत का वीडियो उसी दिन सोशल मीडिया पर सांझा किया, जो वायरल हो गया। इस वीडियो ने एक बार फिर स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता और प्रशासन की विफलता को उजागर किया।

## आर आर सुमन ने किया देह दान, आज हो रहे हैं सेवानिवृत

**मुरैना।** मुरैना में पदस्थ ईई रूरल इंजीनियरिंग सर्विस (आरईएस) के आर आर सुमन ने अपने देह को दान करने का एक अद्वितीय निर्णय लिया है। उन्होंने शुक्रवार को ग्वालियर स्थित गजरा राजा चिकित्सा महाविद्यालय के एनाटॉमी विभाग में स्वेक्षा से देहदान का संकल्प पत्र सौंपा। आरआर सुमन अपनी सेवा से आज निवृत्त हो रहे हैं, और यह निर्णय उनके जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत का



प्रतीक है। आरआर सुमन के देह दान से चिकित्सा छात्रों को शिक्षा और प्रशिक्षण में मदद मिलेगी, साथ ही शोधकर्ताओं को नए अनुसंधान के अवसर प्राप्त होंगे। यह निर्णय समाज में जागरूकता बढ़ाने और मानवता की सेवा के प्रति प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर, हम उनकी लंबी और सफल सेवा को सलाम करते हैं और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

# जाटव समाज और अंबेडकर के खिलाफअभद्र पोस्ट डालने वाले आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज



**सत्ता सुधार ■ मुरैना**

सोशल मीडिया पर एक वीडियो में प्रमोद शुक्ला नामक व्यक्ति द्वारा जाटव समाज, डॉ भीमराव अंबेडकर एवं संविधान के विरुद्ध अभद्र, आपत्तिजनक बात कहने तथा गालियां देने से भडके जाटव समाज के लोगों ने मुरैना में प्रदर्शन कर सिटी कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने सामाजिक भावना को ठेस पहुंचाने एवं सौहार्द बिगाड़ने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी धर्मवीर दौनेरिया पुत्र रामलखन दौनेरिया उम्र 31 निवासी रजिस्ट्रार कार्यालय के पीछे रविदास नगर मुरैना ने पुलिस को बताया कि 28 जून को मैंने फेसबुक पर देखा कि प्रमोद शुक्ला नाम का एक व्यक्ति का विडियो चल रहा था, जिसमें वह मेरे समाज को गाली-गलोच कर रहा था। जाति अपमान करते हुये समाज के प्रति ऐसी तमाम बातें कह रहा था, जो सार्वजनिक नहीं की जा सकती। उत्तेजना पूर्ण विडियो से हमारा पूरा समाज आहत हुआ है, जिससे उनकी सामाजिक भावना को ठेस पहुंची है। फरियादी द्वारा उक्त वीडियो अपने अन्य साथी रणवीर जाटव, बबलू कौशल, सूरज जोनवार, सुनील रामपुरे आदि लोगो को दिखाया और विडियो की सीडी बनाकर कोतवाली पुलिस को दी गई, जिस पर से पुलिस द्वारा प्रमोद शुक्ला के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। फरियादी धर्मवीर ने कहा कि उक्त व्यक्ति बिना सत्ता के संरक्षण के इस तरह से खुलेआम ऐसा नहीं बोल सकता। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के सभी जिलों में अपने समाज के लोगों को सूचना दे दी गई है और हर जिले में उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# जमीन पर कब्जा कर रहे लोगों का वीडियो बनाया तो आरोपियों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

**सत्ता सुधार ■ मुरैना**

सिटी कोतवाली के अंतर्गत नाला नंबर 1 परशुराम नगर कृषि उपज मंडी के पीछे एक बीघा जमीन पर कुछ लोग बोर्ड लगाकर कब्जा कर रहे थे, तभी जमीन मालिक का बेटा वहां पहुंचकर विरोध करने लगा और वीडियो बना लिया, जिस पर आरोपियों ने उसकी जमकर मारपीट कर दी। जब स्कूटी लेकर भागने लगा तो फिर से पटककर पीटा और मोबाइल छीन लिया। शनिवार की शाम को पीड़ित थाने पहुंचे तो पुलिस ने आवेदन ले लिया और एनसीआर काटकर सुबह मामला दर्ज करने की बात कही, लेकिन रविवार को भी पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया।



पीड़ित परिवार के गंगाबिशन जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि गल्ला मंडी के पीछे परशुराम नगर में रोड से एक खेत पीछे एक बीघा जमीन है, जिसके पास में ही आरोपी शिव सिंह परमार, बृजेश परमार, महावीर जैन,प्रतीक जैन, कालिया आदि का एक प्लॉट है, जिसका कोई रास्ता नहीं है और वह लंबे समय से उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पहले भी उनके परिवार के लोगों की मारपीट कर चुके हैं। शनिवार की शाम 4 बजे आदिश जैन पुत्र मनोज जैन उम्र 20 निवासी जीवाजी गंज मुरैना दिल्ली से अपने घर आया हुआ था और स्कूटी से जमीन को देखने गया, जहां पर उक्त आरोपी बोर्ड लगाकर कब्जा कर रहे थे। आदिश जैन को वीडियो बनाते हुए उक्त आरोपियों ने देखा तो उसे पकड़कर मारपीट कर दी, जब वह स्कूटी लेकर भागने लगा तो फिर से आरोपियों ने उसे स्कूटी से गिराकर जमकर मारपीट कर दी और मोबाइल छीन लिया तथा उसमें वीडियो फोटो डिलीट कर दिए और मोबाइल को अपने साथ ले गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने शाम को कोतवाली पहुंचे तो पुलिस द्वारा एनसीआर काट दी गई और कहा कि सुबह मामला दर्ज कर देंगे, लेकिन सुबह मामला दर्ज करने से मना कर दिया। गंगा विशन जैन ने आरोप लगाया है कि आदिश जैन की मारपीट के बाद ही आरोपी कोतवाली पहुंच गए और पुलिस से मिलकर मामले को दबाने की कोशिश की गई, इसलिए पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### चोरी गई 4 लाख कीमत की बाइक सराय छोला क्षेत्र से बरामद

**मुरैना।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत हनुमान चौराहा पर रहने वाले व्यापारी के घर से 26-27 जून को चार लाख रुपए से अधिक कीमत की बीएमडब्ल्यू बाइक चोरी हो गई, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई। बताया जाता है कि कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त बाइक सराय छोला थाना क्षेत्र से बरामद कर ली गई है, लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। उल्लेखनीय है कि व्यापारी शुभम गुप्ता निवासी हनुमान चौराहा पंसारी बाजार के सामने द्वारा अपनी बीएमडब्ल्यू बाइक कीमत 4 लाख 20 हजार रुपए को 26 जून की रात घर के प्रांगण में खड़ा कर गया और अंदर चला गया। सुबह 10:00 बजे जब नीचे आया तो देखा कि उसकी बाइक गायब थी, जिसकी रिपोर्ट शुभम गुप्ता द्वारा सिटी कोतवाली पुलिस से की गई। पुलिस द्वारा आवेदन लेकर मामले की छानबीन की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी गई बीएमडब्ल्यू बाइक सराय छोला थाना क्षेत्र स्थित एक खाली प्लॉट में रखी हुई है और वहां कुछ लोग बैठकर शराब पी रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस वहां पहुंची तो पुलिस को देखकर शराब पी रहे युवक वहां से भाग निकले। पुलिस द्वारा खाली प्लॉट से बीएमडब्ल्यू बाइक को बरामद कर लिया गया है। पुलिस द्वारा अब बाइक चोर गैंग की तलाश की जा रही है।

# घर वाले सोते रहे और चोर 3 लाख का माल समेट ले गए, पुलिस ने बताया मामला संदिग्ध



**सत्ता सुधार ■ मुरैना**

सिविल लाइन थाना क्षेत्र की नई कॉलोनी डोमपुरा वार्ड क्रमांक 44 में एक सोशल वर्कर के घर से बीती रात्रि अज्ञात चोर 3 लाख का सामान समेट कर ले गए। बताया जाता है जिस समय चोरी हुई, उस समय घर के सभी सदस्य घर में ही थे और सो रहे थे। फरियादी द्वारा पड़ोसी पर शंका जाहिर की गई, जिसे पुलिस ने पूछताछ के लिए बिठा लिया, लेकिन पुलिस के अनुसार मामला संदिग्ध है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोशल वर्कर दीपक बौद्ध निवासी नई कॉलोनी डोमपुरा वार्ड 44 सिविल लाईन द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि बीती रात उसके घर से अज्ञात चोर मेन गेट की कुंडी खोलकर अलमारी और बक्से में रखे 60 हजार नगद, दो मंगल सूत्र, 3 अंगूठी, दो करधोनी चांदी, एक जोड़ी पायजेब, 8 जोड़ी बिछिया, सोने की बेसर, दो बाली कानों की, 3 बच्चों के कपडे जो कल ही लेकर आये थे, साडी सूट, कार की चाबी, मोबाईल चार्जर, कुल कीमत 3 लाख के लगभग चोरी कर ले गए। घटना का पता सुबह चला। फरियादी ने पड़ोसी पर शंका जाहिर की है, जिसके बाद थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ल मौके पर स्वयं पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। श्री शुक्ल ने बताया कि मामला संदिग्ध है। फरियादी द्वारा जो शंका जाहिर की गई थी उस युवक को हिरासत को लेकर पूछताछ की जा रही है।

विदा कराने के लिए एकत्रित कर रहा था रुपया

# जमीन में गड़ा रुपया एवं जेवर चोरी, पुलिस ने नहीं की कार्यवाही

**सत्ता सुधार ■ मुरैना**

स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के जेवरा खेड़ा गांव में गरीब कुशवाह के दो युवक मेहनत मजदूरी कर रुपया कमाकर लाते थे और अपनी दादी की तरह प्रतिदिन जमीन में गढ़े डिब्बे में रखकर सुरक्षित रख देते थे। रविवार की सुबह फरियादी ने देखा कि जमीन में गढ़ा डिब्बा गायब है और उसके ऊपर रखा पत्थर शेष रह गया है। चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए स्टेशन रोड थाना पहुंचा तो पुलिस ने फरियादी के परिवार पर ही आपस में गोलमाल करने का आरोप



लगा दिया।

बताया जाता है कि भीकम कुशवाह एवं गंभीर कुशवाह 20 वर्ष से अधिक समय से जेवरा खेड़ा गांव में अपनी दादी के साथ निवास करते हैं और मेहनत मजदूरी करते थे। दोनों का विवाह नहीं हुआ था और भीकम किसी तरह रुपया एकत्रित कर विदा कराने की सोच रहा था, जिस घर में औरत की कमी पूरी हो जाती। बताया जाता है कि दोनों युवक अपनी दादी की तरह रुपया मेहनत मजदूरी कर लाते थे और प्रतिदिन शाम को घर पर आकर खोदे गए गड्डे में रखे हुए डिब्बे में सुरक्षित कर देते थे और पत्थर रखकर उसे बंद कर देते। फरियादी को आशंका है कि किसी ने उन्हें यह सब करते देख लिया और शनिवार-रविवार की रात कोई अज्ञात चोर डिब्बा गड्डे से निकाल कर ले गया। सुबह जब देखा तो डिब्बा गायब मिला और पत्थर वही रखा मिला। फरियादी भीकम के अनुसार डिब्बे में करीब डेढ़ लाख रुपया नगदी एवं पाजेब, करधोनी रखी हुई थी। घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए थाने पहुंचे तो थाना प्रभारी द्वारा आपस में ही चोरी करने का आरोप लगाकर उन्हें भगा दिया गया।

## न्यू एंजिल पब्लिक स्कूल के नवीन भवन का माँ के हाथों से कराया पूजन



**कैलारस।** नगर में स्कूल संचालक अतुल राठौर ने एंजिल पब्लिक स्कूल का अपनी माँ के हाथों से न्यू बिल्डिंग का पूजन एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। स्कूल की स्थापना सन 2017 से कैलारस की वशिष्ट मार्ग से एक छोटे से कमरे से हुई थी। एंजल्स पब्लिक स्कूल में धीरे-धीरे बच्चों की संख्या बढ़ती गई। देखा जाए तो स्कूल के संचालक अतुल राठौर ने बच्चों की सुविधा के लिए पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर एक नई भव्य एवं खूबसूरत तरीके से स्कूल की नई बिल्डिंग बनाकर तैयार की इसमें बच्चों की सहूलियत एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्कूल के कमरों में ऐसी की व्यवस्था की गई है और बच्चों को पढ़ने के लिए भी 20 स्टाफ मेंमर्स भी रखे गए हैं व बच्चों खेलने के लिए ग्राउंड भी बनाया गया है। स्कूल की नवीन बिल्डिंग का स्कूल संचालक अतुल राठौर ने अपनी मां के हाथों से पूजन कर फीता काट कर शुभारंभ किया।

## ब्रीफ न्यूज

### पिछले 24 घंटों में जिले में 0.6 मि.मी. औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 0.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 0.5 मि.मी., टिमरनी में 3.2 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., सिराली में 0 मि.मी. तथा रहटगांव में 0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 192 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 172 मि.मी., टिमरनी में 234.4 मि.मी., खिरकिया में 277.6 मि.मी.,सिराली में 176.4 तथा रहटगांव में 99.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 29 जून तक 98.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### रोजगार मेले में हुआ 23 युवाओं का प्राथमिक चयन

**हरदा।** म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जिले की ग्राम पंचायतों में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जनपद पंचायत खिरकिया की ग्राम पंचायत मोरगढ़ी में रोजगार मेला आयोजित किया गया। जिला प्रबन्धक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि इस रोजगार मेले में प्रथम एज्युकेषन भोपाल, एसआईएस सिक्युरिटी जसपुर, शिव शक्ति एग्रोटेक भोपाल की कंपनियो ने सहभागिता की। रोजगार मेले में 54 बेरोजगार युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 4.6 मि.मी. औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 4.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 0.8 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 18.4 मि.मी., सिराली में 2.8 मि.मी. तथा रहटगांव में 1.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 191.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 171.5 मि.मी., टिमरनी में 231.2 मि.मी., खिरकिया में 277.6 मि.मी., सिराली में 176.4 तथा रहटगांव में 99.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई।

### वन पट्टाधारी कृषकों को उर्द बीज का वितरण किया गया

**अशोकनगर।** रविवार को ग्राम खेरोदा, खजुरिया चक, जाखलोंन,बरखेड़ा काछी में कृषि विभाग मुंगावली के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आदिवासी कृषकों एवं वन पट्टाधारी कृषकों को उर्द बीज का वितरण किया गया है। और आज ग्राम खेरोदा, खजुरिया चक, जाखलोंन, बरखेड़ा काछी में कृषि विभाग मुंगावली के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी प्रदीप गर्ग, कृषि विस्तार अधिकारी सौरव यादव, कृषि विस्तार अधिकारी राजेंद्र सिंह बरखेड़ा काछी पंचायत के सरपंच खलक सिंह यादव, अवधेश शर्मा द्वारा आदिवासी कृषकों एवं वन पट्टाधारी कृषकों को उर्द बीज का वितरण किया गया है और किसानों को उन्नत किस्म को बीज ऊर्वरक कीटनाशी उपयोग किए जाने की सलाह किसानों की दी गई है।

---

### मच्छर के काटने से डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई

# कचरे के ढेर से वातावरण दूषित, बीमारी की आशंका,गड्डो से आवागमन बाधित, आये दिन हो रही दुर्घटनाएं

सत्ता सुधार ■ हरदा



जिले के हरदा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहनपुर के ग्राम दुलिया में साफ सफाई नहीं होने से जगह-जगह कचरे का ढेर लगा हुआ है जो सड़कर न केवल बदबू दे रहा है अपितु बीमारियों के फैलने का प्रमुख कारण बन रहा है। उपसरपंच रामराज सिंह राजपूत ने बताया कि मच्छर तेजी से पनप रहे हैं। इससे मच्छर के काटने से डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। इसके बाद भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सफाई में रुचि नहीं ली जा रही है जबकि इस संबंध में मांग की जाती है फिर भी इस तरह ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है।

**मांग शिकायत पर अमल नहीं -**

मोहनपुर के दुलिया गांव के लोग गंदगी से परेशान है। इसके बाद भी स्वच्छता अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए साफ सफाई करवा कर वातावरण स्वच्छ करने की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह समस्या काफी समय से है। बरसात के कारण गली मुहल्लों की हालत खराब हो गई है। बारिश का पानी और घरों का गंदा पानी सड़क पर बने गड्ढों में सड़कर बदबू दे रहा है जिसके कारण उस मार्ग से गुजरना मुश्किल हो गया है। स्वच्छता अभियान पर भले ही भारी भरकम बजट खर्च किया गया हो, किंतु वास्तव में स्वच्छता के नाम पर कोई पहल नहीं की गई है। जिसको लेकर आक्रोश का माहौल है। समय रहते कारगर कदम नहीं उठाया गया तो लोगों का आक्रोश बढ़ जायेगा और खुलकर विरोध करने सड़क पर उतर आयेगे।

**पाइपलाइन बिछाने से सड़क खराब**

नल जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य करवाया गया है। फिर सड़क को अच्छे से दूरस्त नहीं किया गया है जिसके कारण गड्ढे बन गये हैं। वाहन लेकर चलना तो दूर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। बड़े वाहनों के गड्ढे में फंसने की संभावनाएं बढ़ जाती है। कई दफे ऐसी घटनाएं हो चुकी है। फिर भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण लोगों की परेशानी लंबे समय से बनी हुई है।

गड्ढों से आये दिन हो रही दुर्घटनाएं -

नल जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है। गड्ढों के कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है, फिर भी गड्ढों को भरकर आवागमन को दुरुस्त करने की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण समस्या बनी हुई है। ठेकेदार से ग्रामीण इस संबंध में मांग करते हैं तो कहा जाता है कि जहां शिकायत करना हो कर दो हम गड्ढों को नहीं भर सकेंगे। ठेकेदार का यह अड़ियल रवैया समझ के परे है। राजनीतिक संरक्षण के कारण ठेकेदार शिकायत की परवाह नहीं कर रहे हैं, उल्टा शिकायत करने वालों को देख लेने की धमकी दे देते हैं।

**सरपंच सचिव समस्याओं की कर रहे अनदेखी -**

मोहनपुर सरपंच सचिव समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं शिकायत के बाद भी सड़क को दुरुस्त कराकर साफ सफाई कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं। भारी भरकम बजट खर्च होने के बाद भी चौतरफा गंदगी का अंबार लगा हुआ है। लोग परेशान है। गंदगी के कारण समस्या काफी बढ़ गई है। बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है फिर भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसा लगता है कि जब तक बीमारी नहीं फैलेगी तब तक बीमारी की रोकथाम और सफाई के इंतजाम नहीं किये जायेंगे। मोहनपुर गांव के लोगों ने जिला कलेक्टर सिद्धार्थ जैन का ध्यान इस और आकृष्ट करते हुए मोहनपुर सरपंच सचिव द्वारा पद एवं अधिकार का किया जा रहे दुरुपयोग की जांच पड़ताल कराकर कठोर कार्यवाही करने की मांग जोर पकड़ रही है।

**क्या कहते जबाबदार**

पंचायत में नल जल योजना का काम ठेकेदार द्वारा करवाया गया है। अभी ठेकेदार का काम पूरा नहीं हुआ है। पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी गई है और उसे पूर्ववत करने के लिए ठेकेदार और पीएचई विभाग के अधिकारी ही जवाब दे सकते हैं।

भागीरथ ढोके, सचिव, ग्राम पंचायत, मोहनपुर(हरदा)

---

# जबेरा विस के ग्राम चंडी चौपरा पहुंचे मंत्री लोधी हुए विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल

### 27 लाख रुपए की लागत से बने नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पणक किया

सत्ता सुधार ■ दमोह



जिले की जबेरा विधानसभा से विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी निरंतर ग्राम में प्रवास कर रहे हैं इसी दौरान रविवार को जनपद जबेरा के ग्राम चंडी चौपरा पहुंचे जहां 3.3 करोड़ रुपए की लागत से बने 33/11 के व्ही उप केंद्र का निरीक्षण किया। चौपरा में 3 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कहो औचिक निरीक्षण किया जहां निर्माण कर रहे कर्मचारियों को उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देशित दिए। पटी महाराज में 27 लाख रुपए की लागत से बने नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पणक किया। एवं सरस्वती स्कूल प्रांगण चोपरा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम के समापन अवसर पर सम्मिलित हुए जय अभियान एक माह पहले शुरू हुआ था जिसका समापन किया गया। नोहटा वन चौकी में पहुंच कर एक पेड़ मां के नाम के तहत 30 पौधों का रोपण किया। मंत्री श्री लोधी ने बताया कि चौपरा में लंबे समय से नवीन विद्युत उपकेंद्र की मांग की जा रही थी और जब मैं पहली बार विधायक बना तो ऊर्जा मंत्री जी से इस केंद्र को स्वीकृत कराया और आज बनकर तैयार है इसके निर्माण से लगभग 24 ग्रामों को बिजली सप्लाई की सुविधा प्राप्त हो रही है निश्चित ही एक बड़ी उपलब्धि है। फिर मांग की गई की एक अस्पताल बनाया जाए जिसको मैंने स्वीकृत कराया और आज 3.3 करोड़ रुपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग का निर्माण कार्य निरंतर जारी है निश्चित ही स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से लगभग 30 ग्रामों को स्वास्थ सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा पहले मरीज को इलाज के लिए जबेरा या नोहटा जाना पड़ता था जिससे समय और पैसे अधिक खर्च होते थे लेकिन अब समय के साथ पैसों की भी बचत होगी और स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त होंगी।

नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण 27 लाख रुपए की लागत से किया गया है जिसमें बच्चे शिक्षा के साथ पोस्ट का हार भी प्राप्त करेंगे और पति महाराज सिंह ग्राम के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। जल गंगा संवर्धन योजना के माध्यम से जनपद जबेरा में 4 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से पुरानी बावड़ी कुआ तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया।धरती आवाज योजना के माध्यम से जनपद जबेरा के 113 ग्रामों को जोड़ा गया है इन ग्रामों में 2 करोड़ से अधिक की राशि से ग्राम में विभिन्न कार्य किए जाएंगे। एक पेड़ मां के नाम के तहत नोहटा वन चौकी में पौधारोपण किए गए हैं हम सभी संकल्प लेकर एक पेड़ अवश्य लगे क्योंकि कहा भी गया है कि सांसे हो रही है कम आओ पेड़ लगे हम पेड़ों की महत्वता हमें कोरोना काल से समझना चाहिए कैसे लोगों को जीवन के लिए ऑक्सीजन की जरूरत है माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम जन तक पहुंच रहा है और लोग प्रभावित होकर निरंतर पेड़ लगाने का कार्य कर रहे हैं निश्चित ही एक यह एक क्रांतिकारी कदम है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दमोह अधीक्षक अभियंता सुभाष नागेश्वर जी, कार्यपालन अभियंता एमएल साहू जी, कनिष्ठ अभियंता प्रभात दुबे जी। वन मंडल अधिकारी मानक पुरी, वन परिक्षेत्र अधिकारी अखिलेश चौरसिया, परिक्षेत्र सहायक नोहटा रशीद कुरैशी,नवल किशोर पटैल अशोक कोरी। सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन जी, जबेरा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे जी, नोहटा मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह जी, वरिष्ट कार्यकर्ता कमल सिंघई जी, नर्मदा प्रसाद राय जी जनपद सदस्य इंद्रजीत सिंह, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।

---

# जिले के बूथ केंद्रों पर सुनी गई पीएम मोदी की मन की बात



सत्ता सुधार ■ दमोह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो प्रसारण कार्यक्रम मन की बात का 123वां प्रसारण जिले के सभी 24 मंडलों के बूथ केंद्र पर सीधे प्रसारण के माध्यम सुना गया। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, मध्यप्रदेश शासन में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र व्यास, जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष कपिल शुक्ला, मनीष तिवारी, भरत यादव ने बूथ क्रमांक 95 में मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुना एवं बटियागढ़ मुक्ति में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत मन की बात कार्यक्रम के 123 वां संस्करण के उपलक्ष्य में 123 पौधों का रोपण किया गया।

दमोह सांसद राहुल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, मंडल अध्यक्ष बृजेश सिंह ने दमोह विधानसभा अंतर्गत बांदकपुर मंडल के बूथ केंद्र 193 पर मन की बात कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के साथ सुना। जबेरा विधायक और राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह ने निज निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। जिला भाजपा कार्यालय में मीडिया सह प्रभारी महेन्द्र जैन, व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक जुगल अग्रवाल और सृजन असाटी के साथ प्रसारण देखा। जिला कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय ने नगर के बूथ केंद्र 86 पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रसारण देखा। जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी ने हिरदेपुर के बूथ केंद्र 73 पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रसारण देखा। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने बताया कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग दिवस के साथ आपातकाल का समय याद कर आपातकाल की आलोचना की और कहा कि इमरजेंसी के समय लड़ने वाले लोगों को याद रखा जाना चाहिए।

---

# विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन

सत्ता सुधार ■ हरदा



माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश-अध्यक्षा श्रीमती तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम-मोरगढी, चिकलपाट, कुकड़ापानी, जामन्या खुर्द, विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को पैरालीगल वॉलेंटियर्स संजय गंगराड़े ने बताया कि उपस्थित न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर राठौर द्वारा बताया गया कि बाल अधिकार जागरूकता अभियान के अंतर्गत बच्चों के अधिकारों के बारे में लोगों को शिक्षित करना और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान बच्चों के अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए जागरूकता बढाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल यौन शोषण बाल विवाह, बाल श्रम आदिके बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए है। साथ ही यह भी बताया गया कि नालसा डॉन स्कीम 2025 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा द्वारा नशा उन्मूलन हेतु शुरू की गई एक पहल है। जिला प्राधिकरण एवं राज्य की कई एजेन्सियों के साथ साथ गैर सरकारी संगठन भी नशीले पदार्थो की तस्करी और मादक पदार्थो के उन्मूलन के क्षेत्र में कार्यरत है। जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ दुबे द्वारा नालसा बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024 के आलोक में पॉक्सो एक्ट, पॉक्सो रूल्स तथा प्रतिकर से संबंधित अन्य कानूनी प्रावधानों एवं मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, 2015, नालसा लैंगिक अन्य अपराधों की पीड़िताओं-सर्वाईवर्स महिलाओं के लिए प्रतिकर योजना, 2018 की जानकारी उपस्थितजनों को प्रदाय की गई ।

---

# वैश्य समाज ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

सत्ता सुधार ■ हरदा



जिला वैश्य महासम्मेलन द्वारा जिलास्तरीय मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह एवं बैठक का आयोजन 29 जून रविवार को होटल बगिया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ वैश्य कुलदेवी माँ लक्ष्मी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन कर किया। जिला प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि कार्यक्रम में जिले के कुल 75 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। महासम्मेलन द्वारा प्रतिवर्ष मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान प्रदेशाध्यक्ष श्री गुप्ता के जन्मदिन पर आयोजित होता है। जिसमें 10वीं, 12वीं में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित करते हैं। हर किसी के जीवन में कठिनाइयाँ आती हैं, लेकिन उन पर विजय पाकर ही सच्ची सफलता प्राप्त होती है।

**बच्चों के चेहरों पर सम्मान की देखी खुशी**

जिलाध्यक्ष दीपक नेमा ने इस अवसर पर बताया कि बच्चों के साथ उनके माता-पिता, दादा-दादी और अन्य अभिभावकों की उपस्थिति में कार्यक्रम को पारिवारिक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान कर बच्चों के चेहरों पर सम्मान की खुशी देखते ही बन रही थी। ये पढ़ाई के साथ खेलकूद, सामाजिक ज्ञान और समग्र विकास के अन्य पहलुओं पर प्रेरणा दी है। कार्यक्रम में प्रेरक वक्ता राजीव खंडेलवाल ने छात्रों को जीवन की चुनौतियों से न घबराकर उनका सामना करने और अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने की सीख दी। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष विकास डागा, सुरेन्द्र जैन, आलोक गोयल, कमल अजमेरा, माया सिंहल, वल्लभ तोषनीवाल, अजय अग्रवाल, अरूण जैन, आलोक जैन, कमल किशोर बांगड, संदीप सिंहल, धीरज मूंदड़ा, डॉ नवीन जैन, दीपक जैन, प्रमिला जैन, अमित तोषनीवाल, जयकृष्ण चांडक, श्याम अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक फोटो से हुआ, जिसमें बच्चों और अभिभावकों की खुशी साफ झलक रही थी। उपस्थित सभी लोगों ने आयोजन की तारीफ करते हुए वैश्य महासम्मेलन को धन्यवाद दिया।

---

## घटनाएं

### बरसात के मौसम में सचेत रहे

# सर्पदंश के उपचार हेतु एन्टी स्नेक वेनम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध डॉ. सिंह

सत्ता सुधार ■ हरदा

वर्तमान में वर्षा ऋतु में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती है। इस दौरान सांप व अन्य जीव जंतु अत्यधिक सक्रिय हो जाते है और मानव बस्तीयों के नजदीक आ जाते है। इस कारण सर्पदंश की घटनायें होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच. पी. सिंह ने बताया कि सभी जिले वासियों से अपील की है कि बरसात के मौसम में सचेत रहे और यदि सर्पदंश की घटना घटित होती है, तो मरीज को बिना किसी देरी के तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे, जिससे समय पर इलाज प्रारंभ किया जा सके।

**सर्पदंश का उपचार चौबीस घण्टे निःशुल्क उपलब्ध -**

डॉ. सिंह ने बताया कि सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर पर्याप्त मात्रा में सर्पदंश के उपचार के लिये एन्टी स्नेक वेनम उपलब्ध है



और सर्पदंश का उपचार सभी स्वास्थ्य संस्थाओ में चौबीस घण्टे निःशुल्क उपलब्ध है। डॉ. सिंह ने बताया कि उपयोग करने से पहले स्लीपिंग बैग, जुते, कपड़ों को खोलकर हिलाएं, जिससे उसमे छुपे हुए सांप व अन्य कीड़े भी बाहर निकल जाये। किसी भी पेड़ के नीचे बैठने से पहले जमीन की जांच कर लें। झांडियो या गहरी रेत में चलते समय जुते, मोजे और लंबी पत्तलुन पहने।

**संभवतः पलंग पर ही सोयें -**

डॉ. सिंह ने बताया कि रात में टहलते समय या जलाने की लकड़ियों को इकट्ठा करते समय या शौच करते समय विशेष रूप से भारी बारिश के बाद टार्च का प्रयोग करें। झरनों, नदियों और झीलों के पास के किनारे पर जाते समय विशेष ध्यान रखे। सांपो को परेशान न करें, न उनके पास जायें। जो लोग जमीन पर सोते है, वो नार्मल मच्छरदानी का उपयोग करें। यथा संभव पलंग पर ही सोये। ऐसी जगह पर जहां सांपो का खतरा रहता है, वहां पर छड़ी से जमीन पर आवाज करते हुए चले। पत्थरों के नीचे गड्ढे के अंदर जिन जगहों पर सांपो के छुपे होने की आंशका रहती है, उन जगहों से छेड़छाड़ न करें।

मजबुत चमड़े के जुते न पहने-

अपने घर के आसपास की घास समय-समय पर कटवाते रहे। डॉ. सिंह ने बताया कि घर या दुकान के पास में किसी तरह का कचरा या कुडा, कबाड़ इकट्ठा न करें। घर या दुकान में छोटे गड्ढे और दरार है तो उसे बंद करें। सांप को अकेला छोड़ दें, कई बार सांप के ज्यादा नजदीक आने के कारण लोग सर्पदंश का शिकार बन जाते हैं। अपने हाथ व पैर को उन स्थानों से यथा सम्भव दूर रखें, जहाँ पर आपकी दृष्टि नही पड़ती है, जब तक आप सांप की आक्रमण परिधि से सुरक्षित दूरी पर न हो, पत्थर व लकड़ी से मारने का प्रयास न करें। यदि मजबुत चमड़े के जुते न पहने हो, तो ऊंची घास वाले स्थानों से दूर रहे, जहां तक सम्भव हो स्वयं को पगडण्डियों तक सीमित रखें। पानी का मटका भूमि से ऊपर स्टेंड पर ही रखें।

**मरीज को तत्काल चिकित्सालय लेकर जावें**

डॉ. सिंह ने बताया कि ने सर्प दंश के लक्षण के बारे में बताया कि सर्प काटने वाली जगह पर दर्द, सुजन, काटने के स्थान पर छिद्र या दांत के निशान, लालिमा या नीला पड़ना, उल्टी व जी मचलाना, अकड़न व कपंकपी, एलर्जी, स्किन कलर में बदलाव, पेट दर्द, दस्त, बुखार सिरदर्द, काटने वाली जगह काली पडने लगी हो, कमजोरी, प्यास लगना, लो बीपी, घाव से खुन बहना, अंगो के आसपास के हिस्से का सुन्न पड़ना, पीड़ित को आखे खोलने तथा बोलने में कठिनाई होना, पेशाब में खुन बहने, सांस रुकने लगेगी एंव अंगो के काले पड़ने की संभावना, जैसे लक्षण दिखाई दें, तो मरीज को तत्काल अस्पताल लेकर जावें।

**निःशुल्क 108 एम्बुलेन्स को करें फोन**

डॉ. सिंह ने बताया कि यदि सर्पदंश की घटना घटित हो जाए, तो शांत रहे, घबराये नही, पीड़ित को आराम दें, सर्पदंश स्थल को स्थिर रखें, जल्दी से जल्दी अस्पताल पहुंचे, सर्पदंश स्थल को साफ व खुला रखे, सांप के पहचाने की कोशिश करें, बस उसके रंग आकार व अन्य विशेषताओं को याद रखें।

---

# विधायक हरिबाबू ने किया ग्रामों का भ्रमण कर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**अशोकनगर।** विधायक हरि बाबू राय ने आज अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को नजदीक से जाना। अपने भ्रमण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके से ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सबसे पहले विधायक ग्राम- परवई पहुँचे, जहाँ उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर बिजली से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात वे रांवसर ग्राम पहुँचे, जहाँ उन्होंने समस्त ग्रामवासियों के साथ मिलकर डीपी के लिए उपयुक्त स्थान का जायजा लिया और जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क और कृषि से जुड़ी चुनौतियों को भी साझा किया। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु वे हरसंभव प्रयास करेंगे और शासन-प्रशासन से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई कराएंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### बरौदिया बामन विवाद में दूसरे पक्ष ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई

**खुरई/सागर।** बरौदिया बामन में गांव में मेड पर लगा पत्थर चीरा उखड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया। फरियादी उदयचन्द्र साहू पिता धन्ना लाल साहू उम्र 42 साल ने शिकायत दर्ज कराई है कि मैं और भाई गनेशराम साहू दोनों खेत पर बोनी बखरने कर रहे थे। तभी बोनी करते समय मेड पर लगा पत्थर चीरा उखड गया। उसी बात को लेकर विपिन साहू, कोमल साहू, मौजीलाल साहू हम लोगो से विवाद करने लगे। मना किया तो विपिन साहू ने गनेशराम को कुल्हाडी की मूद से मारा। साथ ही उन्होंने अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की। उन्होंने कहा कि दोबारा मेड के पत्थर उखाडे तो जान से खत्म देगें। घटना के बाद घायल शासकीय अस्पताल चला गया था। पुलिस ने धारा 296,115(2),351(3),3(5) बी.एन.एस के तहत मामला दर्ज किया। आपको बता दें कि दूसरे पक्ष की ओर से विपिन साहू ने भी मामला दर्ज कराया है।

### वेयर हाउस के पास जुआ खेल रहे 9 लोगो को पुलिस ने पकड़ा

**खुरई/सागर।** ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सहोदराबाई राय वार्ड में हुआ खेलते हुए 9 लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि वह वार्ड में वेयर हाउस के पास कुछ लोग हार जीत का दाव लगाते हुए जुआ खेल रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो मानक पिता कुन्दन लाल अहिरवार उम्र 53 साल, अनूप कुमार पिता रमेश प्रजापति उम्र 41 साल, राजेन्द्र पिता गोरेलाल अहिरवार उम्र 27 साल , अमित पिता रेवाराम अहिरवार उम्र 31 साल , बाबूलाल उर्फ क्षमा बाबू पिता गोपीलाल अहिरवार उम्र 38 साल , प्रभुदयाल पिता गोरेलाल अहिरवार उम्र 47 साल , राजू पिता रामचरण विश्वकर्मा उम्र 40 साल सभी निवासी संतरविदास वार्ड। इसके अलावा राहुल पिता तुलसीराम पटैल उम्र 25 साल, अजय पिता झलर पटैल उम्र 26 साल दोनों निवासी कबीर वार्ड जुआ खेल रहे थे। उक्त व्यक्तियों के पास व फड़ से कुल 4740 रुपये एवं 52 ताश के पत्ते मिले।

### नगर ने आवारा घूम रहे पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा

**खुरई/सागर।** नगर पालिका द्वारा नगर के मुख्य मार्गो,बाजारों में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित पकड़कर गौशाला विस्थापित किया जा रहा है। पशुओं के इस तरह विचरण से रोड दुर्घटनाएं हो रही हैं। नपा ने पशु पालकों से भी अनुरोध करते हैं हुए कहा कि समस्त पशु पालक अपने अपने पशुओं का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करें। किसी भी तरह के पशु/मवेशी अगर खुले मार्गो पर विचरण करते हुए पाए जाते हैं। तो ऐसे पशुओं को नगर पालिका द्वारा अधिग्रहण कर लिया जाएगा। कुछ पशु पालक अपने दुधारू पशुओं को भी मुख्य मार्गो बाजारों में आवारा पशुओं की तरह छोड़ देते हैं। जिससे आवागमन अवरोध सहित सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है।

---

### संघर्ष, सेवा और सफलता की प्रेरक यात्रा बनी विद्यार्थियों के लिए मिसाल

# शासकीय महाविद्यालय बंडा को मिला नया नेतृत्व,डॉ. कुलदीप यादव ने संभाला प्रभारी प्राचार्य का दायित्व

**सत्ता सुधार ■ बंडा/सागर**

शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने का भी कार्य करती है। इस भाव को चरितार्थ करते हुए डॉ. कुलदीप यादव ने राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय बंडा के प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। यह न केवल उनके लिए एक उपलब्धि है, बल्कि समूचे बंडा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। डॉ. यादव की नियुक्ति एक उदाहरण है कि कैसे एक विद्यार्थी अपने ही अध्ययनस्थल पर नेतृत्वकर्ता बन सकता है, और यह यात्रा किसी कोचिंग संस्थान या महानगर की चकाचौंध से नहीं, बल्कि गांव, कस्बे और आत्मविश्वास की शक्ति से संभव हुई।



**घर पर रहकर की पढ़ाई, खुद को बनाया काबिल:** डॉ. कुलदीप यादव की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि उन्होंने हर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी घर पर रहकर, स्वअध्ययन के बल पर की। पीएचडी (2011) , नेट परीक्षा (2015) , सेट परीक्षा (2016), स्व्व्व्ष्ट (2017) में राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर सहायक प्राध्यापक के रूप में चयन प्रशासनिक अधिकारी के रूप में 2020 में सफल कार्यकाल, इन सभी उपलब्धियों को उन्होंने बिना किसी विशेष संसाधन या कोचिंग के हासिल किया। यह संघर्ष विद्यार्थियों को यह संदेश देता है कि सीमित संसाधनों में भी दृढ़ निश्चय और अनुशासन से बड़ी सफलता प्राप्त की जा सकती है।

**13 वर्षों तक अतिथि विद्वान के रूप में सेवा, अब नेतृत्व की भूमिका में:** डॉ. यादव ने महाविद्यालय में लगातार 13 वर्षों तक अतिथि विद्वान के रूप में सेवाएं दीं। उन्होंने ना केवल विद्यार्थियों को पढ़ाया, बल्कि उन्हें मानवीय मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिकता का पाठ भी पढ़ाया। वे शिक्षण के साथ-साथ अनेक शैक्षणिक आयोजनों, संगोष्ठियों, शोध कार्यों तथा महाविद्यालयीन समितियों का सक्रिय हिस्सा रहे हैं। उनकी सहज, सरल और प्रेरणात्मक शैली ने छात्रों में सीखने की ललक जगाई और यही कारण है कि वे छात्रों के प्रिय शिक्षक बन गए।

**मीडिया से भेंट कर साझा किया दृष्टिकोण:** पदभार ग्रहण करने के पश्चात डॉ. यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों से भेंट की और कहा-मैंने इसी महाविद्यालय में विद्यार्थी के रूप में पढ़ाई की, और आज इसी संस्था को नेतृत्व देने का अवसर मिला है, यह मेरे लिए सौभाग्य है। मैं चाहता हूं कि यह महाविद्यालय शिक्षा, अनुशासन, नैतिकता और तकनीकी दक्षता का आदर्श केंद्र बने। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए टीम भावना से कार्य किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में महाविद्यालय को डिजिटल सुविधा, रोजगारपरक शिक्षा, कैरियर गाइडेंस, और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्पेशल सेल शुरू करने की योजना भी बनाई जाएगी।

#### शिक्षकों, विद्यार्थियों और समाज की ओर से शुभकामनाएं

डॉ. यादव को महाविद्यालय परिवार, स्थानीय प्रबुद्धजनों, सामाजिक संगठनों और विद्यार्थियों द्वारा बधाइयां और शुभकामनाएं दी जा रही हैं। कई छात्रों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि -सर की मेहनत, सादगी और संघर्ष हमारी प्रेरणा है। उनसे पढ़ना हमारे लिए सौभाग्य रहा है।

**नवाचार, नैतिकता और नेतृत्व की मिसाल:** डॉ. यादव न केवल शिक्षाविद हैं, बल्कि एक कुशल प्रशासक और संवेदनशील मार्गदर्शक भी हैं। महाविद्यालय में नवाचार, अनुशासन, छात्र-हितैषी निर्णय और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की अपेक्षा की जा रही है।

---

# कब होगी निलंबित कार्यपालन यंत्री हेमंत कश्यप के कार्यकाल में हुए करोड़ों के निर्माण कार्य की जांच

### प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार के आरोप की सूक्ष्मता से जांच की मांग

**सत्ता सुधार ■ सागर**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में कार्यपालन यंत्री के रूप में पदस्थ हेमंत कश्यप द्वारा एक कथित वीडियो में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों को किए गए अभद्र एवं अशोभनीय भाषा सहित अन्य मामले को लेकर अधिकारी द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए कार्यपालन यंत्री हेमंत कश्यप को निलंबित तो कर दिया है, लेकिन उसके बाद जांच कमेटी कब गठित होगी एवं उनके कार्यकाल में ठेकेदार के माध्यम से कराए गए कार्य की गुणवत्ता एवं निर्माण कार्य में किए गए भ्रष्टाचार के आरोप को लेकर कब तक जांच कमेटी बनाई जाएगी यह सभी जानना चाहते हैं। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत इनके कार्यकाल में बेहद घटिया एवं गुणवत्ताहीन पेयजल संबंधी कार्य कराए गए हैं।कार्य को लेकर इन पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप भी लगते रहे हैं लेकिन जब अधिकारी द्वारा संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही की है तो उनके कार्यकाल की भी जांच होनी चाहिए कि आखिर इनके कार्यकाल में कराएगा कार्य कैसे हैं और कितना भ्रष्टाचार हुआ है ताकि प्रभावी कार्रवाई हो सके। हेमंत कश्यप को एफएचटीसी(कार्यात्मक घरेलू नल




कनेक्शन) के कार्य को पूरा न करने वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति अभद्रता अशोवनीय एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग करने पर निलंबित किया गया था।दिनांक 17 जून 2025 को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एफएचटीसी (कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन) के कार्यो की समीक्षा की गई, जिसके दौरान 2742 एफएचटीसी के कार्य लंबे समय से प्रगतिरत है, जिससे कई ग्रामों में ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या का सामना करना पड़ा है।

नियमित रूप से समीक्षा के उपरांत भी योजना के क्रियान्वयन में कोई संतोषजनक प्रगति नहीं आई है। साथ ही सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो क्लिप जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सागर के कार्यपालन यंत्री हेमंत कश्यप द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति अभद्र, अशोभनीय एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग करते हुए दिखाई दे रहे है। प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन योजना, स्टोर रूम में रखी सामग्री एवं हैंड पंप संधारण , नलकूप उत्खनन को लेकर भी जांच की मांग की जा रही है। बताया जा रहा है कि उक्त मामले में करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार अधिकारी एवं ठेकेदार की मिली भगत से किया गया है उक्त मामले में अगर सूक्ष्मता से जांच कराई जाती है तो प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन में हुए घोटाले की बात सामने आ जाएगी।

#### पर्दा डालने की तैयारी में निलंबित अधिकारी हेमंत कश्यप

निलंबित कार्यपालन अधिकारी हेमंत कश्यप सस्पेंड होने के बाद कथित वीडियो को लेकर ऑडियो का झूठ होना बता रहे हैं लेकिन जो वीडियो वायरल की गई है इसकी सत्यता की जांच तो होनी चाहिए वहीं अधिकारी के हौसले को भी देखना चाहिए कि वह किस प्रकार से एक वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से अभद्र भाषा का उपयोग करते हैं। बैठक में अधिकारी द्वारा यदि किसी कार्य को लेकर डाट लगाई गई है तो क्या अपशब्द का प्रयोग किया जा सकता है। इन सभी मामलों को लेकर भी जांच होनी चाहिए। सागर जिले में ऐसी कई अधिकारी है जो अपने कार्य को लेकर बेहद लापरवाही अपना रहे हैं।

---

# जीआरपी ने ट्रेनों से 40 पेटी नॉन-अप्रूव्ड पानी की बोतलें जब्त की

### बीना स्टेशन पर 14 फर्जी वेंडर पकड़ाए



**सत्ता सुधार ■ बीना/सागर**

बीना रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने अभियान चलाकर 14 संदिग्ध वेंडरों को पकड़ा है। इनमें से चार वेंडर दूसरे शहरों से आकर ट्रेनों में अवैध रूप से खानपान का सामान बेच रहे थे। कार्रवाई शुक्रवार और आज शनिवार को की गई है।जीआरपी को मिली सूचना के अनुसार कुछ चोर वेंडर की वर्दी पहनकर प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में चोरी कर रहे थे। जांच में जिन वेंडरों के पास रेलवे का अधिकृत आईडी कार्ड नहीं मिला, उन्हें आरपीएफ को सौंप दिया गया।

**नॉन-अप्रूव्ड लोकल पानी की बोतलें जब्त**

जांच में एक और खुलासा हुआ। कई वेंडर स्टेशन पर नॉन-अप्रूव्ड लोकल कंपनियों की पानी की बोतलें बेच रहे थे। पिछले दो दिन में जीआरपी ने 40 पेटी नॉन-अप्रूव्ड पानी जब्त किया है। बीते सप्ताह में यह संख्या 75 पेटी तक पहुंच गई थी।जांच में जिन वेंडरों के पास रेलवे का अधिकृत आईडी कार्ड नहीं मिला, उन्हें आरपीएफ को सौंप दिया गया। जीआरपी टीआई बीबीएस परिहार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए यह अभियान जारी रहेगा। संदिग्ध वेंडरों पर कार्रवाई इसलिए जरूरी है क्योंकि वे अक्सर चोरी जैसे अपराधों में शामिल पाए जाते हैं।

---

# सिविल अस्पताल में उम्र दराज मरीजों को लैब तक पहुंचने में हो रही परेशानी, पुनः नीचे करने की मांग की



**सत्ता सुधार ■ खुरई/सागर**

सिविल अस्पताल में अनेक वर्षो से लेब नीचे संचालित होती आ रही हैं। जहां सहुलियत से मरीज जांचें कराने वाले लेब कक्ष तक पहुंच जाते थे। कुछ समय पहले लैब को ऊपर बिल्डिंग में सबसे पीछे तरफ शिफ्ट कर दी है। जिस वजह से उम्र दराज महिला पुरुष सहित अन्य मरीजों को लेब तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोग तो लैब को तलाशते तलाशते थक जाते हैं। लोगो ने बताया कि सबसे पीछे तरफ लेब स्थापित करने का क्या औचित्य है, जब नीचे अनेकों कक्ष है जहां सुविधा से लेब संचालित की जा सकती है। वर्तमान में मरीजों को हो रही असुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अस्पताल प्रबंधन को लेब कक्ष नीचे स्थापित करना चाहिए। अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं। अस्पताल में मरीजों को सहजता रहेगी तो वह बिना तकलीफ के अपनी सभी जांचें कराने के लिए लेब कक्ष तक पहुंच सकेगे। अव्यवस्था में सुधार की आवश्यकता सभी मरीज चाहते हैं। पलंग पर चादर नहीं डाले जा रहे हैं, बिना चादर के ही मरीज पलंग पर है। स्टाप से अगर बेड पर चादर डालने की कहो तो साफ मना कर देते हैं और चादर है नहीं। इसके अलावा कुछ समय से सफाई में भी अव्यवस्थाएं देखी जा रही है। अस्पताल के कोने कोने में कचड़ा दिखाई दे रहा है। यह भी बात सही है कि अस्पताल और उसके परिसर को सफाई कर्मी ही स्वच्छ रखने का कार्य करते हैं। यह उनकी सम्पूर्ण जवाबदारी भी रहती है, परन्तु घर परिवार चलाने के लिए समय पर वेतन का मिलना अत्यंत आवश्यक है। अस्पताल में लगभग 15 सफाई कर्मी आउटसोर्स के माध्यम से कार्य करते हैं। मगर उन्हें 3 माह से वेतन नहीं मिला है और जून माह पूर्ण होते ही 4 माह का बकाया हो जाएंगा।

---

### नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बातका लाइव प्रसारण को देखा



सागर।मोदी जी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता, देश-विदेश में बने कीर्तिमान और आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की हत्या जैसे काले अध्याय विषय सहित अन्य विषयों पर अपने विचार साझा किये। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

---

## निरीक्षण

### व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देश

# एसडीएम विजय डेहरिया ने गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप पर किया निरीक्षण

**सत्ता सुधार ■ बीना/सागर**

बीना के अधिकांश पेट्रोल पंप और गैस एजेंसीओ पर आम उपभोक्ता को जो सुविधा मिलना चाहिए वह नहीं मिलती हैं अधिकांश पेट्रोल पंपों पर सुविधा घर पर ताला लगा पाया जाता है, जिससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता हवा भरने की सुविधा नदारत रहती है। इसी तरह गैस एजेंसी द्वारा होम डिलीवरी जिस तरह से करनी चाहिए उसे तरह से आम उपभोक्ता को नहीं मिल पाती जबकि होम डिलीवरी का चार्ज कंपनी द्वारा गैस मलिकों को मिलती है। इन्हीं सभी बातों को ध्यान में रखकर शनिवार को एसडीम विजय डेहरिया की नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर आम लोगों की सुरक्षा मानकों का जायजा लेने शनिवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। पेट्रोल पंप पर हवा और पानी की बेहतर



सुविधा न मिलने पर दुरुस्त करने के आदेश दिए। इसके साथ ही गैस एजेंसियों के निरीक्षण में सिलेंडर का स्टॉक मिलने पर गोदाम से डिलीवरी करने के निर्देश दिए हैं।निरीक्षण से पहले तहसील में एसडीएम विजय डेहरिया, एसडीओपी नीतेश पटेल,तहसीलदार डॉ. अंबर पंथी और टीआई अनूप यादव ने आपदा प्रबंधन को लेकर चर्चा की। बैठक खत्म होते ही अधिकारियों ने दोपहर 1 बजे सर्वोदय चौराहा स्थित शाह पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया। डेनसिटी चेक करने के साथ उन्होंने उपभोक्ताओं को मिलने वाली सुविधाएं देखी। पेट्रोल पंप पर वाहनों चालकों के लिए टायरों में हवा भरवाने की सुविधा न होने पर तत्काल व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अधिकारियों ने सर्वोदय चौराहे पर संचालित राय गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। एजेंसी के बाहर गाड़ियों में सिलेंडर मिलने पर उन्होंने आम लोगों की सुरक्षा का हवाला देते हुए गोदाम से डिलीवरी करने की बात कही। इसके अलावा कच्चा रोड पर संचालित भारत गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। एजेंसी के सामने दो गाड़ियों में सिलेंडर रखे मिलने पर उन्होंने एजेंसी संचालक को गोदाम से डिलीवरी करने का आदेश दिया। नियमों पालन न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

---

# बाढ़ नियंत्रण कक्ष के साथ बीना में पहली बार तैनात किए जाएंगे एसडीआरएफ के जवान

**सत्ता सुधार ■ बीना/सागर**

पिछले वर्ष अतिवृष्टि नदियों के उफान के कारण कई ग्रामीणों की जान जा चुकी है इस बात कि पुनरावृत्ति ना हो अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जिसमें एसडीआरएफ मौजूदा हालातो से निपटने के लिए तैयार रहेगी। दरअसल अतिवृष्टि के कारण कई बार बीना, बेतवा और अन्य सहायक नदिया उफान पर आ जाती हैं। बाढ़ की स्थिति बनने पर रेस्क्यू और राहत बचाव कार्य के लिए सागर से एसडीआरएफ की टीम बुलानी पड़ती है लेकिन इस बार बीना में एसडीआरएफ के छह जवान जरूरी उपकरणों के साथ तैनात रहेंगे। जरूरत पड़ने पर जवान तुरंत रेस्क्यू करने पहुंचेंगे।एसडीएम विजय डेहरिया ने बताया कि बाढ़ की संभावना को देखते हुए तहसील में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। इसमें तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई जो 24 घंटे कक्ष में रहेंगे। इसके साथ ही हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिया है, ताकि बाढ़ की स्थिति बनने पर लोग जानकारी दे सकें और तुरंत जरूरी कदम उठाए जा सकें। इसके साथ ही शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर ने आपदा प्रबंधन को लेकर एसडीओपी नितेश पटेल, तहसीलदार डॉ. अंबर पंथी, बीएमओ डॉ. संजीव अग्रवाल, सीईओ एसएल कुरेले सहित अन्य अधिकारियों की बैठक की। इसमें उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही यह निर्देश दिए हैं कि बीना में एसडीआरएफ के छह जवान पूरी तैयारी के साथ तैनात रहेंगे, ताकि जरूरत के समय टीम एक्टिव होकर रेस्क्यू सहित अन्य राहत बचाव कार्य कर सकें।

## ब्रीफ न्यूज

### मंधाना के शतक से भारतीय टीम ने पहले टी20 में इंग्लैंड को हराया

**लंदन।** कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना के शानदार शतक और अपना पहला ही मैच खेल रही श्री चरणी की अच्छी गेंदबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये पहले ही टी20 मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड को 97 रन से हरा दिया। इस मैच में मिली जीत के साथ ही भारतीय टीम सीरीज में 1-0 से आगे हो गयी है। इस मैंच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 210 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 211 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवरों में ही 113 रनों पर सिमट गयी। भारतीय टीम की जीत में मंधाना और चरणी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंधाना ने जहां 112 रन बनाकर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। वहीं श्री चरणी ने 4 विकेट लेकर मेजबान टीम की बल्लेबाजी को धवस्त कर दिया। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है।

### भारतीय टीम की टी20 विश्वकप जीत का एक साल पूरा हुआ

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के टी20 विश्वकप की जीत को एक साल पूरा हो गया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में पिछले साल 29 जून को भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने एक दशक बाद आईसीसी खिताब अपने नाम किया था। इस जीत के बाद रोहित शर्मा और अनुभीवी बल्लेबाज विराट कोहली ने टी20 प्रारुप को अलविदा कह दिया था। भारतीय टीम इने इस टूर्नामेंट में अपने सभी मैच जीते थे। उसने एक बार फिर पाकिस्तान के खिलाफ जी दर्ज की थी। भारतीय टीम ने अमेरिका को 7 विकेट से हार कर सुपर आठ में प्रवेश किया। वहीं कनाडा के साथ अंतिम लीग मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। भारतीय टीम ने इसके बाद वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान को हराया। इसके बाद टीम ने और ऑस्ट्रेलिया को भी हराया और 2023 एकदिवसीय विश्वकप की हार का हिसाब बराबर कर दिया। वहीं खिताबी मुकाबले में उसने दक्षिण अफ्रीका को 68 रनों से हराया। इस टूर्नामेंट के साथ ही मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का करार भी समाप्त हो गया।

### क्रिकेटर यश दयाल पर शादी का झांसा देकर शोषण का आरोप

**गाजियाबाद।** क्रिकेटर यश दयाल पर धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की ओर से खेलने वाले क्रिकेटर यश पर एक लड़की ने शादी का झांसा देकर शारीरिक और मानसिक शोषण का आरोप लगाया है। इस लड़की ने यश की शिकायत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इंदिरापुरम सर्किल ऑफिसर से इस मामले में 21 जुलाई तक जांच रिपोर्ट देने को कहा है। अपनी शिकायत में इस लड़की ने कहा है कि वह पिछले 5 सालों से यश के साथ रिश्ते में थी। इस दौरान यश ने उनसे शादी का वादा किया था पर अब वह इंकार कर रहे हैं।

## जकार्ता में इंटरनेशनल मैराथन



जकार्ता में इंटरनेशनल मैराथन 2025 में भाग लेते हुए प्रतियोगी।

# 10 सितंबर से शुरु हो सकता है एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट

एजेंसी ■ मुम्बई



भारत में होने वाला एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 10 सितंबर से शुरु होने की संभावना है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) जुलाई के पहले सप्ताह में छह टीमों के इस टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी करेगी। अनुमान है कि सितंबर के दूसरे सप्ताह में एशिया कप शुरु होगा। इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के अलावा अफगानिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और यूएई की टीमें भी भाग लेंगी।

एशिया कप की मेजबानी भारत करेगा पर दोनो देशों के बीच तनाव को देखते हुए पाकिस्तान की टीम भारत नहीं आयेगी। ऐसे में एसीसी हाइब्रिड मॉडल के तौर पर पाक के मैच का आयोजन श्रीलंका या यूएई में कर सकता है। इससे पहले पाक में हुई चैम्पियसं ट्रॉफी में भारतीय टीम के मैच यूएई में हुए थे तभी ये करार हुआ था कि पाक टीम भी अपने मुकाबले हाईब्रिड मॉडल के तहत खेलेगी। वहीं अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही टूर्नामेंट पर संशय छा गया था। इसके बाद से ही देश में बहुपक्षीय आयोजनों से भी पाक टीम को बाहर करने की मांग तेज हो गयी थी। भारतीय टीम मुम्बई हमले के बाद से ही पाक से द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेल रही।

# भारत एजबेस्टन टेस्ट में वापसी की तलाश में लग सकता है झटका, यहां आजतक नहीं जीता

## आंकड़े बताते है बुमराह का वर्कलोड सबसे ज्यादा, उन्हें आराम की जरूरत

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जाएगा। पहला मैच हारकर यहां पहुंची शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम इंडिया की नजरें जोरदार वापसी पर होंगी। हालांकि यह काम आसान नहीं होने वाला है। एजबेस्टन का यह मैदान भारत के लिए कभी भी शुभ नहीं रहा है। भारत आज तक यहां इंग्लैंड को हराने में नाकाम रहा है और इस बार भी चुनौती कड़ी रहने वाली है।



इस मुश्किल में टीम इंडिया को एक और बड़ा झटका लग सकता है। खबर है कि टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दूसरे टेस्ट में आराम दिया जा सकता है। टीम मैनेजमेंट उनके वर्कलोड को लेकर काफी सतर्क है और नहीं चाहता कि वह चोटिल हो जाएं। भले ही पहले और दूसरे टेस्ट के बीच सात दिनों का अंतर है, लेकिन मैनेजमेंट का मानना है कि बुमराह को पूरी तरह से तरोताजा रखना जरूरी है। दरअसल, सीरीज शुरू होने से पहले ही यह साफ कर दिया गया था कि बुमराह सभी पांच टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे। योजना के मुताबिक वह पहला और तीसरा टेस्ट जरूर खेलेंगे और फिर सीरीज की स्थिति देखकर चौथे या पांचवें मैच के लिए फैसला करेंगे।

पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे का उदाहरण टीम मैनेजमेंट की सोच को सही साबित करता है। तब बुमराह ने सभी पांच टेस्ट मैच खेले थे और इसके बाद उन्हें चोट ने परेशान किया। इस बार टीम कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहती। हालांकि, इस फैसले को लेकर कई दिग्गज और फैंस सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि अगर दो मैचों के बीच सात दिन का ब्रेक है तो क्या वह आराम के लिए काफी नहीं है? यह सवाल भी उठ रहा है कि इतने अहम मौके पर भारत अपने सबसे भरोसेमंद गेंदबाज को कैसे बाहर बैठा सकता है।

बुमराह के वर्कलोड पर नजर डालें तो टीम मैनेजमेंट का फैसला समझ आता है। इस समय दुनिया के किसी भी तेज गेंदबाज पर उतना काम का बोझ नहीं है जितना बुमराह पर। 1 जनवरी 2024 से अब तक बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा ओवर फेंके हैं। उन्होंने 410.4 ओवर गेंदबाजी की है और इस दौरान 78 विकेट भी हासिल किए हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क का नंबर आता है, जिन्होंने 362.3 ओवर में 48 विकेट लिए हैं। पैट कमिंस ने 359.1 ओवर में 51 विकेट चटकाए हैं। भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी इस दौरान 355.3 ओवर फेंके हैं और 41 विकेट हासिल किए हैं। वास्तव में, बुमराह ने भारत के लिए सभी गेंदबाजों में सबसे ज्यादा ओवर भी फेंके हैं, उनके बाद रवींद्र जडेजा 400.1 ओवर के साथ दूसरे स्थान पर हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि बुमराह भारतीय बॉलिंग अटैक की रीढ़ बने हुए हैं और उनका फिट रहना टीम के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता है। यही वजह है कि टीम मैनेजमेंट उनके वर्कलोड को मैनेज करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। एजबेस्टन टेस्ट में उनकी गैरमौजूदगी भारत के लिए चुनौती जरूर बढ़ाएगी, लेकिन लंबी सीरीज को देखते हुए यह फैसला रणनीतिक माना जा रहा है।

### गौतम गंभीर पर बढ़ा दबाव, टेस्ट क्रिकेट में नतीजे देने की चुनौतीः आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली।** गौतम गंभीर जब से भारतीय क्रिकेट टीम के कोच बने है तब से टीम के प्रदर्शन को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। उनके कोच बनने के बाद टीम में कई बदलाव देखे गए हैं। हालांकि गंभीर बार-बार यह कहते रहे हैं कि टीम का चयन वे नहीं करते, लेकिन सभी जानते हैं कि चयन समिति कप्तान और कोच से बातचीत के बाद ही टीम को अंतिम रुप देने का काम करती है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी जैसे अहम टूर्नामेंट जीते हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में हाल के वर्षों में टीम के प्रदर्शन में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। इसी को लेकर उनके पुराने साथी और पूर्व भारतीय ओपनर आकाश चोपड़ा ने भी खुलकर कहा है कि अब गंभीर को नतीजे देने होंगे। हाल ही में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारत को हार झेलनी पड़ी। इंग्लैंड के खिलाफ भी सीरीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। हेडिंग्ले टेस्ट में शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने 371 रन का बड़ा लक्ष्य देने के बावजूद पांच विकेट से हार का सामना किया। आकाश चोपड़ा का मानना है कि अब गंभीर के पास ज्यादा समय नहीं है और उन्हें जल्द अच्छे नतीजे देने होंगे वरना उन पर दबाव और बढ़ेगा। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि शुभमन गिल को फिलहाल दोष नहीं दिया जा सकता क्योंकि उन्होंने हाल ही में कप्तानी संभाली है और उन्हें अभी वक्त मिलेगा। लेकिन कोच के तौर पर गंभीर से सवाल जरूर पूछे जाने चाहिए। उनके मुताबिक ÷भारतीय क्रिकेट में यह सिद्धांत है कि अच्छा होगा तो तारीफ होगी और खराब होगा तो आलोचना भी होगी।



### स्टीव स्मिथ जल्द वापसी कर सकते है : पैट कमिंस

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट मैच में 159 रनों से हराकर सीरीज में बढ़त बना ली। हालांकि, स्कोरलाइन से अलग मैच में वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी, लेकिन कमजोर बल्लेबाजी के चलते उन्हें हार झेलनी पड़ी। खास बात यह रही कि ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मुकाबले में अपने दो प्रमुख बल्लेबाजों स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के बिना उतरी। स्मिथ चोटिल होने के कारण बाहर रहे जबकि लाबुशेन को लगातार खराब फॉर्म की वजह से टीम से ड्रॉप किया गया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने बताया कि स्मिथ अपनी चोट से उबरने की प्रक्रिया में हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में स्लिप में कैच लेते समय चोट लगी थी। कमिंस के मुताबिक स्मिथ ने न्यूयॉर्क में हल्की प्रैक्टिस भी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, ÷उन्होंने न्यूयॉर्क में कुछ ओवर खेले हैं, शायद टेनिस बॉल से ही सही। घाव अब ठीक लग रहा है। अगला स्टेज यहां आकर नेट्स में गेंदें खेलना है। हम आने वाले दिनों में देखेंगे कि वह कब तक पूरी तरह फिट हो पाते हैं।÷ स्मिथ की कोशिश 3 जुलाई से ग्रेनेडा में होने वाले दूसरे टेस्ट तक फिट होकर लौटने की है। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को उनकी गैरमौजूदगी काफी खली। पहली पारी में टीम ने 22 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे, जबकि दूसरी पारी में 65 तक चार विकेट गिर गए।

# चैड गेबल को कंधे पर गंभीर चोट, जुलाई में होगी सर्जरी

## डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूई को बड़ा झटका

एजेंसी ■ नई दिल्ली

डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार चैड गेबल को जुलाई के पहले हफ्ते में सर्जरी करानी पड़ेगी। मंडे नाइट रॉ के ताजा एपिसोड में पेंटा के साथ मुकाबले में उन्हें कंधे में गंभीर चोट लगी। मैच के दौरान पेंटा ने गेबल पर आर्मबार सबमिशन मूव लगाया, जिससे गेबल दर्द से चिल्लाते दिखे। बताया जा रहा है कि इस चोटिल एंगल को जानबूझकर बुना गया ताकि गेबल को पहले से लगी चोट की वजह से टीवी से हटाया जा सके। दरअसल, मंडे नाइट रॉ में ब्रॉन ब्रेकर से हारने के बाद गेबल ने पेंटा को भड़काते हुए उसका मजाक उड़ाया और मास्क उतारने की धमकी दी। इस पर पेंटा ने जवाबी हमला किया और आर्मबार लगा दिया, जिससे गेबल का कंधा बुरी तरह मुड़ गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक गेबल को पहले से ही कंधे में चोट थी और इसी कारण डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूई ने उन्हें स्टोरीलाइन में भी चोटिल दिखाकर ब्रेक दिलाने का प्लान बनाया।



दिलचस्प बात यह है कि एल ग्रांडे अमेरिकानो नाम के एक और रेसलर को भी ठीक उसी तरह की चोट लगी। इसी वजह से कुछ फैंस का अंदाजा है कि गेबल ही एल ग्रांडे अमेरिकानो के गियर में डबल रोल निभा रहे थे, लेकिन इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।


चैड गेबल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूई के सबसे हुनरमंद टेक्निकल रेसलर्स में गिने जाते हैं। उनके चोटिल होकर लंबे समय तक बाहर रहने से रॉ ब्रांड और टैग टीम डिवीजन को बड़ा झटका लगेगा।

# सैमी पर आईसीसी ने 15 फीसदी जुर्माना लगाया



एजेंसी ■ दुबई

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कोच डैरन सैमी को टीवी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक की सार्वजनिक रूप से आलोचना करना महंगा पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सैमी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान टीवी अंपायर की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने का दोषी पाते हुए उनपर मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाया है। सैमी ने मैच के दूसरे दिन डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) के फैसलों पर सवाल उठाये थे। सैमी ने मैच के बाद मीडिया से बात करते हुए तीसरे अंपायर के फैसले पर सवाल उठाए थे, इसी कारण से उन पर यह जुर्माना लगाया गया है। इस मैच में वेस्टइंडीज को हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में अंपायर पर एक नहीं पांच-पांच गलत फैसले देने के आरोप लगे। इसमें से चार वेस्टइंडीज के खिलाफ गये जिससे उसकी परेशानी बढ़ गयी। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को डीआरएस के बाद नॉट आउट दिया गया।




दैनिक
सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075

## अनोखा रिकॉर्ड ऋषभ पंत के 5 टेस्ट में 6 शतक के बावजूद 4 हार और 1 ड्रॉ

# विदेश में ऋषभ के शतक वाले ज्यादातर मैचों में भारत हारा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

टीम इंडिया के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने विदेशी जमीन पर टेस्ट क्रिकेट में अब तक 6 शानदार शतक जड़े हैं, लेकिन यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक अनोखा और कुछ हद तक निराशाजनक संयोग भी रहा है कि जिन 5 टेस्ट मैचों में उन्होंने ये सेंचुरी लगाई, उनमें से एक में भी भारत को जीत नसीब नहीं हुई। पंत के विदेशी शतकों में भारत को चार बार हार झेलनी पड़ी और एक मुकाबला ड्रॉ रहा। उनका यह सिलसिला इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट से शुरू होता है और अब तक जारी है। पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज के दौरान हेडिंग्ले के मैदान पर पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन की दो जबरदस्त पारियां खेलीं। लगा कि यह मैच भारत के पक्ष में जाएगा, मगर भारत 5 विकेट से हार गया। इसके बाद भी पंत का शानदार प्रदर्शन जारी रहा, लेकिन नतीजे भारत के पक्ष में नहीं जा सके। साल 2018 में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ केनिंगटन ओवल में अपने करियर का पहला टेस्ट शतक जमाया था। उन्होंने 114 रन बनाए थे, पर भारत वह मैच भी हार गया। 2019 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सिडनी टेस्ट में उन्होंने 159 रन की नाबाद पारी खेली। उस समय उनकी बल्लेबाज़ी ने टीम इंडिया को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, लेकिन मैच का नतीजा नहीं निकल सका और मुकाबला ड्रॉ रहा। 2022 में पंत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केप टाउन के न्यूलैंड्स टेस्ट में 100 रन की नाबाद पारी खेली थी। इसके बावजूद भारत को हार का सामना करना पड़ा। इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ एजबस्टन में पंत ने 146 रन की शानदार पारी खेली। यह पारी उस मुश्किल समय में आई जब भारत संकट में था। उन्होंने टीम को संभाला, लेकिन इसके बावजूद भारत मैच हार गया। इस तरह ऋषभ पंत ने विदेशी सरजमीं पर पांच टेस्ट में छह शतक लगाए हैं, मगर इनमें से भारत को एक भी जीत नसीब नहीं हुई। फैंस और विशेषज्ञ दोनों ही मानते हैं कि पंत का विदेशी पिचों पर यह आक्रामक और भरोसेमंद अंदाज भारतीय टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहद जरूरी है। अब सभी की नजरें इस बात पर हैं कि क्या आने वाले इंग्लैंड दौरे में यह संयोग टूटेगा और पंत की शतकीय पारी भारत को जीत दिला पाएगी।



### प्रिटोरियस सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले दक्षिण अफ्रीका खिलाड़ी बने

**बुलावायो।** दक्षिण अफ्रीका के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज लुआन ड्रे प्रिटोरियस ने अपने डेब्यू मैच में ही 153 रनों की शतकीय पारी खेलकर एक नया रिकार्ड बनाया है। इसी के साथ ही 19 साल के प्रिटोरियस डेब्यू टेस्ट में शतक लगाने वाले दक्षिण अफ्रीका के सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बन गये हैं। अपनी इस शतक से हाथ के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 61 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।



प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्य निर्वाचन आयोग 16 जुलाई से मतदाता सूची संशोधित करने का प्रदेशव्यापी अभियान प्रारंभ कर सकता है। हालांकि, इस बारे में अभी तक आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई है। यूपी में पंचायत चुनाव अगले साल अप्रैल-मई में होंगे।

# इतिहास रचने को गोरखपुर: दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगी राष्ट्रपति

## एम्स गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर मेधावियों को पदक प्रदान करेंगी

सत्ता सुधार ■ गोरखपुर

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु सोमवार (30 जून) को दोपहर में गोरखपुर आएंगी और अगले दिन मंगलवार (एक जुलाई) की शाम प्रस्थान करेंगी। सोमवार को वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर मेधावियों को पदक प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन और उनके दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेजबानी में गोरखपुर इतिहास रचने को तैयार है। दो दिन में राष्ट्रपति न केवल तीन बड़े संस्थानों के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगी बल्कि गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद 129 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से तय करेंगी। राष्ट्रपति गोरखपुर में हर गंतव्य तक सड़क मार्ग से ही जाएंगी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु सोमवार (30 जून) को दोपहर में गोरखपुर आएंगी और अगले दिन मंगलवार (एक जुलाई) की शाम प्रस्थान करेंगी। सोमवार को वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर मेधावियों को पदक प्रदान करेंगी। जबकि एक जुलाई को पूर्वाह्न राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, पिपरी भटहट का लोकार्पण और अपराह्न महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम, सोनबरसा में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म का लोकार्पण तथा गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। इसके अलावा वह दोनों दिन अलग-अलग समय गोरखनाथ मंदिर जाएंगी।



### मुख्यमंत्री योगी ने रूट का लिया जायजा

गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु पहले दिन एयरपोर्ट, सर्किट हाउस, एम्स और गोरखनाथ मंदिर आने-जाने में कुल मिलाकर 37 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से पूरी करेंगी। जबकि अगले दिन सर्किट हाउस, महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय पिपरी भटहट, गोरखनाथ मंदिर, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम सोनबरसा और एयरपोर्ट तक आवागमन में कुल 92 किलोमीटर सड़क मार्ग से यात्रा करेंगी। द्रोपदी मुर्मु ऐसी पहली राष्ट्रपति होंगी जो गोरखपुर में इतनी लंबी सड़क यात्रा करने जा रही हैं। राष्ट्रपति के आयुष विश्वविद्यालय और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों और दोनों स्थानों तक के रूट का जायजा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ले चुके हैं।

### शिखर समिति ने दी आराखड़े को मान्यता

# भीमाशंकर में 2027 कुंभ मेले से पहले होगा 248 करोड़ का विकास

शिवानी शर्मा ■ पुणे

महाराष्ट्र के प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में से एक भीमाशंकर मंदिर परिसर और उसके आस-पास के क्षेत्र को 2027 में होने वाले भीमाशंकर कुंभमेले से पहले अत्याधुनिक सुविधाओं से सजाया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित 248 करोड़ रुपये के आराखडा (विकास योजना) को हाल ही में हुई मुख्यमंत्री शिंदे की अध्यक्षता में शिखर समिति की बैठक में मंजूरी दी गई। यह आराखडा श्री क्षेत्र भीमाशंकर आराखडा विकास आराखडा के नाम से जाना जाएगा और इसका उद्देश्य न केवल भीड़ नियंत्रण और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाना है, बल्कि धार्मिक और पर्यावरणीय संतुलन भी बनाए रखना है।



**प्रमुख बातें और विकास कार्य**

अत्याधुनिक यात्री सुविधाएँ- भीमाशंकर में 2027 के कुंभ के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। इसके लिए 2000 वाहनों की पार्किंग क्षमता, 5000 श्रद्धालुओं के रुकने की व्यवस्था, प्रसाद वितरण केंद्र, शौचालय, पीने के पानी की व्यवस्था, सूचना केंद्र, मेडिकल सुविधाएं और आधुनिक रस्ते तैयार किए जाएंगे।

मंदिर क्षेत्र का पुनर्विकास और संरक्षण- भीमाशंकर मंदिर परिसर और इसके आसपास के धार्मिक स्थलों का संवर्धन किया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### बस्ती में भाजपा नेताओं ने सुनी पीएम की मन की बात

**बस्ती।** प्रधानमंत्री ने 1975 की आपातकाल को याद करते हुए कहा कि हमें यह स्मरण कराया कि भारत की जनता ने कभी लोकतंत्र के साथ समझौता नहीं किया। उनका यह संदेश हमें न सिर्फ अतीत से सीखने की प्रेरणा देता है, बल्कि वर्तमान में राष्ट्रनिर्माण के कार्यों में सक्रिय योगदान देने के लिए भी प्रेरित करता है। शहर के स्टेशन रोड पर स्थित एक होटल के सभागार में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। एमएलसी विजय बहादुर पाठक, भाजपा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद रॉय, असम राज्य के प्रभारी पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र एवं सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ देश के प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। यह केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने वाली एक चेतना की धारा है।

### डॉक्टर ने पत्नी से लगवा दिया इंजेक्शन...मासूम की मौत

**गोरखपुर।** गोरखपुर मां सोनी ने बताया कि शनिवार को उसे हाटा बाजार पर स्थित क्लीनिक पर ले गए। आरोप है कि वहां मौजूद डॉक्टर ने पत्नी से बच्ची को इंजेक्शन लगवा दिया। जबकि, वह डॉक्टर नहीं हैं। इससे बच्ची के शरीर में इंफेक्शन फैल गया। हालत बिगड़ी तो परिजन बड़हलगंज लेकर जा रहे थे। रास्ते में बच्ची की मौत हो गई। गगहा (गोरखपुर)। क्षेत्र के हाटा बाजार में स्थित एक क्लीनिक पर डॉक्टर की लापरवाही से तीन माह की बच्ची कृतिका की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल के सामने सड़क पर शव रखकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्लीनिक संचालक को हिरासत में ले लिया।

### मायावती ने उठाया राजा महेंद्र प्रताप सिंह विवि के छात्रवृत्ति का मामला

**लखनऊ।** मायावती ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के छात्रवृत्ति का मामला उठाया। एक्स पर लिखा कि इससे एससी-एसटी वर्ग के छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटका है। उन्होंने सीएम योगी से इसके जल्द समाधान की मांग की। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अलीगढ़ स्थित राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के छात्रवृत्ति के मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि कई जिलों के दर्जनों कालेज इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। इनमें हजारों एससी-एसटी वर्ग के छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। इनके छात्रवृत्ति का सरकारी स्तर पर सही से व समय पर निपटारा नहीं हो सका।

# सीएम योगी की घोषणा : प्रदेश के हर पौधे की होगी जियो टैगिंग

## एक्सप्रेसवे के किनारे बनेगी ग्रीन लैंड

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में जुलाई में आयोजित होने जा रहे वन महोत्सव को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। सीएम ने निर्देश दिए कि इस अभियान को प्रदेशव्यापी जनांदोलन का रूप दिया जाए। वृक्षारोपण महाभियान-2025 का लोगो जारी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार हम एक दिन में प्रदेश की कुल जनसंख्या से भी अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम थीम पर आधारित यह वृक्षारोपण महाअभियान प्रदेश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जा रहा है। योगी ने कहा कि 2017 से 2024 के बीच प्रदेश में 204.92 करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं और भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की रिपोर्ट के अनुसार 2017 से 2023 के बीच उत्तर प्रदेश के हरित आवरण में ऐतिहासिक रूप से तीन लाख एकड़ की वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन महोत्सव की अवधि में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात शिशु को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट प्रदान किया जाए। शिशु के अभिभावकों को एक पौधा भी भेंट किया जाए। उन्होंने कहा कि इस बार वन महोत्सव में कुल 35 करोड़ पौधे रोपे जाने हैं, जो प्रदेश की कुल आबादी से भी अधिक होगी। पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाए। सीएम ने कहा कि प्रत्येक रोपे गए पौधे की जियो टैगिंग कराई जाए और उनकी फेंसिंग की समुचित व्यवस्था हो।



### 52 करोड़ से ज्यादा पौधे उपलब्ध

इस बार वन विभाग 12 करोड़ 60 लाख पौधे और अन्य विभाग 22 करोड़ 40 लाख पौधे लगाएंगे। समन्वय के लिए सभी विभागों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति हो चुकी है। पौधों की आपूर्ति के लिए 1901 वन विभागीय पौधशालाओं, 146 उद्यान विभाग की पौधशालाओं, 55 रेशम विभाग की पौधशालाओं और 484 निजी पौधशालाओं में कुल 52 करोड़ 43 लाख पौधों की नर्सरी तैयार की गई है।

### स्कूलों-अस्पतालों में छायादार वृक्ष

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत लाभान्वित सभी विद्यालयों में बड़े स्तर पर पौधरोपण कराया जाए। सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में सहजन सहित छायादार पौधों का रोपण आवश्यक रूप से किया जाए। सभी औद्योगिक इकाइयों और परिसरों में सघन पौधरोपण कराया जाए। सभी निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में नीम, पाकड़, पीपल जैसे पौधों का रोपण प्राथमिकता से किया जाए।

### एक्सप्रेसवे के किनारे लगेंगे पौधे

सीएम ने कहा कि सभी एक्सप्रेसवे के किनारे बड़े स्तर पर पौधरोपण कराया जाए, जिससे सर्विस लेन और मुख्य मार्गों के बीच आकर्षक हरित पट्टी तैयार हो सके। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सभी लाभार्थियों से कम से कम एक पौधा अवश्य लगवाने के लिए समन्वय की आवश्यकता जताई। सीएम ने कहा कि इस अभियान को जनसहभागिता से सफल बनाया जाए। नुक्कड़ नाटकों, चित्रकला, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं, प्रभात फेरियों, फोटोग्राफी प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

### नदियों का होगा चैनलाइजेशन

मुख्यमंत्री ने नदियों के पुनर्जीवन को भी केंद्र में रखने के निर्देश दिए। कहा कि नदियों के दोनों तटों पर पौधरोपण कराया जाए। नदियों का चैनलाइजेशन भी किया जाए। सभी तालाबों के किनारों पर भी पौधरोपण सुनिश्चित हो और इन जलस्रोतों के संरक्षण व पुनर्जीवन का कार्य भी किया जाए।

### एक जुलाई से वाहन खरीदना होगा महंगा, वाहन टैक्स में भारी बढ़ोतरी

**पुणे।** महाराष्ट्र सरकार ने वाहनों की खरीद पर लगने वाले रोड टैक्स (वाहन कर) में भारी बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। यह नया टैक्स 1 जुलाई 2025 से लागू होगा और विशेष रूप से इंधन (पेट्रोल-डीजल) से चलने वाले वाहनों और लक्झरी गाड़ियों पर असर पड़ेगा। 1 जुलाई से लागूः नए टैक्स दरों के अनुसार, अब वाहन खरीदने पर ग्राहकों को अधिक टैक्स देना होगा।30 लाख से अधिक की गाड़ियों पर सबसे ज्यादा टैक्स दर लागू होगी। नए टैक्स के प्रभावः वाहन खरीद महंगी होगी। डिझेल व पेट्रोल गाड़ियों पर टैक्स में 1त्न से अधिक की बढ़ोतरी होगी। इससे मध्यमवर्गीय ग्राहकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। लक्झरी कारों की खरीदारी में विशेष असर होगा। ईंधन चालित वाहनों से बढ़ते प्रदूषण को कम करने की दिशा में यह कदम।

### बाबा मोबाइल ऐप से अनुयायियों की जासूसी करता था, डर और कर्मकांड से करता था शोषण

**पुणे।** बवधन इलाके में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट से स्वयंभू आध्यात्मिक गुरु बना प्रसाद उर्फ दादा भीमराव तमदार (29) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह अपने अनुयायियों के मोबाइल में जासूसी ऐप इंस्टॉल कराता था और उनके व्यक्तिगत जीवन की जानकारी जुटाकर उनका मानसिक और भावनात्मक शोषण करता था। पुलिस के अनुसार, तमदार ने एक 39 वर्षीय टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट को निशाना बनाया था, जो उसकी कथित अध्यात्मिक कक्षाओं में भाग लेता था। आरोपी ने उसके फोन में एक स्पाइ ऐप डाला और फिर उसकी गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी। यही नहीं, वह अनुयायियों को कहता कि अगर वे उसके बताए अनुसार मंत्र और अनुष्ठान नहीं करेंगे, तो उनकी मृत्यु निकट है।

### सोसाइटी पंजीकरण के लिए रिश्वत लेते दो अधिकारी गिरफ्तार

**पुणे।** दापोडी स्थित उप-पंजीयक कार्यालय में सोसाइटी पंजीकरण के लिए रिश्वत लेते हुए दो अधिकारियों को एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अधिकारियों की पहचान संगीता किरपाले-चौधरी और मुकेश पवार के रूप में हुई है। पिंपरी-चिंचवड़ क्षेत्र की एक सोसाइटी ने 25 मार्च को पंजीकरण के लिए प्रस्ताव दायर किया था। पंजीकरण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए उप-पंजीयक कार्यालय के इन अधिकारियों ने प्रत्येक सदस्य से 700 रुपए की रिश्वत की मांग की थी।

# अयोध्या:10 करोड़ से बने सोने के झूले पर विराजेंगे रामलला

## राम मंदिर ट्रस्ट बनवा रहा दो स्वर्ण जड़ित विशेष झूला

सत्ता सुधार ■ लखनऊ



सावन के आगमन पर इस बार रामलला विशेष तरह के झूले में विराजित होंगे। यह झूला 10 करोड़ की राशि से बनवाया जा रहा है। सावन के आगमन के साथ ही रामलला को झुलाने की परंपरा में इस बार सोने के झूले की भव्य झलक श्रद्धालुओं को भाव विभोर करने जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भूतल पर भव्य स्वरूप में विराजमान रामलला व प्रथम तल पर सीताराम इस सावन में स्वर्ण जड़ित झूले पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे। मुंबई के कारीगर पांच-पांच किलो सोने के दो झूले तैयार कर रहे हैं। एक झूले की कीमत करीब पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है। इन झूलों पर हीरे, माणिक और पन्ना जड़े जा रहे हैं। रामनगरी में सदियों से झूलनोत्सव की परंपरा प्रवाहमान है। सावन शुक्ल तृतीया 29 जुलाई से सावन पूर्णिमा नौ अगस्त तक रामनगरी के हजारों मंदिरों में झूलनोत्सव की धूम होगी। लाखों श्रद्धालु अयोध्या में झूलनोत्सव का दर्शन करने उमड़ेंगे।

# आठ आईएएस व 15 पीसीएस अफसरों के तबादले

**आलोक कुमार को सामान्य प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार**

**लखनऊ।** यूपी में आठ आईएएस व 15 पीसीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। आईएएस आलोक कुमार को सामान्य प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वर्तमान अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन जितेंद्र कुमार 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। राकेश कुमार सिंह को मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस- से औद्योगिक विकास प्राधिकरण तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट नियुक्त किया गया है। योगेश कुमार को सहकारी समितियों का प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक नियुक्त किया गया है। डॉ. हीरा लाल को राष्ट्रीय एकीकरण विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। इसी तरह अनामिका सिंह को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथॉरिटी तथा सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बनाया गया है। पीसीएस अफसर दीप्ति देव यादव को लखनऊ मंडल में अपर आयुक्त नियुक्त किया गया है।

### बनारस में मानसून ने तोड़ा दो साल का रिकॉर्ड 34.4 मिमी बारिश

**वाराणसी।** वाराणसी में मानसून अपना असर दिखाने लगा है। 16 साल में आठवीं बार जून महीने के एक दिन में इतनी बारिश हुई। मौसम खुशनुमा होने के बाद गंगा घाटों और पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ देखी गई। इस सीजन मानसून ने बारिश का दो साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। शनिवार को शहरी इलाके में 34.4 मिलीमीटर और गांवों में 19.5 मिलीमीटर बारिश हुई।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गुरुद्वारा चौराहा, शिवपुरी से प्रकाशित। संपादक गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, फोन- 403553 ।स्थानीय संपादक दीपक अरोरा*।
आर.एन.आई. नं. एम पी एच आई एन/2000/2530 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।